

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

# दैनिक समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 4 अंकः 71 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शनिवार 20 दिसम्बर 2025 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया


# पीएम मोदी 20 से 21 दिसंबर को असम का दौरे पर, 15,600 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का उद्घाटन

समाज जागरण

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 20-21 दिसंबर को असम की यात्रा पर रहेंगे। शनिवार को प्रधानमंत्री गुवाहाटी पहुंचकर लोकप्रिय गोपीनाथ बारदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन का निरीक्षण और इसका उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर वे एक जनसभा को संबोधित करेंगे।



कल शनिवार को प्रधानमंत्री मोदी गुवाहाटी में लोकप्रिय गोपीनाथ बारदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन करेंगे, यह असम की कनेक्टिविटी, आर्थिक विस्तार और वैश्विक जुड़ाव में एक परिवर्तनकारी उपलब्धि सिद्ध होगा। लगभग 1.4 लाख वर्ग मीटर में विस्तारित नवनिर्मित एकीकृत नया टर्मिनल भवन, रनवे, एयरफील्ड सिस्टम, एप्रन और टैक्सीवे में किए गए बड़े उन्नयन के समर्थन से, प्रति वर्ष 1.3 करोड़ यात्रियों को संभालने की क्षमता के साथ तैयार किया गया है।

भारत का पहला प्रकृति-विषय से जुड़ा यह हवाई अड्डा टर्मिनल, असम की जैव विविधता और सांस्कृतिक विरासत से प्रेरित है, जिसका विषय "बांस के उद्यान" है। टर्मिनल में पूर्वोत्तर से प्राप्त लगभग 140 मीट्रिक टन बांस का अभूतपूर्व उपयोग किया गया है, जो काजीरंगा से प्रेरित हरे-भरे परिदृश्य, जापी आकृतियां, प्रतिष्ठित गैंडे का प्रतीक और कोपो फूल को प्रतिबिंबित करने वाले 57 बाग-विषय वाले स्तंभों से पूरित है। एक अनूठा "आकाश वन", जिसमें लगभग एक लाख स्थानीय प्रजातियों के पौधे हैं और यह यहां आने वाले यात्रियों को वन जैसा अनुभव प्रदान करता है।

यह टर्मिनल यात्रियों की सुविधा और डिजिटल नवाचार के क्षेत्र में नए मानक स्थापित करता है। तेज और सहज सुरक्षा जांच के लिए फुल-बॉडी स्कैनर, डिजियात्रा-सक्षम संपर्क रहित यात्रा, स्वचालित सामान प्रबंधन, त्वरित आव्रजन और एआई-संचालित हवाई अड्डा संचालन जैसी सुविधाएं निर्बाध, सुरक्षित और कुशल यात्रा सुनिश्चित करती हैं।

वहीं, रविवार 21 दिसंबर को सुबह लगभग 9:45 बजे, प्रधानमंत्री गुवाहाटी के बोरागांव स्थित शहीद स्मारक क्षेत्र में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इसके बाद, वे असम के डिब्रूगढ़ जिले के नामरूप जाएंगे, जहां वे असम वैली फर्टिलाइजर एंड केमिकल कंपनी लिमिटेड की अमोनिया-यूरिया परियोजना के लिए भूमि पूजन करेंगे। वे इस अवसर पर एक सभा को संबोधित भी करेंगे। रविवार की सुबह नामरूप जाने से पहले, प्रधानमंत्री शहीद स्मारक क्षेत्र का दौरा करेंगे और ऐतिहासिक असम आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। यह छह वर्ष लंबा जन आंदोलन था, जिसने विदेशियों से मुक्त असम और राज्य की पहचान की रक्षा के लिए सामूहिक संकल्प को मूर्त रूप दिया।

बाद में दिन में, पीएम मोदी असम के डिब्रूगढ़ जिले के नामरूप में ब्रह्मपुत्र घाटी उर्वरक निगम लिमिटेड (बीवीएफसीएल) के वर्तमान परिसर के भीतर स्थित नई ब्राउनफील्ड अमोनिया-यूरिया उर्वरक परियोजना का भूमिपूजन करेंगे।

प्रधानमंत्री के किसान कल्याण के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए, 10,600 करोड़ रुपये से अधिक के अनुमानित निवेश वाली यह परियोजना असम और पड़ोसी राज्यों की उर्वरक आवश्यकताओं को पूर्ण करेगी, आयात पर निर्भरता कम करने के साथ-साथ पर्याप्त रोजगार सृजित करेगी और क्षेत्रीय आर्थिक विकास को गति प्रदान करेगी। यह औद्योगिक पुनरुद्धार और किसान कल्याण की आधारशिला है।

## भारत का शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 8 प्रतिशत बढ़कर 17 लाख करोड़ रुपए के पार

भारत का शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह चालू वित्त वर्ष में अब तक (17 दिसंबर) 8 प्रतिशत बढ़कर 17.04 लाख करोड़ रुपए हो गया है। यह जानकारी सरकार की ओर से शुक्रवार को दी गई। आयकर विभाग की ओर से दी गई जानकारी में बताया गया कि सरकार का कुल सकल कर संग्रह इस साल एक अप्रैल से लेकर 17 दिसंबर तक 20.01 लाख करोड़ रुपए रहा है। इसमें सालाना आधार पर 4 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है।

**चालू वित्त वर्ष में अब तक 2.97 लाख करोड़ रुपए का रिफंड जारी किया गया है**

चालू वित्त वर्ष में अब तक 2.97 लाख करोड़ रुपए का रिफंड जारी किया गया है। इसमें सालाना आधार पर 13.52 प्रतिशत की गिरावट आई है। शुद्ध प्रत्यक्ष कर में कॉरपोरेट टैक्स की हिस्सेदारी 8.17 लाख करोड़ रुपए रही है.

## शुक्रवार को बाजार में जोरदार तेजी, सेंसेक्स 447 अंक चढ़ा

समाज जागरण

भारतीय शेयर बाजार सप्ताह के आखिरी कारोबारी सत्र में बड़ी तेजी के साथ बंद हुआ। दिन के अंत में सेंसेक्स 447.55 अंक या 0.53 प्रतिशत की तेजी के साथ 84,929.36 और निफ्टी 150.85 अंक या 0.58 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,966.40 पर था।

बाजार में तेजी का नेतृत्व ऑटो और रियल्टी शेयरों ने किया। निफ्टी रियल्टी इंडेक्स 1.67 प्रतिशत और निफ्टी ऑटो इंडेक्स 1.23 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। इसके अलावा, आईटी, पीएसयू बैंक, फाइनेंशियल सर्विसेज, फार्मा, एफएमसीजी, मीडिया, एनर्जी, प्राइवेट बैंक , इन्फ्रा और कमोडिटीज हरे निशान में थे।

सेंसेक्स पैक में बीईएल, पावर ग्रिड, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स, एशियन पेंट्स, बजाज फिनसर्व, एलएंडटी, ट्रेंट, एचयूएल, इन्फोसिस, एचडीएफसी बैंक, बजाज फाइनेंस, टेक महिंद्रा, एनटीपीसी, इटरनल (जोमैटो), एमएंडएम, मारुति सुजुकी और अदाणी पोर्ट्स गेनर्स थे। एचसीएल टेक, कोटक महिंद्रा बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और सन फार्म लूजर्स थे।



लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में खरीदारी देखने को मिली। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 718 अंक या 1.20 प्रतिशत की तेजी के साथ 60,310.15 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 230.15 अंक या 1.34 प्रतिशत की तेजी के साथ 17,390.35 पर था।

बाजार के जानकारों ने कहा कि वैश्विक बाजारों में तेजी की वजह अमेरिकी के महंगाई के आंकड़ों का अनुमान से कम आना था, जिससे इस बात को बल मिला है कि आने वाले समय में फेड की ओर से ब्याज दरों को और कम किया जाएगा। दूसरी तरफ घरेलू संकेत मजबूत रहे हैं।

उन्होंने आगे कहा कि हालांकि, भारत-अमेरिका ट्रेड डील को लेकर निवेशक सतर्क बने हुए हैं और आने वाले समय में इस पर अपडेट बाजार की दिशा तय करेंगे।

## एआई की ताकत से भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था 2030 तक 1.2 ट्रिलियन डॉलर की ओर



भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2029-30 तक करीब 1.2 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने की संभावना है। इसका सबसे बड़ा कारण आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की बढ़ती क्षमता और इसका व्यापक उपयोग है, जो आने वाले समय में देश की प्रगति को नई दिशा देगा। यह जानकारी शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई।

**भारत का एआई बाजार वर्ष 2027 तक लगभग 17 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है**

टीमलीज डिजिटल की रिपोर्ट के अनुसार, भारत का एआई बाजार वर्ष 2027 तक लगभग 17 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। साथ ही, एआई पेशेवरों की संख्या भी करीब 12.5 लाख तक पहुंचने की उम्मीद है, जो वैश्विक एआई टैलेंट का लगभग 16% होगा। इससे स्पष्ट है कि भारत इस क्षेत्र में दुनिया के अग्रणी देशों में शामिल हो रहा है।

**उच्च मूल्य वाली एआई भूमिकाओं में तेजी से वृद्धि**

रिपोर्ट में कहा गया है कि यह तेज वृद्धि मुख्य रूप से एंटरप्राइज एआई पर बढ़ते खर्च, राष्ट्रीय डिजिटल प्लेटफॉर्म और मजबूत एसटीईएम शिक्षा पाइपलाइन के कारण हो रही है। उच्च मूल्य वाली एआई भूमिकाओं में तेजी से वृद्धि हो रही है, जबकि पारंपरिक नौकरियों की मांग अपेक्षाकृत स्थिर बनी हुई है।

**रिपोर्ट में छह प्रमुख एआई स्किल्स का उल्लेख**

रिपोर्ट में छह प्रमुख एआई स्किल्स का उल्लेख किया गया है, जिनकी वर्ष 2026 में सबसे अधिक मांग रहने की संभावना है। इनमें सिमुलेशन गवर्नेंस (26-35 लाख रुपए प्रति वर्ष तक वेतन), एजेंट डिजाइन (25-32 लाख रुपए प्रति वर्ष), एआई ऑर्केस्ट्रेशन (24-30 लाख रुपए प्रति वर्ष), प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग (22-28 लाख रुपए प्रति वर्ष), एलएलएम सेफ्टी एंड ट्यूनिंग (20-26 लाख रुपए प्रति वर्ष) और एआई कंप्लायंस एंड रिस्क ऑपरेशंस (18-24 लाख रुपए प्रति वर्ष) शामिल हैं।

**वैश्विक स्तर पर लगभग 40% नौकरियों पर एआई का प्रभाव पड़ने की उम्मीद**

रिपोर्ट के मुताबिक, वैश्विक स्तर पर लगभग 40% नौकरियों पर एआई का प्रभाव पड़ने की उम्मीद है, विशेष रूप से आईटी सेवाओं, हेल्थकेयर, बीएफएसआई (बैंकिंग, फाइनेंस और इंश्योरेंस) तथा कस्टमर एक्सपीरियंस से जुड़े क्षेत्रों में।

**एआई केवल डेटा साइंस तक सीमित नहीं**

रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि कंपनियां अब एआई को केवल डेटा साइंस तक सीमित नहीं रख रही हैं, बल्कि इसे नेतृत्व, संचालन, जोखिम प्रबंधन और अनुपालन जैसे क्षेत्रों में भी लागू कर रही हैं। इसके चलते बड़े पैमाने पर कौशल विकास और मानव-एआई वर्कफ्लो पर जोर दिया जा रहा है।

**एंटरप्राइज-ग्रेड एआई स्किल्स की सबसे अधिक मांग**

सबसे अधिक मांग सामान्य एआई भूमिकाओं के बजाय एंटरप्राइज-ग्रेड एआई स्किल्स की है, जो गवर्नेंस, भरोसे, समन्वय और स्केलेबिलिटी के लिए आवश्यक हैं। इन कौशलों की मांग बेंगलुरु, हैदराबाद और पुणे जैसे प्रमुख शहरों में अधिक है, जहां ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर, एआई-फर्स्ट स्टार्टअप्स और बड़े एंटरप्राइज सक्रिय हैं।

## ग्रेटर नोएडा वेस्ट: अमरपाली गोल्फ होम्स और किंग्सवुड पार्क सोसायटी में लिफ्ट में फंसी महिलाएं

ग्रेटर नोएडा वेस्ट, 19 दिसंबर 2025: अमरपाली गोल्फ होम्स और किंग्सवुड पार्क सोसायटी के एक टावर में लिफ्ट में महिलाएं फंस गईं। निवासियों का आरोप है कि काफी देर तक मदद के लिए आवाज लगाने और अलार्म बजाने के बावजूद कोई सुरक्षा गार्ड मौके पर नहीं पहुंचा।

## लोकसभा का सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित, 111 प्रतिशत रही सभा की उत्पादकता

समाज जागरण

लोकसभा का छठा सत्र आज शुक्रवार को औपचारिक रूप से अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। सत्र की कार्यवाही समाप्ति से पहले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन को संबोधित करते हुए इस सत्र की उपलब्धियों, कार्य संस्कृति और सांसदों के सहयोग के लिए धन्यवाद व्यक्त किया।



ओम बिरला ने कहा कि हम 18वीं लोकसभा के छठे सत्र के अंत पर पहुंच चुके हैं। इस अवधि में सदन की 15 बैठकों का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न विधायी और अन्य कार्यों के चलते इस सत्र की उत्पादकता लगभग 111 प्रतिशत रही। उन्होंने कहा, "माननीय सदस्यगण, अब हम 18वीं लोक लोकसभा के छठे सत्र की समाप्ति की ओर आ गए हैं। इस सत्र में हमने 15 बैठकें कीं। आप सभी के सहयोग से इस सत्र में सभा की उत्पादकता लगभग 111 प्रतिशत रही। इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं।"

## पश्चिम चम्पारण सहित 27 ज़िलों में ठंड का रेड अलर्ट, घना कोहरा और शीतलहर का कहर, गिर सकता है तापमान

समाज जागरण

बिहार में कड़ाके की ठंड का सिलसिला शुरू हो चुका है.बफीर्ली हवाओं की वजह से तापमान इस कदर लुढ़क रहा है, मानों इस बार की ठंड पिछले कई वर्षों के रिकॉर्ड को तोड़ने के लिए आतुर है.गांव हो या शहर, घने कोहरे की चादर ने विजिबिलिटी को लगभग शून्य कर दिया है.धूप में नमी महसूस हो रही है जिससे दोपहर में भी ठंड का एहसास हो रहा है.स्थिति को गंभीर बनाने वाली बात यह है कि शुक्रवार को मौसम विभाग ने पश्चिम चम्पारण सहित सूबे के करीब 27 जिलों के लिए अलर्ट जारी किया है.शीतलहर और लगातार गिरते तापमान की वजह से सूबे में कोल्ड डे का अलर्ट भी जारी कर दिया गया है.

**घना कोहारा और शीतलहर के बढ़ने की आशंका**



मौसम विभाग की मानें तो, पटना में बीते 24 घंटे के अंदर अधिकतम तापमान में करीब 6 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है.अनुमान लगाया जा रहा है कि आने वाले दिनों में राज्य भर में ठंड की स्थिति और भी गंभीर होने वाली है.पछुआ हवा के प्रभाव से शीतलहर का असर बढ़ने की आशंका है19 दिसंबर को घने से घना कोहरा छाए रहने का पूवार्नुमान जताया गया है.

भीषण ठंड की चपेट में 27 ज़िले जिन जिलों में शीतलहर का अधिक प्रभाव रहने की संभावना है उनमें पश्चिम चम्पारण, पूर्वी चम्पारण, गोपालगंज,सीतामढ़ी, शिवहर, सिवान, मुजफ्फरपुर, वैशाली, समस्तीपुर, बक्सर, भोजपुर, पटना, नालंदा, अरवल, रोहतास, भभुआ, औरंगाबाद, गया, जहानाबाद, नवादा, शेखपुरा, दरभंगा, बेगूसराय और मधुबनी शामिल हैं.गौर करने वाली बात यह है कि घने कोहरे का असर सिर्फ ग्रामीण क्षेत्रों में ही नहीं, बल्कि शहरी क्षेत्र में भी खूब देखने को मिल रहा है.

## हाड़ कपाऊ ठंड व घने कोहरे के चलते यूपी में 3 दिन का हाई अलर्ट

समाज जागरण

लोनी, 19 दिसंबरः बदलते मौसम के साथ अचानक हाड़ कपाऊ ठंड और डरावनी शीतलहर के कारण पूरे प्रदेश में आम लोगों का जनजीवन पूरी तरह प्रभावित है।

भयावय हवाओं और बदलते मौसम की अशांति के चलते कड़ाके की ठंड ने पूरे प्रदेश को अपनी चपेट में ले लिया है।

ऐसे चिंताजनक हालातो के मध्यनजर राज्य सरकार ने आगामी तीन दिनों तक अत्यधिक सावधानी बरतने की अपील की है।

प्रदेश के राहत आयुक्त हृषिकेश भास्कर याशोद ने सभी 75 जिलों के जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को पत्र भेजकर शीतलहर की चेतावनी आम जनता तक पहुंचाने और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं।




भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले दो से तीन दिनों तक कई इलाकों में दृश्यता शून्य तक गिर सकती है। इसी को ध्यान में रखते हुए सरकार ने लोगों से अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलने की अपील की है। तेज ठंड के कारण बरेली, कानपुर, आगरा, कासगंज और जौनपुर समेत कई जिलों में 20 दिसंबर तक स्कूलों को बंद कर दिया गया है। वहीं लखनऊ, बागपत सहित करीब 10 जिलों में स्कूलों के समय में बदलाव करते हुए कक्षाएं सुबह 9 और 10 बजे से संचालित करने के आदेश दिए गए हैं।

मौसम के रिकॉर्ड की बात करें तो बरेली में ठंड ने पिछले आठ वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है, जबकि कानपुर 6 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ प्रदेश का सबसे ठंडा शहर दर्ज किया गया।

घने कोहरे का असर परिवहन व्यवस्था पर भी साफ नजर आ रहा है। प्रदेश में 50 से अधिक ट्रेनें घंटों की देरी से चल रही हैं। लखनऊ और वाराणसी समेत कई प्रमुख हवाई अड्डों पर दर्जनों उड़ानें रद्द या डायवर्ट करनी पड़ी हैं। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार, 20 दिसंबर तक मौसम में विशेष सुधार के आसार नहीं हैं। मुख्य रूप से पूर्वी उत्तर प्रदेश में आगामी चार दिनों तक घने कोहरे का प्रभाव बने रहने की आशंका जताई गई है।

## गुरुग्राम: साइबर पार्क में सिक्योरिटी गार्ड ने मर्सिडीज कार तोड़ी-फोड़ी, ड्राइवर ने पहले की थी मारपीट

गुरुग्राम, 19 दिसंबर 2025: साइबर पार्क, सेक्टर 31 में एक सुरक्षा गार्ड ने गुस्से में मर्सिडीज कार को लाठी-डंडों से तोड़ दिया। यह विवाद गलत साइड ड्राइविंग को लेकर हुआ था।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, कार ड्राइवर ने पहले सुरक्षा गार्ड पर हमला किया था। इस घटना के बाद गार्ड ने प्रतिक्रिया स्वरूप गाड़ी को क्षतिग्रस्त कर दिया।

पुलिस ने बताया कि दोनों पक्षों की शिकायतों के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# ममता में गांधी, गांधी में ममता




पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने महात्मा गांधी के नाम पर राज्य सरकार की रोजगार गारंटी योजना 'कर्मश्री' की घोषणा कर महात्मा गांधी के नाम से चल रही मनरेगा जैसी योजना को खत्म करने का जो जबाब दिया वो बेमिसाल है.ममता ने साबित कर दिया है कि न ममता के भीतर का गांधी मरा है और न गांधी के भीतर का ममत्व. ममता बनर्जी ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाया जाना बेहद शर्मनाक है। ममता बनर्जी ने कहाकि अगर वह लोग राष्ट्रपिता को सम्मान नहीं दे सकते तो हम देंगे।

* ममता बनर्जी ने भारत सरकार की गांधी विरोधी हरकत का विरोध करने के लिए कांग्रेसी सांसदों की तरह जी राम जी विधेयक की प्रतियां नहीं फाडीं लेकिन जिस त्वरित और तत्पर बुद्धि से महात्मा गांधी कर्मश्री योजना शुरू करने का ऐलान किया, वो काबिले तारीफ है.

* ममता बनर्जी मूलतः कांग्रेसी हैं और गांधीवादी विचारधारा से ही आगे बढीं हैं. उन्होने 1998 में कांग्रेस के तत्कालीन नेतृत्व से असंतुष्ट होकर कांग्रेस छोडकर तृणमूल कांग्रेस बनाई थी लेकिन कांग्रेसी विचार और गांधी को नहीं छोडा. बल्कि गांधीवाद के जरिए ही बंगाल में वामपंथ का साम्राज्य उखाड फेंका था.ममता बनर्जी 2011 से बंगाल को अपना अभेद गढ बनाए हुए हैं.

* दरअसल ममता के भीतर जो गांधी है वो ही गांधी करोडों भारतीयों के दिलो- दिमाग में भी है. इसलिए गांधी मुक्त भारत की कल्पना ही बेमानी है. हालांकि गांधी नाम के मोहताज नहीं हैं फिर भी जिस तरह से गांधी विरोधी मुहिम भाजपा और संघ देश में चला रहा है उससे जाहिर है कि भाजपा 45 साल बाद भी देश की आत्मा को नहीं पहचान सकी.

* एक हकीकत ये है कि महात्मा गांधी न कांग्रेस थे और न कांग्रेस महात्मा गांधी. वे तो भारतीय आत्मा थे जिसे कांग्रेस ने अपनी विरासत बनाया. ममता ने भी जब कांग्रेस छोडी तब गांधी को नहीं छोडा. वे गांधी को अपने साथ ले आई. और जब गांधी बनाम जी राम जी का द्वंद शुरू हुआ तो वे कांग्रेस से आगे गांधी के साथ खडी नजर आई. भाजपा की गांधीविरोधी मानसिकता पर प्रहार के लिए ममता बनर्जी ने जो कदम उठाया वो कांग्रेसी राज्य सरकारें भी उठा सकतीं थीं लेकिन किसी कांग्रेसी सरकार को कुछ सूझा ही नहीं.

* ममता बनर्जी की ही तरह भाजपा से बगावत करने वाली उमा भारती ने भी एक पार्टी बनाई थी किंतु वे न पार्टी चला सकीं न सरकार, क्योंकि उनके पास कोई गांधी था ही नहीं. जो थे वे उन्हे आगे बढा नहीं सके. मुझे लगता है कि ममता बनर्जी को एक बार फिर केंद्र की राजनीति में वापस लौटना चाहिए, क्योंकि देश को उन जैसे पढे-लिखे जुझारु नेता और नेतृत्व की जरुरत है.

* ममता बनर्जी के पास इनर्जी भी है और असली डिग्रियां भी. वे हिंदू भी हैं और ब्राम्हण भी. उन्होने इस्लामिक इतिहास भी पढा है. वे परास्नातक ही नहीं बल्कि पीएचडी उपाधि धारक भी हैं. यानि चाहे मोदीजी हों चाहे राहुल गांधी दोनों से ज्यादा शिक्षित नेता हैं वे. उनकी स्वीकार्यता हो सकती है. कांग्रेस को इंडिया गठबंधन की गांठों को और मजबूत करते हुए ममता बनर्जी को अपने गठबंधन का मुखिया बना देना चाहिए.

* बहरहाल महात्मा बनाम जी राम जी की लडाई ज्यादा दिन नहीं चलेगी. रामजी मंदिर छोडकर राजनीति करने नहीं आएंगे. देश में राजनीतिक विचार तो महात्मा गांधी का ही चलेगा. भाजपा चाहे जितना कस-बल लगा ले.भाजपा ने गांधी से लडना तो 11 साल पहले तभी शुरू कर दिया था जब खादी ग्रामोद्योग के केलेंडर से गांधी को बेदखल कर भाजपा के महात्मा मोदी की तस्वीर छापी थी.हमारे अग्रज कमर वहीद नकवी ने उसी समय लोकमत समाचार में लेख लिखकर देश को आगाह किया था, तब किसी ने ध्यान नहीं दिया.

* भारत में गांधी की हत्या एक हकीकत है, किंतु गांधी मरकर भी नहीं मरे ये, दूसरी हकीकत है. भाजपा इसी से खीजी हुई है. वो एक बार फिर गांधी विचार की हत्या करना चाहती है. दुर्भाग्य ये है कि अबकी ये वैचारिक कत्ल हमारे सूबे के शिवराज सिंह चौहान से कराया गया है बतौर केंद्रीय कृषिमंत्री.अब हम भी यहीं हैं और आप भी. देखिए कि गांधी का क्या होता है? एक बार फिर गांधी को जी रही ममता बनर्जी को साधुवाद.

@राकेश अचल

# भाजपा की राजनीति युवा कंधों पर, कांग्रेस में परिवारवाद और वरिष्ठता हावी

राहुल गांधी जब भी सार्वजनिक मंच से बोलते हैं, तो ऐसा आभास देते हैं मानो अगला प्रधानमंत्री बनना अब बस औपचारिकता भर रह गया हो। लेकिन सियासत भावनाओं से नहीं, आंकड़ों और नतीजों से चलती है। 2014, 2019 और 2024 तीन लोकसभा चुनाव बीत चुके हैं और तीनों में जनता ने राहुल गांधी के नेतृत्व को स्वीकार नहीं किया। इसके बावजूद वे उसी आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ते दिखते हैं। राजनीति में रिटायरमेंट की कोई तय उम्र नहीं होती, लेकिन लोकतंत्र में जनता बार-बार किसी नेता को नकार दे, तो वह खुद एक बड़ा संकेत होता है। राहुल गांधी आज 55 वर्ष के हैं। अगर वे किसी सरकारी या गैर-सरकारी संस्था में होते, तो अगले पाँच साल में रिटायरमेंट की तैयारी शुरू हो जाती। राजनीति में वे रिटायर नहीं होंगे, लेकिन उनके सामने जो खतरे खड़े हो रहे हैं, वे अब नजरअंदाज करने लायक नहीं रहे। राहुल गांधी के स्वभाव और राजनीतिक शैली पर लंबे समय से सवाल उठते रहे हैं। नकारात्मक राजनीति उनके भाषणों का स्थायी हिस्सा बन चुकी है। कभी चौकीदार चोर है, कभी वोट चोर, कभी गद्दी छोड़ो हर चुनाव के बाद नया नारा, लेकिन नतीजा वही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार उन्हें हर हाल में चोर ही नजर आती है। समस्या यह नहीं कि वे सवाल उठाते हैं, समस्या यह है कि जनता को उनके सवालों में समाधान नहीं दिखता। विपक्ष की भूमिका निभाने और वैकल्पिक नेतृत्व देने के बीच जो फर्क होता है, राहुल गांधी आज भी उसी रेखा को नहीं पकड़ पाए हैं।

बीते महीनों में कांग्रेस के भीतर से ही जो आवाजें उठी हैं, वे राहुल गांधी की राजनीति के लिए नए खतरे का संकेत देती हैं। ओडिशा के पूर्व विधायक मोहम्मद मोकीम का पत्र कोई मामूली घटना नहीं थी। उन्होंने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की उम्र पर सवाल उठाते हुए कहा कि कांग्रेस युवाओं से कटती जा रही है और नेतृत्व में बदलाव की जरूरत है। इसी पत्र में उन्होंने राहुल गांधी पर भी इशारों-इशारों में कहा कि वे पार्टी कार्यकताओं और युवाओं से कनेक्ट नहीं कर पा रहे हैं। कांग्रेस ने आत्ममंथन करने के बजाय मोकीम को निष्कासित कर दिया। यह वही पुरानी कांग्रेस है, जो आईना दिखाने वालों को बाहर का रास्ता दिखा देती है। इंडिया गठबंधन के भीतर भी राहुल गांधी के नेतृत्व को लेकर असहजता अब खुलकर दिखने लगी है। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने वोट चोरी के आरोपों को सार्वजनिक तौर पर खारिज कर दिया। ममता बनर्जी लोकसभा चुनाव के बाद ही नेतृत्व परिवर्तन की बात कह चुकी हैं। शरद पवार, अखिलेश यादव और लालू यादव जैसे नेता भी निजी बातचीत में यही संकेत देते रहे हैं कि कांग्रेस को अब आत्मकेंद्रित राजनीति छोड़नी होगी। सवाल साफ है अगर अपने ही सहयोगी राहुल गांधी पर भरोसा नहीं कर पा रहे, तो देश कैसे करेगा?

राहुल गांधी खुद को युवाओं का नेता बताने की कोशिश करते हैं। वे जेन-जी की बात करते हैं, आंदोलन की वकालत करते हैं, सोशल मीडिया पर युवाओं को संबोधित करते हैं। लेकिन 2029 में जब अगला लोकसभा चुनाव होगा, तब राहुल गांधी 59 वर्ष के होंगे। जेन-जी वह पीढ़ी है, जिसकी उम्र आज 13 से 28 वर्ष के बीच है। यह मान लेना कि 60 के करीब पहुंचा नेता किशोरों और युवाओं की मानसिकता का नेतृत्व करेगा, सियासत की हकीकत से आंख चुराने जैसा है। युवाओं को केवल भाषण नहीं चाहिए, उन्हें अवसर, नेतृत्व और भविष्य की स्पष्ट तस्वीर चाहिए जो कांग्रेस आज तक नहीं दे पाई। इसके उलट भारतीय जनता पार्टी ने साफ तौर पर युवा नेतृत्व की ओर शिफ्ट करना शुरू कर दिया है। दिसंबर 2025 में बिहार के मंत्री और पांच बार के विधायक नितिन नबीन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाया जाना सिर्फ एक नियुक्ति नहीं है, यह एक राजनीतिक संदेश है। भाजपा ने यह साफ कर दिया है कि भविष्य की राजनीति युवाओं के कंधों पर लड़ी जाएगी। संगठन से लेकर सरकार तक, 50 से 55 वर्ष की उम्र के नेताओं को जिम्मेदारी दी जा रही है। योगी आदित्यनाथ, देवेंद्र फडणवीस, पुष्कर सिंह धामी, मोहन यादव ये सभी चेहरे दिखाते हैं कि भाजपा लंबी राजनीतिक पारी की तैयारी कर रही है।

कांग्रेस की हालत इसके ठीक उलट है। सचिन पायलट जैसे नेता सालों से इंतजार में हैं। कर्नाटक में डीके शिवकुमार आज भी मुख्यमंत्री बनने का सपना देख रहे हैं। शशि थरूर को लोकप्रियता के बावजूद किनारे रखा गया। कन्हैया कुमार जैसे नेता इस्तेमाल से ज्यादा उपेक्षा के शिकार हुए। नतीजा यह हुआ कि ज्योतिरादित्य सिंधिया, जितिन प्रसाद, जयवीर शेरगिल जैसे युवा चेहरे कांग्रेस छोड़कर भाजपा में चले गए। कांग्रेस आज भी वरिष्ठता और परिवारवाद की दीवार में उलझी हुई है। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को युवा चेहरा कहा जाता है, लेकिन पार्टी के भीतर अंतिम फैसले आज भी सोनिया गांधी के इर्द-गिर्द घूमते हैं। कर्नाटक संकट हो या संगठनात्मक फेरबदल, आखिरी नजर उन्हीं पर जाती है। यह स्थिति उस पार्टी की है, जो खुद को लोकतंत्र की संरक्षक बताती है।

कांग्रेस का अंदरूनी कलह उसकी सबसे बड़ी कमजोरी बन चुका है। हरियाणा और दिल्ली में आम आदमी पार्टी से टकराव, बिना सहयोगियों को भरोसे में लिए राष्ट्रीय रैलियां, गठबंधन धर्म की अनदेखी ये सब राहुल गांधी की राजनीतिक समझ पर सवाल खड़े करते हैं। विपक्ष को जोड़ने का दावा करने वाले नेता के कदम अगर खुद बिखराव पैदा करें, तो खतरा स्वाभाविक है। सबसे बड़ा खतरा उम्र नहीं, बल्कि समय से तालमेल न बैठा पाना है। भाजपा जहां युवाओं को आगे कर रही है, वहीं कांग्रेस बूढ़ों की फौज बनती जा रही है। राहुल गांधी चाहे जितना युवा दिखने की कोशिश करें, सच्चाई यही है कि पांच साल बाद वे भी उसी कतार में होंगे, जिसकी ओर मोकीम ने अपने पत्र में इशारा किया था। भारतीय राजनीति अब धैर्य नहीं, दिशा मांगती है। जनता को सपना नहीं, रोडमैप चाहिए। राहुल गांधी आज भी संघर्ष और शिकायत के बीच फंसे हुए हैं। अगर यही रफ्तार रही, तो आने वाले सालों में उनके लिए सबसे बड़ा खतरा विरोधी नहीं, बल्कि समय साबित होगा।



अजय कुमार, वरिष्ठ पत्रकार

# अमेरिका ने वैश्विक नेतृत्व से कदम पीछे खींचे, हिंद-प्रशांत में भारत की भूमिका जारी रहने के संकेत

अमेरिका की नई राष्ट्रीय सुरक्षा नीति वैश्विक नेतृत्व से पीछे हटने और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत की भूमिका की निरंतरता का संकेत देती है

कई सप्ताह पहले ऐसी खबर आई थी कि ट्रंप प्रशासन एक राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति (एनएसएस) दस्तावेज पर काम कर रहा है जो राष्ट्रपति के रूप में उनके शेष कार्यकाल के दौरान विदेश नीति और रक्षा नीति को लेकर उनके इरादे दर्शाएगा। इसे जारी करने में कुछ देरी ही हुई क्योंकि दस्तावेज के प्रस्तावों पर विभिन्न समूहों ने आपत्ति जताई थी, जिनमें मेक अमेरिका ग्रेट अगेन (मागा) समर्थक आधार, रिपब्लिकन पार्टी का पारंपरिक अभिजात वर्ग और विदेश नीति तथा सुरक्षा प्रतिष्ठान शामिल थे। ये अब भी प्रभावशाली हैं, यद्यपि इस प्रशासन के तहत उनका प्रभाव कम हो गया है।

मागा समर्थक वर्ग की वैचारिक छाप स्पष्ट नजर आती है। उदाहरण के लिए यूरोपीय सहयोगियों पर खुले हमलों में, जहां वर्तमान सरकारों को वैचारिक विरोधी के रूप में निशाना बनाया गया। यह लगभग उसी तरह है जैसे इस वर्ष फरवरी में म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने यूरोप की मुख्यधारा की राजनीतिक पार्टियों की सरकारों की तीखी आलोचना की थी। उन्होंने उन पर आरोप लगाया कि वे जर्मनी की एएफडी जैसी दक्षिणपंथी राजनीतिक पार्टियों को दबाकर लोकतांत्रिक सिद्धांतों को कमजोर कर रही हैं। कहा गया कि यूरोप की पूरी सभ्यता खतरे में है। खासतौर पर इसलिए कि उसने ट्रंप प्रशासन की आप्रवासन विरोधी नीतियों का पालन नहीं किया और इस कारण अपनी यूरोपीय पहचान खो सकता है।

अमेरिका के यूरोपीय साझेदारों पर भी यूक्रेन में शांति स्थापित करने के प्रयासों में बाधा डालने का आरोप लगाया गया है, जबकि कहा जाता है कि यूरोप की जनता युद्ध समाप्त करने का समर्थन करती है। एनएसएस अपने एक प्रमुख उद्देश्य के रूप में यूरोप और रूस के बीच रणनीतिक स्थिरता की पुनर्स्थापना की आवश्यकता को रेखांकित करती है। आश्चर्य नहीं कि रूस ने एनएसएस का स्वागत किया है क्योंकि यह उसके हितों के अनुरूप नजर आती है।



एनएसएस को व्यापक अर्थों के अलावा अमेरिकी विदेशी नीति और सुरक्षा नीति के निर्देशक के रूप में नहीं देखा जा सकता है। फिर भी यह यूरोप के साथ जुड़ाव में एक बदली हुई मानसिकता को दशार्ती है। एक संगठित पश्चिम की धारणा अब अस्तित्व में नहीं रही है, जिससे यूरोप अस्तित्व के संकट का सामना कर रहा है।

एनएसएस पश्चिमी गोलार्ध पर रणनीतिक रूप से ध्यान केंद्रित करने की पुष्टि करती है। आर्कटिक से अंटार्कटिका तक पश्चिमी गोलार्ध पर निर्विवाद प्रभुत्व को, जिसे मोनरो सिद्धांत का ट्रंप परिशिष्ट कहा गया है, अमेरिका के अग्रणी शक्ति बने रहने की कुंजी के रूप में प्रस्तुत किया गया है। यह सिद्धांत अमेरिकी राष्ट्रपति जेम्स मोनरो ने 1823 में स्थापित किया था ताकि किसी भी यूरोपीय या बाहरी शक्ति को अमेरिका महाद्वीप में प्रभाव डालने से रोका जा सके। ट्रंप इस नीति को पुनर्जीवित करने का दावा कर रहे हैं।

वेनेजुएला के खिलाफ विशाल सैन्य शक्ति का मौजूदा प्रदर्शन इसी इरादे का प्रमाण है। इस क्षेत्रीय बदलाव के साथ-साथ वैश्विक प्रभुत्व बनाए रखने के उद्देश्य को स्पष्ट रूप से अस्वीकार किया गया है; इसके बजाय अन्य भू-राजनीतिक क्षेत्रों में शक्ति संतुलन को अपनाया गया है और इसमें हिंद-प्रशांत क्षेत्र भी शामिल है।

अमेरिका जब अपने लिए वैश्विक प्रभुत्व की दुर्भाग्यपूर्ण अवधारणा को अस्वीकार कर रहा है, हमें दूसरों के वैश्विक और कुछ मामलों में क्षेत्रीय प्रभुत्व को रोकना होगा (नोटः पश्चिमी गोलार्ध में अपने लिए एक अपवाद बनाते हुए)। इसके बाद एक असाधारण वक्तव्य आता है, जो विश्व मामलों के प्रबंधन में अन्य प्रमुख शक्तियों को साथ लेने की आशा को दशार्ता है।

वह यह कि बड़े, अधिक संपन्न और अधिक शक्तिशाली राष्ट्रों का अत्यधिक प्रभाव अंतरराष्ट्रीय संबंधों का एक शाश्वत सत्य है। यह वास्तविकता कभी-कभी उन साझेदारों के साथ काम करने की मांग करती है, जिनके साथ मिलकर हम उन महत्त्वाकांक्षाओं को विफल कर सकें जो हमारे साझा हितों को खतरे में डालती हैं।

यही वह पृष्ठभूमि है जिसके आधार पर ट्रंप बार-बार रूस को जी-7 में पुनः शामिल करने और चीन को इस समूह में आमंत्रित करने की बात करते रहे हैं।

एनएसएस में हिंद-प्रशांत को लेकर कोई अलग हिस्सा नहीं है, जबकि 2017 में ट्रंप प्रशासन द्वारा अपनाई गई एनएसएस में इस क्षेत्र को लेकर रणनीति प्रस्तुत की गई थी, जिसमें क्वाड्रिलैटरल (अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, जापान और भारत) के पुनर्जीवन ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसके स्थान पर अब एक भाग है जिसका शीर्षक है : ह्यएशियाः आर्थिक भविष्य बनाएं, सैन्य टकराव रोकेंह्ल इसमें यह स्वीकार किया गया है कि हिंद-प्रशांत ह्यपहले से ही है और आने वाले शताब्दी में भी प्रमुख आर्थिक और भू-राजनीतिक संघर्ष क्षेत्रों में से एक रहेगा।ह्ल

अमेरिका को हिंद-प्रशांत में सफलतापूर्वक प्रतिस्पर्धा करनी होगी और इस उद्देश्य के लिए राष्ट्रपति ट्रंप को ह्यहिंद-प्रशांत में गठबंधनों के निर्माण और साझेदारियों को मजबूत करनेह्ल का श्रेय दिया गया है, जो भविष्य में लंबे समय तक सुरक्षा और समृद्धि की नींव बनेगा।

इस संदर्भ में चीन का उल्लेख नहीं किया गया है लेकिन स्पष्ट रूप से वही निशाने पर है। बहरहाल, इसे चीन के साथ प्रस्तावित प्रतिस्पर्धा के मूलतः आर्थिक और तकनीकी आयाम से संतुलित करना होगा, जिसमें सफलता अधिक प्रभावी निरोध को संभव बनाएगी। सैन्य श्रेष्ठता बनाए रखने को प्राथमिकता के रूप में संदर्भित किया गया है। इस श्रेष्ठता को इस रूप में स्पष्ट किया गया है कि अमेरिका और उसके सहयोगी ऐसे किसी भी प्रयास को विफल कर सकें जो ताइवान पर कब्जा करने या ऐसी शक्ति-संतुलन की स्थिति बनाने की कोशिश करे जो हमारे लिए इतना प्रतिकूल हो जाए कि ताइवान की रक्षा करना असंभव हो जाए।

यह तकरीबन वैसा ही है जैसे कि चीन द्वारा ताइवान पर हमले के विरुद्ध उसकी रक्षा की प्रतिबद्धता। उत्तर कोरिया के मुद्दे को सुरक्षा चिंता के रूप में नजरअंदाज किया गया है। सामान्य रूप से देखें तो आतंकवाद, परमाणु हथियारों का प्रसार और महामारी जैसी वैश्विक चुनौतियों का कोई उल्लेख नहीं मिलता। बहुपक्षीय संस्थाओं और दृष्टिकोणों को राष्ट्रीय संप्रभुता के इस्तेमाल से ध्यान भटकाने वाला माना गया है।

# सोहन सिंह भकना

बाबा सोहन सिंह भकना (जन्म- जनवरी, 1870, अमृतसर; मृत्यु- 20 दिसम्बर, 1968) भारत की आजादी के लिए संघर्षरत क्रांतिकारियों में से एक थे। वे अमेरिका में गठित 'गदर पार्टी' के प्रसिद्ध नेता थे। लाला हरदयाल ने अमेरिका में 'पैसिफि क कोस्ट हिन्दी एसोसियेशन' नाम की एक संस्था बनाई थी, जिसका अध्यक्ष सोहन सिंह भकना को बनाया गया था। इसी संस्था के द्वारा 'गदर' नामक समाचार पत्र भी निकाला गया और इसी के नाम पर आगे चलकर संस्था का नाम भी 'गदर पार्टी' रखा गया। अपनी क्रांतिकारी गतिविधियों के कारण सोहन सिंह जी को गिरफ्तार कर आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। अंग्रेज सरकार उन्हें पूरे 16 वर्ष तक जेल में रखना चाहती थी, किंतु उनके स्वास्थ्य को गिरता देख सरकार को उन्हें रिहा करना पड़ा।

### जन्म तथा शिक्षा

बाबा सोहन सिंह भकना का जन्म जनवरी, 1870 ई. में अमृतसर ज़िले, पंजाब के 'खुतराई खुर्द' नामक गाँव में एक संपन्न किसान परिवार में हुआ था। उनके पिता का नाम भाई करम सिंह और माँ का नाम राम कौर था। सोहन सिंह जी को अपने पिता का प्यार अधिक समय तक प्राप्त नहीं हो सका। जब वे मात्र एक वर्ष के थे, तभी पिता का देहांत हो गया। उनकी माँ रानी कौर ने ही उनका पालन-पोषण किया। आंरभ में उन्हें धार्मिक शिक्षा दी गई। ये शिक्षा उन्होंने गाँव के ही गुरुद्वारे से प्राप्त की। ग्यारह वर्ष की उम्र में प्राइमरी स्कूल में भर्ती होकर उन्होंने उर्दू पढ़ना आंरभ किया।

### विवाह

जब सोहन सिंह दस वर्ष के थे, तभी उनका विवाह बिशन कौर के साथ हो गया, जो लाहौर के समीप के एक जमींदार कुशल सिंह की पुत्री थीं। सोहन सिंह जी ने सोलह वर्ष की उम्र में अपनी स्कूली शिक्षा पूर्ण की। वे उर्दू और फारसी में दक्ष थे। युवा होने पर सोहन सिंह बुरे लोगों की संगत में पड़ गये। उन्होंने अपनी संपूर्ण पैतृक संपत्ति शराब पीने और अन्य व्यर्थ के कार्यों में गवाँ दी। कुछ समय बाद उनका संपर्क बाबा केशवसिंह से हुआ। उनसे मिलने के बाद उन्होंने शराब आदि का त्याग कर दिया।

### विदेश यात्रा

अपनी आजीविका की खोज में अब सोहन सिंह अमेरिका जा पहँचे। उनके भारत छोड़ने से पहले ही लाला लाजपतराय आदि अन्य देशभक्त राष्ट्रीय आंदोलन आंरभ कर चुके थे। इसकी भनक बाबा सोहन सिंह के कानों तक भी पहुँच चुकी थी। सोहन सिंह 40 वर्ष की उम्र में सन 1907 में अमेरिका पहुँचे। वहाँ उन्हें एक मिल में काम मिल गया। लगभग 200 पंजाब निवासी वहाँ पहले से ही काम कर रहे थे। किंतु इन लोगों को वेतन बहुत कम मिलता था और विदेशी उन्हें तिरस्कार की दृष्टि से देखते थे। सोहन सिंह जी को यह समझते देर नहीं लगी कि उनका यह अपमान भारत में अंग्रेजों की गुलामी के कारण हो रहा है। अतः उन्होंने देश की आजादी के लिए स्वयं के संगठन का निर्माण करना आरम्भ कर दिया।

### क्रांतिकारी गतिविधियाँ

क्रांतिकारी लाला हरदयाल अमेरिका में ही थे। उन्होंने 'पैसिफि क कोस्ट हिन्दी एसोसियेशन' नामक एक संस्था बनाई। बाबा सोहन सिंह उसके अधयक्ष और लाला हरदयाल मंत्री बने। सब भारतीय इस संस्था में सम्मिलित हो गए। सन 1857 के स्वाधीनता संग्राम की स्मृति में इस संस्था ने 'गदर' नाम का पत्र भी प्रकाशित किया। इसके अतिरिक्त 'ऐलाने जंग', 'नया जमाना' जैसे प्रकाशन भी किए गए। आगे चलकर संस्था का नाम भी 'गदर पार्टी' कर दिया गया। 'गदर पार्टी' के अंतर्गत बाबा सोहन सिंह ने क्रांतिकारियों को संगाठित करने तथा अस्त्र-शस्त्र एकत्र करके भारत भेजने की योजना को कार्यन्वित करने में आगे बढ़ कर भाग लिया। 'कामागाटामारू प्रकरण' जहाज वाली घटना भी इस सिलसिले का ही एक हिस्सा थी।

### गिरफ्तारी

भारतीय सेना की कुछ टुकड़ियों को क्रांति में भाग लेने के तैयार किया गया था। किन्तु मुखबिरों और कुछ देशद्रोहियों द्वारा भेद खोल देने से यह सारा किया धरा बेकार गया। बाबा सोहन सिंह भकना एक अन्य जहाज से कलकत्ता (वर्तमान कोलकाता) पहुँचे थे। 13 अक्टूबर, 1914 ई. को उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया गया। यहाँ से उन्हें पूछताछ के लिए लाहौर जेल भेज दिया गया। इन सब क्रांतिकारियों पर लाहौर में मुकदमा चलाया गया, जो 'प्रथम लाहौर षड़यंत्र केस' के नाम से प्रसिद्ध है।

### आजीवन कारावास

बाबा सोहन सिंह को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई और उन्हें अंडमान भेज दिया गया। वहाँ से वे कोयम्बटूर और भखदा जेल भेजे गए। उस समय यहाँ महात्मा गाँधी भी बंद थे। फिर वे लाहौर जेल ले जाए गए। इस दौरान उन्होंने एक लम्बे समय तक यातनापूर्ण जीवन व्यतीत किया।

### रिहाई

16 वर्ष जेल मे बिताने पर भी अंग्रेज सरकार का इरादा उन्हें जेल में ही सड़ा ड़लने का था। इस पर बाबा सोहन सिंह ने अनशन आरम्भ कर दिया। इससे उनका स्वास्थ्य बिगड़ने लगा। यह देखकर अततः अंग्रेजी सरकार ने उन्हें गिहा कर दिया।

### निधन

रिहाई के बाद बाबा सोहन सिंह 'कम्युनिस्ट पार्टी' का प्रचार करने लगे। द्वितीय विश्व युद्ध आंरभ होने पर सरकार ने उन्हें फिर गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन सन 1943 में रिहा कर दिया। 20 दिसम्बर, 1968 को बाबा सोहन सिंह भकना का देहांत हो गया।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# लोनी बॉर्डर थाना पुलिस ने छह शातिर चोरों को पकड़ा, चोरी का सामान बरामद

समाज जागरण

लोनी, 19 दिसंबरः थाना लोनी बॉर्डर पुलिस ने विगत दिनों बलराम नगर कॉलोनी में मार्बल कारोबारी की दुकान में हुई चोरी का खुलासा कर दिया है। पुलिस टीम ने छह शातिर चोरों को लाल बाग कॉलोनी के निकट से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किया गया सारा सामान बरामद करने का दावा किया है।




उल्लेखनीय है कि अज्ञात बदमाश दिनेश सिंघल नमक कारोबारी की मार्बल की दुकान का ताला तोड़कर वहां से एक बाइक, तीन गैस सिलेंडर, चार बैटरी, रिक्शा ठेली, साढ़े सात हॉर्स पावर की मोटर, अल्टीनेटर, बैटरी चार्जर, ड्रिल मशीन व 12 हजार की नगदी के अलावा अन्य कीमती सामान चुराकर चंपत हो गए थे। घटना की सूचना के बाद से ही पुलिस को उक्त चोरी की घटना को अंजाम देने वाले बदमाशों की तलाश थी।

चोरों की टोह में जुटी पुलिस टीम पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर कामयाबी हासिल करते हुए आखिर लाल बाग कॉलोनी के निकट घेराबंदी करते हुए 6 आरोपियों को धर दबोचा।

पकडे गए बदमाशों ने पुलिस पूछताछ के दौरान बलराम नगर कॉलोनी में हुई चोरी के साथ-साथ अशोक विहार कॉलोनी से नरेश पुत्र अमर सिंह के टेंट हाउस के सामान की हुई चोरी की घटना में शामिल होना भी कबूल किया है। जिनकी निशानदेही पर पुलिस ने टेंट का चोरी हुआ सामान भी बरामद किया है। पुलिस बदमाशों के अन्य आपराधिक घटनाओं की जानकारी जुटाने के लिए प्रयासरत है।

स्थानीय लोगों एवं व्यापारियो ने पुलिस की कामयाबी के लिए खास तौर पर लाल बाग पुलिस चौकी प्रभारी और उनकी टीम की जमकर सराहना की है।

# मंदिर भूमि विवाद का सौहार्दपूर्ण समाधान, खाटू श्याम मंदिर निर्माण पर बनी सहमति

समाज जागरण

लोनी, 19 दिसंबरः बलराज नगर कॉलोनी में पिछले एक सप्ताह से मंदिर भूमि विवाद संभ्रांत नागरिकों के हस्तक्षेप से, आपसी बातचीत और सामाजिक सौहार्द के साथ शांति पूर्ण रूप से निपट गया। सभी ने सर्व सम्मति से उक्त भूमि पर खाटू श्याम का मंदिर निर्माण कराने का निर्णय लेते हुए कमेटी गठित कर दी है।

भूमि विवाद से संबंधित परिवार द्वारा उसे मंदिर निर्माण के लिए समर्पित करने के साथ-साथ 5:30 लख रुपए दान देने की घोषणा के बाद क्षेत्र में शांति और सभी के बीच उत्साह का माहौल बन गया है।

बतादे कि यह विवाद बीते कुछ दिनों से पुलिस व प्रशासन के लिए भी चिंता का विषय बनता जा रहा था. जो सोशल मीडिया पर भी पूरी सुर्खियों में था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कॉलोनी के प्रबुद्ध नागरिकों की एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें सभी पक्षों के बीच संवाद हुआ।



इस दौरान विपिन शर्मा उर्फ राम के परिजनों ने बताया कि यह प्लॉट उन्हें गलत जानकारी देकर बेचा गया था। वास्तविक स्थिति की जानकारी मिलने के बाद परिवार ने स्वयं आगे बढ़कर सामाजिक हित में निर्णय लिया और राम के बड़े भाई कपिल शर्मा ने घोषणा करते हुए कहा कि पूरी भूमि कॉलोनी में मंदिर निर्माण के लिए समर्पित की जाती है और मंदिर निर्माण कार्य में उनके परिवार की ओर से 5:30 लाख की राशि दान की जाएगी।

इस निर्णय का स्वागत करते हुए कॉलोनी वासियों ने परिवार की खुले दिल से सहराना करते हुए इसे धार्मिक सौहार्द, सामाजिक एकता और सनातन संस्कृति के मूल्यों का उदाहरण बताया।

इस मौके पर मंदिर निर्माण कार्य को व्यवस्थित रूप से आगे बढ़ाने के लिए सर्वसम्मति से एक समिति का गठन भी किया गया. जिसमें यशपाल चौहान को प्रधान, रमेश महाजन और रामबीर सरोहा को उप प्रधान, कपिल शर्मा को महासचिव, कुंवरपाल सैन को कोषाध्यक्ष और रविन्द्र बन्धु को ऑडिटर बनाया गया है तथा अन्य सदस्यों को बाद में शामिल के जाने पर सहमति बनी।

**जनवरी में होगा मंदिर निर्माण कार्य का श्री गणेश**

बैठक में उपस्थित सभी लोगों की सहमति अनुसार उक्त भूमि पर खाटू श्याम जी महाराज का भव्य मंदिर बनाने का निर्णय लिया गया. जिसका निर्माण कार्य जनवरी माह से शुरू होगा। कॉलोनीवासियों में इसे लेकर उत्साह देखने को मिला, जहा कई लोगों ने स्वेच्छा से सहयोग देने की इच्छा जताई है।

बैठक में भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. प्रमेन्द्र जांगड़ा व वार्ड संख्या 41 के सभासद अंकुश जैन मिंकु सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने मंदिर निर्माण में सहयोग देने वाले परिवार की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए इसे सभी के लिए एक प्रेरणा करार दिया।

## सेक्टर-29 ब्रह्मपुत्र मार्केट में डस्टबिन अवेयरनेस ड्राइव

# सेक्टर-29 ब्रह्मपुत्र मार्केट वेंडर जोन में डस्टबिन अवेयरनेस ड्राइव आयोजित

समाज जागरण

नोएडा 19 दिसंबर 2025: नोएडा प्राधिकरण द्वारा आज सेक्टर-29 स्थित ब्रह्मपुत्र मार्केट वेंडर जोन में डस्टबिन अवेयरनेस ड्राइव आयोजित की गई। अभियान के दौरान सभी दुकानदारों को अपनी दुकानों पर दो डस्टबिन—हरा और नीला—रखना अनिवार्य होने की जानकारी दी गई।



प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि गीले कूड़े के लिए हरे रंग का डस्टबिन और सूखे कूड़े के लिए नीले रंग का डस्टबिन उपयोग में लाना आवश्यक है। साथ ही दुकानदारों को यह भी समझाया गया कि कूड़ा केवल कूड़ा गाड़ी को ही दें और खुले में कूड़ा न डालें।

अधिकारियों ने स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कचरे का पृथक्करण (वेस्ट सेग्रीगेशन) न केवल सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाता है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी सहायक होता है। बाजार क्षेत्र में स्वच्छता बनाए रखने से नागरिकों के स्वास्थ्य की रक्षा होती है और शहर की सुंदरता बढ़ती है।



नोएडा प्राधिकरण ने नागरिकों और व्यापारियों से अपील की कि वे स्वच्छता नियमों का पालन करें और शहर को साफ-सुथरा रखने में सहयोग दें। स्वच्छता ही स्वस्थ समाज की पहचान है—आइए मिलकर नोएडा को नंबर 1 बनाएं। – संवाददाता

# एंटी क्राइम, करप्शन ऑल इंडिया ट्रस्ट ने जरूरतमंदो किए कंबल वितरित, बच्चों को बाटे गर्म मोजे, या ग्लब्स व टोपी

समाज जागरण

लोनी, 19 दिसंबरः एंटी क्राइम एंटी करप्शन ऑल इंडिया ट्रस्ट ने शुक्रवार को लोनी की कंचन पार्क कॉलोनी के मुख्य मार्ग पर स्थित मेजर बीके हायर सेकेंडरी स्कूल प्रांगण में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। ट्रस्ट द्वारा जनहित में आयोजित इस कार्यक्रम का 100 से अधिक जरूरतमंदों ने लाभ उठाया।

गौरतलब हो कि ट्रस्ट द्वारा कुछ दिन पूर्व भी गरम कंबल वितरण कार्यक्रम का यह पुनीत आयोजन किया गया था, और इस तरह ठंड के सीजन में उन्होंने जरूरतमंदों को कंबल आदि वितरण करने का यह दूसरा बड़ा आयोजन किया. इस कार्यक्रम के दौरान ट्रस्ट द्वारा एक सौ से भी अधिक जरूरतमंद परिवारों को कंबल व बच्चों को गर्म टोपियां के अलावा अन्य सामग्री वितरित की गईं। इससे ठंड से जूझ रहे जरूरतमंद परिवारों, बुजुर्गों और बच्चों को काफी राहत मिलेगी।



इस मौके पर गर्म कपड़े पाने वाले जरूरतमंदों ने एंटी क्राइम एंटी करप्शन ऑल इंडिया ट्रस्ट की टीम का आभार व्यक्त किया हैं. उन्होंने कहा कि संस्था ने ठंड के इस मौसम में बुजुर्गों और बच्चों का विशेष ध्यान रखने का एक बड़ा ही पुनीत कार्य किया है, इसकी जितनी प्रशंसा की जाए वह कम है।

एंटी क्राइम एंटी करप्शन ऑल इंडिया ट्रस्ट के यूपी अध्यक्ष मेजर हाजी बाबू ने बताया कि टीम आगे भी सर्दी की रातों में जरूरतमंद लोगों को ठंड से बचाने के लिए कार्य करती रहेगी। इसके अलावा ट्रस्ट टीम सड़क किनारे सो रहे जरूरतमंदों को कंबल और गर्म टोपियां उपलब्ध कराने का अभियान भी जारी रखेगी।

गर्म सामग्री वितरण कार्यक्रम में मुख्य रुप से सुहैल खान राष्ट्रीय संगठन मंत्री, वसीम भारती, गुड्डू कस्सार, रिजवान, मास्टर एसएस दास, मास्टर हरबीर सिंह, रिहान, रहनुमा, सोनी, आशा देवी, मेहरुन्निशा, आयशा, निशा समेत मास्टर मेहताब व बाबुद्दीन आदि मौजूद रहे।

# नितिन नवीन का कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में चयन पार्टी के लिए गर्व की बात: पाठक

समाज जागरण

लोनी 19 दिसंबरः बिहार सरकार में मंत्री नितिन नवीन को भाजपा का कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने के बाद उन्हें बधाई देने वालों का सिलसिला लगातार जारी है। इस कड़ी में लोनी की डीएलएफ, अंकुर विहार कॉलोनी में रहने वाले भाजपा नेता शिवबाबू पाठक से शुक्रवार को हुई बातचीत के दौरान उन्होंने भी भाजपा के नए नियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।



पाठक ने नितिन नवीन को भाजपा का कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने की इस घोषणा पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि इससे पार्टी को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती मिलेगी और आगामी चुनावों में बेहतर प्रदर्शन करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि नितिन नवीन जी का कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में चयन पार्टी के लिए गर्व की बात है और इससे संगठनात्मक सुधार एवं जनसंपर्क को और आगे बढ़ाने में सहायता मिलेगी। उनके नेतृत्व में पार्टी कामयाबी का एक और नया इतिहास रचने का काम करेगी।

### उत्तर प्रदेश: शिक्षा सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष का कार्यभार ग्रहण

प्रयागराज, 19 दिसंबर 2025: आज उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के नए अध्यक्ष ने प्रयागराज में अपना कार्यभार ग्रहण किया। इस महत्वपूर्ण दायित्व को संभालने के लिए उन्होंने माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ का हृदय से आभार व्यक्त किया।

## गौतमबुद्ध नगरः जिला स्तरीय विकसित भारत युवा संसद 2025-26

# गौतमबुद्ध नगर में जिला स्तरीय 'विकसित भारत युवा संसद 2025-26' संपन्न

समाज जागरण

गौतमबुद्ध नगर 19 दिसंबर 2025 माय भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित विकसित भारत युवा संसद 2025-26 का जिला स्तरीय कार्यक्रम गुरु द्रोणाचार्य ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, ग्रेटर नोएडा में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में लोकतांत्रिक मूल्यों, संवैधानिक समझ और राष्ट्र निर्माण में सहभागिता को प्रोत्साहित करना रहा।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय सदस्य, बिहार विधान परिषद डॉ. संजय मयूख रहे। उनके साथ पार्टी प्रवक्ता अनुरुद्ध प्रताप सिंह एवं अंतरराष्ट्रीय योग गुरु डॉ. दयाशंकर विद्यालंकार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में संस्थान की निदेशक डॉ. संगीता मंगेश, रजिस्ट्रार डॉ. शैलेश सिंह, युवा संसद एवं एनएसएस समन्वयक डॉ. ममता भारद्वाज तथा माय भारत के उपनिदेशक शिवेंद्र सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। गौतमबुद्ध नगर जिले से इस प्रतियोगिता में माय भारत पोर्टल के माध्यम से 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के 500 से अधिक युवाओं ने भाग लिया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने "आपातकाल के 50 वर्षः भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक" विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

**चयन परिणाम**

**जिला स्तर पर चयनित प्रतिभागियों में—**

प्रथमः अनिरुद्ध त्यागी
द्वितीयः वेदांत व्यास
तृतीयः हर्षिता दरगन

ये प्रतिभागी राज्य स्तरीय युवा संसद में भाग लेंगे, जिसका आयोजन विधानसभा में किया जाएगा। इसके पश्चात राज्य स्तर से चयनित प्रथम तीन प्रतिभागी राष्ट्रीय स्तर की युवा संसद, जो भारतीय संसद में आयोजित होगी, में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे।

**वक्ताओं के विचार**

मुख्य अतिथि डॉ. संजय मयूख ने कहा कि आपातकाल से मिले सबक लोकतंत्र की रक्षा की सामूहिक जिम्मेदारी का बोध कराते हैं। युवा संसद आलोचनात्मक सोच और संवैधानिक मूल्यों को बढ़ावा देती है। युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ही एक प्रगतिशील और समावेशी भारत का निर्माण संभव है। विकसित भारत की शुरूआत जागरूक युवाओं से होती है।

अनुरुद्ध प्रताप सिंह ने कहा कि आपातकाल के 50 वर्ष हमें यह सिखाते हैं कि लोकतंत्र तभी सुरक्षित रहता है जब नागरिक सजग हों। यह मंच युवाओं के लिए अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और संवैधानिक मूल्यों को समझने का महत्वपूर्ण अवसर है। विकसित भारत की नींव सशक्त लोकतंत्र पर ही आधारित है।

डॉ. संगीता मंगेश ने कहा कि आपातकाल का दौर लोकतांत्रिक संस्थाओं और कानून के शासन के महत्व को रेखांकित करता है। युवा संसद जैसे मंच युवाओं को संवाद, विचार-विमर्श और जवाबदेही का अवसर प्रदान करते हैं, जिससे अतीत की गलतियों की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

डॉ. शैलेश सिंह ने कहा कि आपातकाल के 50 वर्षों का स्मरण हमें यह संदेश देता है कि लोकतंत्र को जीवंत बनाए रखने के लिए सक्रिय नागरिक आवश्यक हैं। गौतमबुद्ध नगर के युवा इसके सशक्त संरक्षक हैं। विचार-विमर्श, जागरूकता और सहभागिता हमारी सबसे बड़ी ताकत है, जिससे भारतीय लोकतंत्र और अधिक मजबूत बनेगा। – संवाददाता

# एसआईआर में शत प्रतिशत योगदान दें भाजपा कार्यकर्ता : मुख्यमंत्री

## एसआईआर अभियान को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ ने की पार्टी कार्यकताओं के साथ बैठक

*बैठक में भाजपा महानगर के सात मंडलों के पदाधिकारी-कार्यकर्ता हुए शामिल*

*लोकतंत्र को कमजोर करने वाले कर रहे एसआई आर पर अनर्गल टिप्पणी : मुख्यमंत्री*

समाज जागरण

गोरखपुर, 19 दिसंबर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा कार्यकताओं का आह्वान किया है कि वे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान में अपना शत प्रतिशत योगदान दें। एसआई आर में लगने वाली आपकी मेहनत लोकतंत्र के लिए है इसलिए घर-घर संपर्क करें। एक-एक नाम जुड़वाने का काम करें। मतदाता सूची में कोई भी पात्र मतदाता छूटने न पाए। कार्यकर्ता घर-घर जाकर गणना प्रपत्र भरवाने का कार्य करें।




सीएम योगी शुक्रवार दोपहर बाद योगिराज बाबा गम्भीरनाथ प्रेक्षागृह में एसआईआर अभियान को लेकर भाजपा कार्यकताओं के साथ महत्वपूर्ण बैठक कर रहे थे। बैठक में भाजपा महानगर के सात मंडलों के पदाधिकारी-कार्यकर्ता शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जो लोग भारत के लोकतंत्र को कमजोर करना चाहते हैं, वही लोग एसआईआर पर अनर्गल टिप्पणी कर रहे हैं। वह जीते तो उनका पुरुषार्थ और अगर वह हारते हैं तो इवीएम को दोषी ठहराते हैं। कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और अन्य विपक्षी दलों का यही एकमात्र मुद्दा है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र मजबूत होगा देश मजबूत होगा। विपक्षी पार्टियां नहीं चाहतीं कि लोकतंत्र मजबूत हो। मुख्यमंत्री ने एसआईआर अभियान को एक राष्ट्रीय जिम्मेदारी बताते हुए कहा कि लोकतंत्र की मजबूती में सभी को अपना योगदान देना होगा। उन्होंने मंडल अध्यक्षों से एसआईआर के तहत अब तक किए गए कार्यों का वृत्त लिया और प्रारूप 6, 7 और 8 का बैग भी कार्यकताओं को दिया।

बैठक को सांसद रविकिशन शुक्ल, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी डॉ.धर्मेंद्र सिंह ने भी संबोधित किया। विषय प्रस्तावना, स्वागत भाषण व आभार ज्ञापन महानगर संयोजक राजेश गुप्ता ने तथा संचालन महामंत्री अच्युतानंद शाही ने किया। बैठक में विधायक विपिन सिंह, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष विश्वजितांशु सिंह आशु, डॉ. सत्येन्द्र सिन्हा, महानगर महामंत्री ओमप्रकाश शर्मा, इन्द्रमणि उपाध्याय, महानगर इकाई के अन्य पदाधिकारी, राप्ती नगर, मालवीय नगर, दीनदयाल नगर, गोरक्ष नगर, आर्य नगर, बिस्मिल नगर व गीता नगर मंडलों के अध्यक्ष, मंडल पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक आदि उपस्थित रहे।

## नोएडा में बेघर लोगों के लिए रैन बसेरा सुविधा

# अत्यधिक ठंड में बेघर व असहाय लोगों को राहत: नोएडा प्राधिकरण ने उपलब्ध कराए रैन बसेरे

नोएडा 19 दिसंबर 2025: अत्यधिक ठंड और रातों में बेघर एवं असहाय लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से नोएडा प्राधिकरण द्वारा शहर में रैन बसेरा (अस्थायी आश्रय स्थल) की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। इन रैन बसेरों में जरूरतमंद लोगों के लिए सुरक्षित ठहराव की व्यवस्था की गई है, ताकि वे सर्दी से बच सकें।


'रैन बसेरा स्थलों का विवरण'

| वर्क सर्किल | रैन बसेरा स्थल | क्षमता |
| --- | --- | --- |
| 1 | सैक्टर-21ए स्टेडियम गेट नं0-7 के निकट | 90 व्यक्ति |
| 2 | बरौला सामुदायिक केन्द्र [illegible] | 25 व्यक्ति |
| 3 | सदरपुर सामुदायिक केन्द्र | 20 व्यक्ति |
| 4 | सैक्टर-62 सामुदायिक केन्द्र | 30 व्यक्ति |
| 5 | ममूरा बारातघर | 30 व्यक्ति |
| 6 | ग्राम सोरखा पंचायतघर | 25 व्यक्ति |
| 7 | सैक्टर-93 कम्युनिटी सेंटर | 20 व्यक्ति |
| 8 | शहदरा पंचायत घर | 20 व्यक्ति |
| 9 | सैक्टर-135 बारातघर | 40 व्यक्ति |
| 10 | कोण्डली बारातघर | 10 व्यक्ति |

प्राधिकरण के अनुसार रैन बसेरों में ठहरने की व्यवस्था स्थल और क्षमता के अनुसार सुनिश्चित की गई है। यहां रहने वालों को ठंड से बचाव के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

नोएडा प्राधिकरण ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने आस-पास मौजूद बेघर, असहाय और जरूरतमंद लोगों को इस सुविधा की जानकारी दें और उन्हें रैन बसेरों तक पहुंचने में सहायता करें, ताकि कोई भी व्यक्ति सर्द रातों में खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर न हो।

नोएडा प्राधिकरण ने यह जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ह्यएक्सह्न के माध्यम से साझा की है। प्राधिकरण का कहना है कि मानवीय दृष्टिकोण से उठाया गया यह कदम सर्दी के मौसम में जरूरतमंदों के लिए जीवन रक्षक साबित हो सकता है।– संवाददाता

## सेक्टर-49 पुलिस की तत्परता से ऑटो में छूटा बैग बरामद

# ऑटो में छूटा 5 लाख से अधिक की ज्वैलरी से भरा बैग 3 घंटे में बरामद, सेक्टर-49 पुलिस की तत्परता

समाज जागरण

नोएडा 19 दिसंबर 2025: थाना सेक्टर-49 क्षेत्र में ऑटो में छूटे एक बैग, जिसमें करीब 5 लाख से अधिक की ज्वैलरी, कीमती सामान व कपड़े थे, की सूचना मिलते ही नोएडा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महज 3 घंटे के भीतर बैग को सकुशल बरामद कर लिया।



पुलिस के अनुसार पीड़ित द्वारा बैग ऑटो में छूटने की सूचना दी गई थी। सूचना मिलते ही थाना सेक्टर-49 पुलिस टीम सक्रिय हुई और ऑटो चालक व संभावित मार्गों की जानकारी जुटाकर जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज, स्थानीय सूचना तंत्र और त्वरित पुलिसिंग के माध्यम से बैग का पता लगाया गया। पुलिस की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई के चलते बैग को बिना किसी नुकसान के बरामद कर लिया गया और उसे संबंधित व्यक्ति को सौंप दिया गया। पीड़ित ने पुलिस की कार्यशैली की सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

नोएडा पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी आपात स्थिति या सामान खोने की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई कर सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।– संवाददाता

## सेक्टर-45 एनआरआई सिटी होम्स पर पर्यावरण उल्लंघन कार्रवाई

# पर्यावरण मानकों के उल्लंघन पर एनआरआई सिटी होम्स पर ₹43.35 लाख का जुमार्ना, FIR के निर्देश

समाज जागरण

नोएडाः नोएडा प्राधिकरण के पर्यावरण सेल द्वारा आज सेक्टर-45 स्थित मै० N.R.I. City Homes, GH-04A का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि परिसर में स्थापित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्धारित पर्यावरणीय मानकों के अनुरूप संचालित नहीं हो रहा है।

निरीक्षण में सामने आए तथ्यों के आधार पर पर्यावरणीय कानूनों—जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1974, वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1981, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2000 एवं 2016—के उल्लंघन के तहत ₹43,35,000/- (तेतालीस लाख पैंतीस हजार रुपये मात्र) का अर्थदंड अधिरोपित किया गया। साथ ही इस संबंध में क्षेत्रीय अधिकारी, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को भी अवगत कराया गया है।

प्राधिकरण के अनुसार उक्त ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी द्वारा लगातार पर्यावरणीय नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है, जो कि माननीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण के निर्देशों के भी विपरीत है। नियमों के उल्लंघन को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिनियमों के अनुपालन में मै० N.R.I. City Homes, GH-04अ, सेक्टर-45 के विरुद्ध तत्काल प्रथम सूचना रिपोर्ट (FIR) दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके और भविष्य में ऐसे उल्लंघनों पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

## फर्जी शेयर मार्केट निवेश ठगी का खुलासा

# फर्जी शेयर मार्केट निवेश के नाम पर करोड़ों की ठगी करने वाला शातिर साइबर अपराधी गिरफ्तार

समाज जागरण

गौतमबुद्ध नगर 19 दिसंबर 2025: पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर के अंतर्गत थाना साइबर क्राइम टीम ने फर्जी शेयर मार्केट में निवेश कर मोटा लाभ कमाने का झांसा देकर लोगों से करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले एक शातिर साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ 5.6 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी सहित एक अन्य मामले में 55 लाख की ठगी करने के गंभीर आरोप दर्ज हैं।

पुलिस के अनुसार आरोपी ने खुद को शेयर बाजार का जानकार बताते हुए सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से लोगों को निवेश के लिए आकर्षित किया। शुरूआत में मामूली मुनाफा दिखाकर पीड़ितों का विश्वास जीता गया, जिसके बाद उनसे बड़ी रकम निवेश करवाई गई। बाद में न तो रकम वापस की गई और न ही कोई लाभ दिया गया।




थाना साइबर क्राइम पुलिस द्वारा की गई तकनीकी जांच और डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी से ठगी के तरीकों, बैंक खातों और डिजिटल माध्यमों के उपयोग से जुड़ी अहम जानकारियां प्राप्त हुई हैं। पुलिस अन्य पीड़ितों और इस नेटवर्क से जुड़े सहयोगियों की तलाश में जांच को आगे बढ़ा रही है।

पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर ने नागरिकों से अपील की है कि वे ऑनलाइन निवेश के नाम पर आने वाले किसी भी लालच में न आएं, किसी भी प्लेटफॉर्म या व्यक्ति की प्रामाणिकता की जांच किए बिना धन निवेश न करें और संदिग्ध गतिविधियों की तुरंत सूचना साइबर क्राइम हेल्पलाइन या नजदीकी थाने में दें। – संवाददाता

# सड़क हादसे में ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक की मौत, क्षेत्र में शोक की लहर

**समाज जागरण कुलदीप सिंह**

लखीमपुर खीरी। खीरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखीमपुरझसीतापुर हाईवे पर ओयल कस्बे के गुरुद्वारे के पास गुरुवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। हादसे में ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक की मौके पर ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बेहजम ब्लॉक के बहादुरपुर गांव निवासी एवं ग्राम प्रधान सुशील कुमार सिंह के बड़े भाई सुनील कुमार सिंह (48) हरगांव चीनी मिल में ट्रैक्टर-ट्रॉली से गन्ना तौल कराने के बाद गुरुवार रात लगभग 11 बजे घर लौट रहे थे।



इसी दौरान ओयल कस्बे के बेहजम तिराहे के पास उनकी ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई और पलट गई। हादसा इतना भीषण था कि चालक सुनील कुमार ट्रैक्टर के नीचे दब गए और उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

हादसे की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, जिससे कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर ओयल चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। इस हृदयविदारक दुर्घटना से बहादुरपुर गांव सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।

# रात में सीएचसी बिजुआ पहुंचे सीएमओ, आपात सेवाओं का लिया जायजा

**समाज जागरण कुलदीप सिंह**

लखीमपुर खीरी। चिकित्सकीय सेवाओं की गुणवत्ता परखने के उद्देश्य से मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संतोष गुप्ता ने गुरुवार की देर शाम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बिजुआ का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान इमरजेंसी सेवाएं सुचारु रूप से संचालित मिलीं तथा तीन महिला मरीज उपचाराधीन पाई गईं।

सीएमओ ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की आपातकालीन सेवाओं की स्थिति जानने के लिए गुरुवार रात करीब 7 बजे सीएचसी बिजुआ का निरीक्षण किया गया। उस समय चिकित्सा अधिकारी डॉ. नसीमुद्दीन, फार्मासिस्ट अशोक कुमार, स्टाफ नर्स वंदना, वार्ड बॉय मनीष चंद्र सहित अन्य ड्यूटी स्टाफ मौजूद मिला। इमरजेंसी में भर्ती महिला मरीजों से उपचार, दवाओं एवं मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी



ली, जिस पर मरीजों ने संतोष व्यक्त किया।

निरीक्षण के दौरान डिलीवरी रजिस्टर का अवलोकन किया गया, जिसमें बीते एक माह में 110 प्रसव कराए जाने का रिकॉर्ड मिला। आंकड़ों के अनुसार सीएचसी बिजुआ में प्रतिमाह औसतन 100 से अधिक संस्थागत प्रसव कराए जा रहे हैं, जिनमें शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों को दिया जा रहा है।

सीएमओ ने जनरल वार्ड, लेबर रूम, ओटी, जीएसवाई कक्ष सहित अन्य विभागों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने साफ-सफाई को लेकर संबंधित चिकित्सकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और कहा कि लेबर रूम, इमरजेंसी सेवा एवं प्रसव कक्ष में नियमित एवं उच्च स्तर की स्वच्छता बनाए रखना अनिवार्य है, ताकि गर्भवती महिलाओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

ठंड के मौसम को देखते हुए हीटर व ब्लोअर आदि व्यवस्थाएं भी सुचारु रूप से लगी पाई गईं। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

# कॉलेज प्रबंधन समिति ने विद्यार्थियों को वितरित की जैकेट, खिल उठे चेहरे

**समाज जागरण कुलदीप सिंह**

लखीमपुर खीरी। कृषक समाज इंटर कॉलेज, गोला में कॉलेज प्रबंधन समिति द्वारा निर्धन छात्र-छात्राओं को शीत लहर से राहत देने के उद्देश्य से जैकेट



वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य अनंत प्रकाश सरोज ने की, जबकि मुख्य अतिथि कॉलेज के प्रबंधक एवं पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा उपस्थित रहे।

इस अवसर पर विद्यालय की कक्षा 6, 7 एवं 8 के निर्धन छात्र-छात्राओं को जैकेट वितरित की गई। जैकेट पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे और उन्होंने कॉलेज प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में कॉलेज के उप मंत्री विनोद चंद्र मिश्र, नारायण लाल वर्मा, उप प्रधानाचार्य लखपति भारती, डॉ. अनिल कुमार, देवेंद्र सिंह, अम्बरीष वर्मा, मनीष राज सिंह एवं निशा वर्मा सहित अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा का ध्यान रखना भी विद्यालय की जिम्मेदारी है। ठंड के मौसम में जरूरतमंद विद्यार्थियों को जैकेट वितरण से उन्हें न सिर्फ राहत मिलेगी, बल्कि पढ़ाई के प्रति उनका मनोबल भी बढ़ेगा।

# भारत-नेपाल सीमा पर सीएमओ ने बच्चों को पिलाई "दो बूंद जिंदगी की"

**समाज जागरण कुलदीप सिंह**

लखीमपुर खीरी। शीत लहर के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत परखने के लिए मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संतोष गुप्ता शुक्रवार की सुबह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पलिया पहुंचे। निरीक्षण के दौरान उन्हें अधीक्षक डॉ. भरत सिंह सहित समस्त स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित मिले। इसके बाद उन्होंने भारतझनेपाल सीमा क्षेत्र स्थित पीएचसी गोरीफंटा का भी निरीक्षण किया।

निरीक्षण के क्रम में सीएमओ भारतझ नेपाल सीमा पर बनाए गए अस्थायी पोलियो बूथ पर पहुंचे, जहां उन्होंने स्वयं बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर ह्लदो बूंद ज़िंदगी कीह्व अभियान को गति दी। इस अवसर पर एसएसबी के अधिकारी एवं जवान भी मौजूद रहे।

सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने बताया कि मौसम में अचानक बदलाव और ठंड बढ़ने के कारण सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मरीजों एवं उनके तीमारदारों को सर्दी से बचाने के लिए



विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। इसी क्रम में सीएचसी पलिया का निरीक्षण किया गया। यहां फिजिशियन डॉ. अजीत सिंह, इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर, फार्मासिस्ट, एएनएम सहित अन्य ड्यूटी स्टाफ मौजूद मिला। उन्होंने प्रसूता महिलाओं को दी जा रही डाइट एवं सुविधाओं की जानकारी भी ली।

सीएचसी पलिया पर मरीजों और तीमारदारों के लिए रैन बसेरे की व्यवस्था की गई है, साथ ही वार्डों में हीटर व ब्लोअर भी लगाए गए हैं। वहीं भारतझनेपाल सीमा पर स्थित पीएचसी गोरीफंटा में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. अब्बास, सीएचओ व अन्य स्टाफ उपस्थित मिला। बॉर्डर क्षेत्र में हृदय रोगों की संभावनाओं को देखते हुए यहां ईसीजी की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है।

पोलियो बूथ निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने कहा कि भारत और नेपाल की सीमाएं केवल भौगोलिक रूप से ही नहीं, बल्कि सामाजिक और आजीविका के रिश्ते से भी जुड़ी हैं। ऐसे में सीमा पर स्थापित यह पोलियो बूथ दोनों देशों के बच्चों को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बचाने में अहम भूमिका निभाएगा।

सीएमओ के इस निरीक्षण से स्वास्थ्य विभाग में सक्रियता देखी गई और सीमा क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर लोगों में भरोसा बढ़ा है।

# लखीमपुर खेल महोत्सव में विविध खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन, खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**समाज जागरण कुलदीप सिंह**

लखीमपुर खीरी। स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) के अंतर्गत नगर पालिका परिषद लखीमपुर एवं क्रीड़ा भारती के संयुक्त तत्वावधान में शहर के विलोबी मैदान में आयोजित लखीमपुर खेल महोत्सव सीजनझ2 के पांचवें दिन विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने उत्साह और खेल भावना का परिचय दिया।

बालक वर्ग वॉलीबॉल प्रतियोगिता के अगले चरण में कुल सात टीमों ने प्रतिभाग किया। पहला मुकाबला नौरंगाबाद टीम एवं मनी क्लब भीरा के बीच खेला गया, जिसमें मनी क्लब भीरा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजय हासिल की।

पुलिस लाइन मैदान में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता में कुल 13 टीमों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह रहे। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। फुटबॉल का पहला मैच कालानागराज फुटबॉल क्लब एवं राइजिंग स्टार लखीमपुर



के मध्य खेला गया, जिसमें कालानागराज फुटबॉल क्लब ने 2-0 से जीत दर्ज की।

क्रिकेट प्रतियोगिता में पहला मुकाबला अल्फा 11 एवं बीएसए सनराइजर्स के बीच खेला गया। कड़े मुकाबले में बीएसए सनराइजर्स ने 16 रन से जीत दर्ज की। इस मैच में पंकज को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज व सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक, विष्णु को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज तथा धर्मेश को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

दूसरा क्रिकेट मुकाबला द बॉयज एवं पुलिस टीम के बीच खेला गया, जिसमें पुलिस टीम ने 6 विकेट से जीत हासिल की। इस मैच में राज को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, सत्यदेव को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज, कप्तान को सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक तथा कुलदीप को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया गया।

बालिका वर्ग की खो-खो प्रतियोगिता में कुल 22 टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक पवन गौतम, अधिशासी अधिकारी संजय कुमार, क्रीड़ा भारती के जिला अध्यक्ष कपिल श्रीवास्तव, अर्जित अग्रवाल, खेल महोत्सव के संयोजक आशीष सिंह चौहान, कनिष्क बरनवाल, इंजीनियर दुर्गेश वर्मा, जितेंद्र अवस्थी, जेई समरा सईद, शैली गुप्ता (टी.एस.), सभासदगण, समस्त खेल प्रभारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शरारती तत्वों को नगीना पुलिस का नहीं है कोई भी खौफ

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नगीना । शरारती तत्वों को नगीना पुलिस का कोई खौफ होता दिखाई नहीं दे रहा है। एम एम इंटर कालेज के हॉकी खेल मैदान के मेन गेट पर लगे ताले व जंजीर को दिन दहाड़े ही तोड़कर तीसरी बार ले जाने से शाईनिंग हॉकी क्लब के खिलाड़ियों एवं कालेज के स्टाफ में भारी रोष व्याप्त है।



एम एम इंटर कालेज के प्रधानाचार्य शाहिद अली गौहर ने मीडिया कर्मियों को जानकारी देते हुए कहा बताया कि एम एम इंटर कालेज के खेल मैदान के मेन गेट पर बार बारजंजीर व उसमें ताला लगाया जाता है ।जिसको तीसरी बार भी गुरुवार की दोपहर किसी समय दिन में ही जहां मेन बाजार व गेट के आसपास दुकानें व चाट के ठेले खड़े हो उसके बाद भी शरारती तत्वों के हौसले इतने बुलंद हैं की गेट पर लगे ताले व जंजीर को तोड़ कर ले गए इस से पूर्व भी माह नवम्बर में दो बार गेट के लगे ताले को तोड़ कर ले गए व खेल के मैदान की दीवार को भी तोड़ चुके हैं। बताया जाता है खेल के मैदान के बराबर में वाल्मीकि बस्ती है मैदान के बराबर से एक बड़ा गन्दा नाला जा रहा है। पालिका के सम्बन्धित अधिकारियों ने बस्ती में रहने वाले परिवारों की सुरक्षा का ध्यान रखते हुए। नाले को सीमेंट के स्लीपरो से पटवा दिया था। जिससे शरारती तत्वों ने उसका लाभ उठाते हुए नाले की ओर बनी दीवार को दो तीन बार तोड़ कर खेल के मैदान से अपना रास्ता बना चुके हैं। और रात्रि को मैदान में बैठ कर शराब व जुएं का अड्डा बनाए हुए हैं। कालेज के प्रधानाचार्य शाहिद अली गौहर भी दो बार दीवार का निर्माण करा चुके हैं। तीन बार मैदान के गेट पर जंजीर व ताले लगवा चुके हैं ।जिसकी शिकायत कालेज के प्रधानाचार्य सीओ व थाना प्रभारी से मौखिक रूप से व थाने में अज्ञात शरारती तत्वों के खिलाफ रिपोर्ट की तहरीर भी दे चुके हैं। लेकिन नगीना पुलिस द्वारा इस ओर कोई ध्यान न दिए जाने व शरारती तत्वों के खिलाफ कोई कार्रवाई न किए जाने से उनके हौसले बुलंद हैं। शरारती तत्वों ने कालेज के प्रधानाचार्य व नगीना पुलिस को चेताते हुए गुरुवार की दोपहर फिर किसी समय दिन दहाड़े तीसरी बार मेन गेट के ताले जंजीर को तोड़ कर ले गए हैं।

हॉकी खेल मैदान के मेन गेट पर लगे ताले को तीसरी बार शरारती तत्वों द्वारा तोड़कर ले जाने की सूचना जब शाईनिंग हॉकी क्लब के खिलाड़ियों व कालेज के स्टाफ को मिली तो खिलाड़ियों व कालेज के स्टाफ में भारी रोष व्याप्त हो गया। वहीं नगीना पुलिस का कहना है कि इस संबंध में ऐसे शरारती तत्वों के विरुद्ध सख्त कारवाही की जाएगी।

# भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत कि पंचायत का हुआ आयोजन

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर चांदपुर तहसील में गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत (भाकियू) ने एक पंचायत का आयोजन किया। इस दौरान किसानों ने अपनी सात सूत्रीय मांगों के समाधान के लिए नायब तहसीलदार को उप जिलाधिकारी के नाम एक ज्ञापन सौंपा।

पंचायत का नेतृत्व तहसील अध्यक्ष पुष्पेंद्र चौधरी ने किया, जबकि चौधरी जगबीर सिंह ने इसकी अध्यक्षता की। किसानों ने गुलदार जैसे हिंसक पशुओं से सुरक्षा के लिए उपाय करने और सिंचाई हेतु दिन में अधिक से अधिक बिजली आपूर्ति की मांग की। अन्य मांगों में गौशालाओं में गोवंशों की उचित देखभाल सुनिश्चित करना और उन्हें ठंड से बचाने के पर्याप्त



इंतजाम करना शामिल था। इसके अतिरिक्त, जमीन संबंधी विवादों का जल्द से जल्द निपटान करने की भी मांग की गई।इसके अलावा चांदपुर बास्टा मार्ग का निर्माण, ओवरलोड वाहनों पर नियंत्रण, दाखिल खारिज पर अवैध वसूली , ट्रेफिक द्वारा वाहनों चालकों से अवैध वसूली जैसी समस्याओं के समाधान की मांग की गई।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष चौधरी सुखविंदर सिंह, युवा जिला अध्यक्ष नीरज चाहल, जितेंद्र हुड्डा, शहजाद मलिक, चौधरी बलकरण सिंह, कपिल चौधरी, राजकुमार कृष्ण कुमार, सतपाल शर्मा, राजू भाई और जिला महासचिव विकास चौधरी सहित कई पदाधिकारी व किसान उपस्थित रहे। सभा का संचालन जिला महामंत्री जितेंद्र हुड्डा ने किया।

# सांसद प्रतिनिधि फहीम अंसारी भागूवाला प्रकरण को लेकर जिलाधिकारी जसजीत कौर से मिले

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद भागूवाला प्रकरण को लेकर सांसद चंद्रशेखर आजाद के प्रतिनिधि फहीम अंसारी पीड़ित परिवारों के साथ बिजनौर पहुंचकर जिलाधिकारी जसजीत कौर से इस संबंध में मुलाकात की लोकसभा सांसद चंद्रशेखर आजाद नगीना पीड़ित परिवारों के साथ खड़े हैं और अपने प्रतिनिधि विधानसभा नजीबाबाद फहीम अंसारी व आजाद समाज पार्टी (का०) व भीम आर्मी की समस्त टीम को इस संबंध में निगरानी रखने के निर्देश दिए और समय-समय पर उच्च अधिकारियों से वार्ता कर पीड़ित परिवार की मदद करने के लिए कहा गया और राष्ट्रीय अध्यक्ष आजाद समाज पार्टी व भीम आर्मी चीफ व लोकसभा सांसद नगीना चंद्रशेखर आजाद के निर्देश पर सांसद प्रतिनिधि फहीम अंसारी





नजीबाबाद ने ठल 74 भागूवाला पर स्थित आवासीय व्यावसायिक संपत्ति को बिना नोटिस खाली करने दलित वर्ग के साथ हो रहा है भेदभाव तथा गांव के बीच बस स्टॉप निर्माण के संबंध में जिलाधिकारी महोदया बिजनौर से मुलाकात की और इस संबंध में जिलाधिकारी महोदया बिजनौर को अवगत कराया गया कि पीड़ित परिवार को बिना नोटिस दिए उनके व्यावसायिक व आवासीय संपत्ति को 7 दिन में तोड़ने का नोटिस चस्पा किया गया उक्त संबंध में जिलाधिकारी महोदया ने आश्वासन दिलाया कि उक्त संबंध में जांच कर पीड़ित परिवारों की हर संभव मदद की जाएगी और आजाद समाज पार्टी व भीम आर्मी की समस्त टीम के प्रयास से पीड़ित परिवारों के आवासीय एवं व्यावसायिक संपत्ति को तोड़ने से रोका गया इस संबंध में पीड़ित परिवार के साथ फहीम अंसारी सांसद प्रतिनिधि नजीबाबाद आजाद समाज पार्टी के जिला प्रभारी शहाबुद्दीन मकरानी अशोक कुमार विधानसभा अध्यक्ष उपस्थित रहे

# नम आँखों से याद किए गए आई.एच. जकी साहब; मुस्लिम फंड और अल-नजीब कर्मियों ने लिया तरक्की का संकल्प

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद। मुस्लिम फंड नजीबाबाद एवं अल-नजीब ग्रुप ऑफ कंपनीज के संस्थापक और सीईओ मरहूम आई.एच. जकी साहब की याद में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। नजीबाबाद स्थित प्राइवेट आईटीआई में आयोजित इस सभा में कंपनी के बोर्ड डायरेक्टर्स, प्रबंधकों और समस्त कर्मचारियों ने शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान जकी साहब को भावभीनी श्रद्धांजलि (खिराजे अकीदत) अर्पित की गई और उनकी मगफिरत के लिए दुआएं मांगी गईं।

शोक सभा को संबोधित करते हुए कंपनी के जनरल मैनेजर जी.एच. बिलाल काफी भावुक नजर आए। उन्होंने कहा, "जकी साहब ने जिस संस्थान रूपी पौधे को अपने खून-पसीने से सींचा था, आज उसे बुलंदी पर पहुँचाकर उन्होंने हमें सौंपा है। यह उनकी मेहनत का ही नतीजा है



कि आज मुस्लिम फंड और अल-नजीब कंपनी इस मुकाम पर है।" उन्होंने संकल्प लिया कि अब सभी की जिम्मेदारी है कि इस विरासत को और भी ऊंचाइयों पर ले जाया जाए।

**ईमानदारी और मेहनत का संकल्प**

सभा में मौजूद सभी शाखा प्रबंधकों और कर्मचारियों ने एकजुट होकर जकी साहब के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कर्मचारियों ने भरोसा दिलाया कि वे जकी साहब के विजन को पूरा करने के लिए पहले से भी अधिक मेहनत और पूरी ईमानदारी के साथ काम करेंगे ताकि कंपनी नई ऊंचाइयों को छू सके।

**अध्यक्षता हाजी हबीबुर्रहमान**

संचालन नईमुल हसन और नसीम आलम एडवोकेट (संयुक्त रूप से)किया जनरल मैनेजर जी.एच. बिलाल, डायरेक्टर डॉ. वसीम बारी, आसिम अंसारी और इशारुहक हिलाल।

कंपनी के एमडी गुफरानूल हक, राजा उल हक, मोहम्मद सरवर, शालिम, नदीम अहमद, अब्दुल कदीर, सरताज खान, लाइक अहमद, शहजाद नोमानी, शमशाद अहमद, आफताब आलम, अब्दुल रहमान अल्वी, रईस अहमद, दिलशाद, और इसरार सहित भारी संख्या में कर्मचारी और गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# तेज रफ्तार डंपर ने सड़क किनारे खड़े डंपर में मारी जोरदार टक्कर

**समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद (बि.टा.)। मंडावली क्षेत्र के अन्तर्गत स्थित मोटा महादेव मंदिर के निकट जटपुरा मार्ग पर सड़क किनारे खड़े डंपर में तेजी से आ रहे डंपर ने जोरदार टक्कर मारी दी। जिसमें वाहन चालक को गंभीर अवस्था में भर्ती कराया गया जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। शुक्रवार की दोपहर को मंडावली थाना क्षेत्र स्थित गांव मोहन पुर स्थित मंदिर के निकट जटपुरा मार्ग पर सड़क किनारे खड़े डंपर में तेजी से आ रहे डंपर ने जोरदार टक्कर मारी दी जिसमें चालक नितिन कुमार पुत्र देवेन्द्र कुमार निवासी आनंदपुरी मुजफ्फरनगर गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर लगते ही तेजी से आ रहे डंपर चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर उपचार के दौरान वाहन चालक नितिन कुमार की मौत हो गई। युवक के शव को पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेजा गया। और पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई।

ओंकार नाथ चौधरी

# नजीबाबाद के क्षेत्र तहसील ग्राम धनसिनी में पकड़ा गया फिर एक खूंखार गुलदार

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद के क्षेत्र तहसील ग्राम धनसिनी में फिर पकड़ा गया खूंखार गुलदार किसान सुबह-सुबह अपने खेत पर जा रहे थे जहां उन्होंने देखा खेत में लगे हुए पिंजरे में गुलदार फसा है यह पिंजरा मास्टर अरविंद के खेतों पर लगा था कुछ समय पहले वन विभाग की टीम को सूचित किया गया था की ग्राम धनसिनी में कुछ दिनों से गुलदार का आतंक देखा जा रहा है सूचना देने पर वन विभाग की टीम से गांव वासियों ने पिंजरा लगाने की कीर्ति मांग वन विभाग टीम ने पिंजरा लगा दिया था यह पिंजरा मास्टर अरविंद के खेतों पर लगाया गया था किसान अपने खेतों पर गए तो उसने देखा पिंजरे में गुलदार फसा है उसने सूचना दी कुछ लोग पिंजरे के पास गए और लेकर आए सुमित कुमार इशांत



कुमार अजीत सिंह आयुष कुमार लोकेंद्र कुमार आज दिनांक 19-12-2025 को शुक्रवार वाले दिन लगभग समय 7 से 8 बजे का था किसानों ने अपने खेत पर जाकर देखा तो उसमें गुलदार फंसा हुआ था गांव वासियों ने देखा तो गांव में हड़कंप मच गया यह है दो-तीन महीने के अंदर अंदर यह तीसरा गुलदार ग्राम धनसिनी से पकड़ा गया है यह गुलदार मादिन है यह ढाई से 3 साल तक का गुलदार का बच्चा है गांव वासियों ने वन विभाग की टीम को सूचना दी तो सूचना देने पर भी वन विभाग की टीम मौके पर नहीं पहुंची धनसिनी ग्राम वासियों ने नाराजगी जताई है और कहा है कि वन विभाग की टीम को सूचना देने पर भी मौके पर नहीं पहुंची अगर गलती से पिंजरा खुल जाए तो क्या होगा सूचना मिलने पर भी वन विभाग की टीम मौके पर नहीं पहुंची गांव वासी अधिक संख्या में गुलदार को देखने पहुंचे गांव वासियों का कहना है कि हम वन विभाग की टीम के पास पिंजरा लेने गए तो हमें मना किए थे बड़ी मस्कत के बाद हमें पिंजरा दिया था और हमारा कहना है कि हमें बड़ा से बड़ा अच्छा पिंजरा देने की कृपा करें 106 से अधिक जिला बिजनौर में गुलदार पकड़े गए गुलदार के पकड़े जाने से गांव वालों ने ली राहत की सांस

# बाल संसद बैठक का आयोजन किया गया

**समाज जागरण ओंकार नाथ चौधरी**

जनपद बलरामपुर देहात इंडियाके तत्वाधान मे ब्लॉक बलरामपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत बेल्हा के उच्च प्राथमिक विद्यालय भकचहिया में बाल संसद बैठक का आयोजन किया गया।

जिसमे बच्चों से जुड़े मुद्दों बाल संसद बैठक के उद्देश्यों बाल विवाह, बालश्रम,



बाल अधिकार,टोल फ्री नंबर आदि विषय पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। देहात संस्था के प्रोग्राम एसोसिएट विशाल उनियाल जी ने बताया कि हमें ऐसे बालहित समाज का निर्माण करना है। जिसमे बच्चों के अधिकार सुनिश्चित हो पाए। और बच्चा जिम्मेदार नागरिक बने।

बाल संसद प्रधानमंत्री तबरेज अंसारी ने बताया कि हमारे समाज में बच्चों को नहीं पढ़ाया जाता है। जिससे हम सभी का जीवन दुर्लभ हो जाता हैं। इसलिए हम सभी को आज यह शपथ लेना है कि हम सभी को शिक्षा के प्रति जागरूक होना है। और सभी को पढ़ने का अधिकार है।

आज के कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक मंगलदेव मिश्र,हेमलता कश्यप,जीशान, शिवम,विजय,विष्णु,तबरेज, अभिषेक,मोहिनी,सीमा,आशु सोनाली, मीनाक्षी, खुशी,देहात संस्था से विशाल उनियाल,रसोईया आदि उपस्थित रहे।

# बालश्रम कराना दंडनीय अपराध है बच्चों को पढायें

## थाना हरैया के भरसहिया, बरदौलिया,मणिपुर, चौधरी डीह आदि होटल ढाबा वर्कशॉप दुकानों पर जन जागरूकता अभियान चलाया गया

**समाज जागरण**
**ओंकार नाथ चौधरी**

जनपद बलरामपुर थाना हरैया अन्तर्गत ग्रामीण बौद्ध कल्याण सेवा संस्थान व पंचशील समाज कल्याण संस्थान एवं थाना हरैया के पुलिस टीम द्वारा भरसहिया,बरदौलिया, मणिपुर, चौधरी डीह आदि बाजारों में बाल श्रम उन्मूलन होटल ढाबा मोटर वर्कशॉप आदि दुकानों पर जन जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। अभियान का उद्देश्य लोगों को यह बताना था कि बाल श्रम बच्चों के अधिकारों का हनन है और यह कानूनन अपराध है।

14 वर्ष से कम आयु के बच्चों से किसी भी प्रकार का श्रम कराना प्रतिबंधित है और दोषियों पर सख्त





कार्रवाई हो सकता है। साथ ही अभिभावकों से अपील की गई कि वे बच्चों को शिक्षा से जोड़ें ताकि उनका भविष्य सुरक्षित हो सके ।समाज और सरकार के संयुक्त प्रयास से ही बाल श्रम जैसी समस्या को समाप्त किया जा सकता है।

कार्यक्रम में ग्रामीण बौद्ध कल्याण सेवा संस्थान के संस्था प्रमुख ओंकार नाथ चौधरी व पंचशील समाज कल्याण संस्थान के संस्था प्रमुख ओमप्रकाश एवं थाना हरैया एन्टीरोमियो/मिशन शक्ति टीम हरैया हेड कांस्टेबल अभिमन्यु यादव (प्रभारी) कांस्टेबल संजय गुप्ता, कांस्टेबल विजय विश्वकर्मा, कांस्टेबल कौशल यादव, महिला आरक्षी लक्ष्मी आदि की टीम मौजूद रहीं।

# थाना मंडावर पुलिस द्वारा साइबर अपराध जागरूकता अभियान

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर मंडावर। मडावर पुलिस की साइबर टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम दयालवाला, शिमला कलां (नई बस्ती) तथा अन्य कई स्थानों पर थाने की सरकारी जीप पर एलईडी टीवी लगाकर शॉर्ट वीडियो के माध्यम से साइबर अपराध के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। पैंफलेट बांटकर तथा मौखिक रूप से क्षेत्रवासियों को साइबर अपराध और इससे बचाव के तरीकों की जानकारी दी गई।साइबर टीम में एसआई आदेश कुमार, मिशन शक्ति प्रभारी प्रेरणा यादव, कंप्यूटर ऑपरेटर मोनू, महिला हेड कांस्टेबल रीता तोमर, सुमित पंवार तथा नीरज कुमार मौजूद रहे।थानाध्यक्ष सुमित राठी ने बताया कि साइबर अपराध से बचाव के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। लोगों को विभिन्न माध्यमों से साइबर अपराध से बचाव हेतु जागरूक किया जा रहा है, जिससे थाना क्षेत्र में साइबर अपराध काफी हद तक कम होता नजर आ रहा है।

## बंधन बैंक कर्मचारी की बाइक चोरी, पुलिस तलाश में जुटी

**समाज जागरण कांधला।**

कस्बे की टीचर कॉलोनी स्थित बंधन बैंक के बाहर से एक कर्मचारी की बाइक किसी चोर ने मौका पाकर चोरी कर ली। पीड़ित कर्मचारी ने थाने पहुंचकर तहरीर दी है। पुलिस बाइक चोर की तलाश में जुटी हुई है। जनपद मेरठ के गांव प्रहलादपुर निवासी इश्तियाक अहमद कस्बे की टीचर कॉलोनी स्थित बंधन बैंक में कर्मचारी है। बंधन बैंक के कर्मचारी का कहना है कि उसने विगत गुरुवार को अपनी बाइक बैंक के बाहर गली में खड़ी कर रखी थी। तभी किसी चोर ने मौका पाकर उसकी बाइक चोरी कर ली। पीड़ित का कहना है कि उसने बाइक चोर की तलाश की मगर कहीं भी सुराग नहीं लगा। शुक्रवार को पीड़ित बैंक कर्मचारी ने थाने पर पहुंचकर बाइक चोर के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस में बैंक कर्मचारी को कार्रवाई का आश्वासन देते हुए आसपास के लगे सीसीटीवी कैमरों में फुटेज खंगालते हुए चोर की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि तहरीर प्राप्त हुई है पुलिस तलाश कर रही है जल्दी बाइक बरामद कर चोर को पकड़ लिया जाएगा।

## पड़ोसी युवक ने गर्भवती को ईंट मार कर किया घायल

**समाज जागरण कांधला।**

थाना क्षेत्र के गांव नाला में मामूली विवाद को लेकर पड़ोसी युवक ने एक गर्भवती महिला के साथ मारपीट कर दी। पीड़ित महिला ने थाने पर पहुंचकर अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद आरोपी के विरुद्ध तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। शुक्रवार को थाना क्षेत्र के गांव नाला निवासी वसीम ने बताया कि उसकी बहन गुलफशा, घर पर बैठी हुई थी आरोप है कि तभी उसके पड़ोस के युवक ने पीड़ित व उसकी बहन के साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। आरोपी ने ईंटों से पथराव किया आरोपी द्वारा किए गए पतराव से एक ईंट पीड़िता की बहन को लग गई जो की तीन माह की गर्भवती है। शौर-शराबा होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पीड़ित ने घायल महिला को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। और पीड़ितो ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पहुंचकर आरोपी के विरुद्ध नामजद तहरीर दी है। पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## दो वाहनों की आमने-सामने की भिड़ंत,तीन लोग घायल

**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**

थाना क्षेत्र के गंगेरू मार्ग पर दो वाहनों की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। कस्बे की कमेला कॉलोनी निवासी साजिद व आसिफ बाइक नुमा रेहड़े में सब्जी खरीद कर देहात क्षेत्र में बेचने का कार्य करते हैं। दोनों लोग अपने वाहन में सब्जी भरकर गंगेरू क्षेत्र में सब्जी बेचने के लिए गए हुए थे। और सब्जी बेचकर वापस अपने घर आ रहे थे। जैसे ही दोनों लोग गंगेरू मार्ग स्थित अलफलाह फैक्ट्री के समीप पहुंचे तो सामने से आ रहे गांव गढ़ी श्याम निवासी अनुज की बाइक की टक्कर हो गई। दोनों वाहनों की भिड़ंत में तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने मामले की सूचना 108 एंबुलेंस को दी। एंबुलेंस के कर्मचारियों ने घायलों को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में तीनों लोगों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

## मिशन शक्ति अभियान, महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**



महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के उद्देश्य से मुख्यमंत्री द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को थाना की मिशन शक्ति टीम ने नगर में जागरूकता कार्यक्रम चलाया। इस दौरान टीम ने सरकारी अस्पताल, मुख्य चौराहों, बाजारों सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर पहुंचकर महिलाओं व बालिकाओं को मिशन शक्ति के बारे में विस्तार से जानकारी दी और उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया।मिशन शक्ति टीम के उप निरीक्षक सुनील दत्त एवं हेड कांस्टेबल मिथिलेश सहित अन्य पुलिसकर्मियों ने महिलाओं को बताया कि किसी भी प्रकार की आपात स्थिति, उत्पीड़न या अपराध की सूचना तुरंत पुलिस को दें। टीम ने सरकार द्वारा महिलाओं की सहायता के लिए चलाए जा रहे हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी साझा की, जिनमें पुलिस आपात कालीन सेवा 112, महिला हेल्प लाइन 1090, महिला एवं बाल सुरक्षा हेल्पलाइन 1091, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, तथा साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 शामिल हैं।पुलिस टीम ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को भयमुक्त वातावरण प्रदान करना, उन्हें आत्मनिर्भर बनाना तथा समाज में उनके सम्मान को सुनिश्चित करना है। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान महिलाओं व बालिकाओं ने रुचि के साथ जानकारी प्राप्त की और पुलिस द्वारा किए जा रहे इस प्रयास की सराहना की। मिशन शक्ति टीम ने भरोसा दिलाया कि महिलाओं की सुरक्षा व सम्मान के लिए पुलिस हर समय तत्पर है।

## ट्रैक्टर में गांजा ले जाता शातिर तस्कर गिरफ्तार, भेजा जेल

**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**




पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक ट्रैक्टर सवार से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एसपी एनपी सिंह के आदेश पर गंगेरू चौकी इंचार्ज विक्रम सिंह भाटी गंगेरू कांधला मार्ग पर संदिग्ध लोगों एवं संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच पुलिस को एक ट्रैक्टर आता दिखाई दिया। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक को रुकने का इशारा किया तो ट्रैक्टर चालक ने ट्रैक्टर की गति बढ़ा दी। पुलिस ने पीछा कर ट्रैक्टर को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर ट्रैक्टर के टूल से 39 किलो गांजा बरामद हुआ। पुलिस ट्रैक्टर चालक को हिरासत में लेकर थाने ले आई। पुलिस पूछताछ में गांजा तस्कर ने अपना नाम अमरपाल पुत्र अजब सिंह निवासी ग्राम इस्सौपुरटील थाना कांधला बताया है। पुलिस पूछताछ में गांजा तस्कर ने बताया कि वह ट्रैक्टर में गांजा इसलिए लाता है कि कोई उस पर शक न कर सके, वह हरियाणा से गांजा खरीद कर आस पास के गांवों में सप्लाई करता है। पुलिस ने कहा जाता तस्कर के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि एक गांजा तस्कर को भारी मात्रा में गांजे के साथ गिरफ्तार किया गया है। मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

## नालों पर अतिक्रमण बना जल निकासी में बाधा, नगर पालिका ने भेजा नोटिस

**समाज जागरण कांधला। (फुरकान जंग)**

कस्बे के गंगेरू मार्ग पर सड़क के दोनों ओर बने नालों पर लगातार हो रहे अतिक्रमण के कारण नालों की नियमित सफाई नहीं हो पा रही है। इसके चलते जल निकासी व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई है, जिससे बारिश के दिनों में जलभराव की समस्या उत्पन्न होने की आशंका बनी रहती है। कस्बा निवासी इनाम, शहजाद, खुर्शीद, रिजवान, शाहिद, आदि लोगों का कहना है कि नालों पर दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण के कारण गंदा पानी सड़क पर फैलने लगता है, जिससे राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। समस्या को लेकर नगर पालिका परिषद से शीघ्र नाला सफाई कराने की मांग की है।शुक्रवार को नगर पालिका परिषद ने मामले में गंगेरू मार्ग पर नालों के ऊपर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को नोटिस जारी किए। नोटिस में स्पष्ट रूप से निर्देश दिए गए हैं कि संबंधित दुकानदार दो दिन के भीतर नालों से अतिक्रमण हटा लें, ताकि सफाई कार्य सुचारू रूप से कराया जा सके।नगर पालिका परिषद ने चेतावनी दी है कि यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तो पालिका प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही पालिका की ओर से जबरन अतिक्रमण हटाकर नालों की सफाई का कार्य शुरू कराया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित अतिक्रमणकताओं की होगी। मुख्य लिपिक अशोक कुमार का कहना है कि अतिक्रमण कर रहे दुकानदारों को दो दिन का अल्टीमेटम देकर नोटिस भेजा गया है। अतिक्रमण नहीं हटने पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# एडीजी ने कैराना में सुरक्षा व्यवस्थाओं का लिया जायजा

— गौशाला और कोतवाली परिसर का भी किया निरीक्षण

— कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के दिए निर्देश



**समाज जागरण**

शामली कैराना।(फुरकान जंग )एडीजी मेरठ जोन भानु भास्कर ने कैराना पहुंचकर मुख्य बाजारों, प्राचीन गौशाला और कोतवाली परिसर का भ्रमण किया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेने के साथ ही पुलिस बल बढ़ाने, पुराने भवनों का जीर्णोद्धार कराने तथा कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने पर विशेष जोर दिया। शुक्रवार को एडीजी भानु भास्कर कोतवाली कैराना पहुंचे। सबसे पहले मुख्य मार्ग तथा चौक बाजार का भ्रमण किया। इसके बाद वे किलागेट पुलिस चौकी पहुंचे, जहां पुराने भवनों को ध्वस्त कर मल्टीस्टोरी बिल्डिंग बनाने के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही, पुलिस बल की संख्या बढ़ाने को कहा। प्राचीन गौशाला का निरीक्षण करते हुए एडीजी ने गोवंशों के रख-रखाव, चारे की व्यवस्था और साफ-सफाई की बारीकी से जांच की। गौशाला की देखभाल करने वाले व्यक्ति को इन व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने गोवंशों के लिए गौशाला में गुड भी भिजवाया। बाद में एडीजी ने कोतवाली पहुंचकर मिशन शक्ति केंद्र का निरीक्षण किया और वहां तैनात महिला इंस्पेक्टर तथा पुलिसकर्मियों से रजिस्टर एवं पुस्तिकाओं के संबंध में सवाल-जवाब किए। कोतवाली के भोजनालय में साफ-सफाई और बैठने की बेहतर व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। परिसर में खड़े पुराने वाहनों व मालखाने में जब्त सामान के निस्तारण तथा पुराने भवनों का जीर्णोद्धार अथवा नए भवन बनाने के प्रस्ताव तैयार करने को कहा गया। एडीजी ने कहा कि संवेदनशील स्थानों पर पुलिस अधिकारी लगातार भ्रमण कर रहे हैं। कैराना में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई और कमियों को दूर करने के निर्देश दिए गए। कोहरे के मौसम में यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराने तथा उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा गया। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश में सत्यापन अभियान चल रहा है, जिसकी समीक्षा राज्य निर्वाचन आयोग कर रहा है। इस दौरान डीएम अरविंद कुमार चौहान, एसपी नरेंद्र प्रताप सिंह, एएसपी सुमित शुक्ला, सीओ हेमंत कुमार, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समयपाल अत्री आदि मौजूद रहे।

## झिंझाना में दूषित पेयजल आपूर्ति पर ,नगर पंचायत के खिलाफ फूटा जनाक्रोश

**समाज जागरण झिंझाना।(फुरकान जंग)**




नगर पंचायत द्वारा विभिन्न मोहल्लों में दूषित पेयजल की आपूर्ति किए जाने के गंभीर आरोपों के बीच पूरे कस्बे में आक्रोश का माहौल बना हुआ है। मुख्य पेयजल टंकी की मरम्मत के कारण पिछले एक सप्ताह से नगर पंचायत की ओर से टैंकरों के माध्यम से पानी की आपूर्ति की जा रही थी, लेकिन लोगों का आरोप है कि इन टैंकरों में भेजा जा रहा पानी पीने योग्य नहीं था। कस्बा निवासी अनिल मास्टर, विपिन, नौशाद, अनिकेत, रिहाना और फरजाना सहित कई लोगों ने बताया कि उन्हें कई दिनों तक गंदा और दूषित पानी पीने के लिए मजबूर होना पड़ा, जो स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा है। लोगों का कहना है कि इस लापरवाही से बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों की सेहत पर बुरा असर पड़ सकता है।नगर पंचायत अध्यक्ष की कार्यशैली पहले भी विवादों में रही है। कुछ दिन पूर्व सफाईकर्मियों के साथ कथित बदतमीजी के विरोध में सफाईकर्मियों ने एक सप्ताह से अधिक समय तक हड़ताल कर दी थी, जिससे कस्बे की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई थी। गलियों में गंदगी के ढेर लग गए थे और लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया था। अब पेयजल आपूर्ति को लेकर सामने आए इस नए मामले ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है।शुक्रवार को हुए हंगामे के बाद नगर पंचायत ने दूषित पानी वाले टैंकर को हटाकर दूसरा टैंकर भेजा और साफ पानी की आपूर्ति शुरू कराई। हालांकि, कस्बेवासियों का कहना है कि यह केवल अस्थायी समाधान है। लोग पेयजल आपूर्ति की स्थायी व्यवस्था करने और इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों व नगर पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## दंगा विस्थापित कॉलोनी में चलाया सत्यापन अभियान

**समाज जागरण**

कैराना। दंगा विस्थापित नाहिद कॉलोनी में भारी पुलिस बल और पीएसी की मौजूदगी में आधार कार्ड के सत्यापन अभियान चलाया गया। पुलिस की कई टीमों ने घर-घर जाकर परिवार के सदस्यों के आधार कार्ड जांचे और उनके नंबर तथा नाम रजिस्टर में दर्ज किए। वर्ष 2013 के मुजफ्फरनगर दंगों के



बाद लिसाढ़, फुगाना, बहावड़ी आदि गांवों से विस्थापित होकर करीब 300 परिवार नाहिद कॉलोनी में बस गए थे। शुक्रवार को भारी पुलिस बल और पीएसी के जवानों ने कॉलोनी में पहुंचकर यह अभियान चलाया। एसपी नरेंद्र प्रताप सिंह और सीओ हेमंत कुमार ने मौके पर पहुंचकर कार्य की निगरानी की। अचानक बड़ी संख्या में पुलिस बल की आमद से कॉलोनी में हड़कंप मच गया और लोग यह अनुमान लगा रहे थे कि रोहिंग्या या बांग्लादेशी घुसपैठियों की तलाश में यह कार्रवाई की जा रही है। हालांकि, सीओ हेमंत कुमार ने स्पष्ट किया कि यह सत्यापन अभियान पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा है।

## सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए चलाया जन जागरूकता

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) एसपी एनपी सिंह के निर्देशन एवं यातायात पुलिस शामली द्वारा सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाने और दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए व्यापक जन जागरूकता व प्रवर्तन अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी क्रम में यातायात पुलिस टीम ने शहर क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया। अभियान के दौरान दिल्ली रोड शामली सहित प्रमुख चौराहों पर आमजन को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। खास तौर पर ट्रैक्टर-ट्राली व बोगी चालकों के वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए गए और उन्हें रात्रिकालीन दृश्यता के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए सुरक्षित वाहन संचालन के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा, सड़क सुरक्षा एवं सुचारू यातायात व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से सड़कों पर किए गए अतिक्रमण को हटवाया गया। यातायात पुलिस ने आमजन से सड़क किनारे अतिक्रमण न करने तथा यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने की अपील की।

## अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाने को लेकर एसपी ने किया पैदल गश्त

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) जिले में अपराध नियंत्रण एवं कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से गुरुवार देर रात एसपी एनपी सिंह ने पुलिस बल के साथ नगर क्षेत्र में पैदल गश्त की। पैदल गश्त विजय चौक से प्रारंभ होकर फव्वारा चौक, वर्मा मार्केट, शिव चौक, रेलवे क्रासिंग होते हुए गुरुद्वारा तक सम्पन्न हुई। गश्त के दौरान एसपी ने बाजार क्षेत्र, प्रमुख चौराहों व भीड़भाड़ वाले स्थानों का निरीक्षण किया और आमजन से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने व्यापारियों, राहगीरों एवं स्थानीय नागरिकों से बातचीत कर भरोसा दिलाया कि जनपद पुलिस जनता की सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। साथ ही किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। इस दौरान एसपी ने उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया कि अपराधियों, असामाजिक तत्वों एवं संदिग्ध व्यक्तियों पर सतर्क दृष्टि रखी जाए, नियमित गश्त व चेकिंग को और अधिक प्रभावी बनाया जाए तथा कानून-व्यवस्था भंग करने वालों के विरुद्ध सख्त एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। महिलाओं की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने और सार्वजनिक स्थलों पर पुलिस की दृश्यता बढ़ाने पर भी विशेष जोर दिया गया। पैदल गश्त के दौरान सीओ नगर अपेक्षा निम्बाडिया भी मौजूद रही।

## फर्म के नाम से जारी किए फर्जी व कूटरचित बिल, थाने पर शिकायत

**समाज जागरण शामली। (फुरकान जंग)**

कोतवाली क्षेत्र में एक व्यापारी ने फर्जी बिलों के जरिए जीएसटी विभाग में गलत लेन-देन दिखाकर धोखाधड़ी करने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। शहर के अजंता टाकीज के पीछे, मेरठ-करनाल रोड निवासी राजेन्द्र गर्ग पुत्र त्रिलोक चन्द, प्रोपराइटर मैसर्स शिवा ट्रेडर्स ने बताया कि उनकी फर्म का जीएसटी में विधिवत पंजीकरण है। आरोप है कि मैसर्स एसके इंजीनियर्स एंड कांट्रेक्टर्स, ग्राम ऊदपुर थाना झिंझाना, जिसके प्रोपराइटर संदीप कुमार हैं, द्वारा अगस्त 2020 की अवधि में उनकी फर्म के नाम से कई फर्जी व कूटरचित बिल जारी कर दिए गए, जबकि उन्होंने संबंधित फर्म से कभी कोई सामान नहीं खरीदा। पीड़ित के अनुसार, उक्त फर्जी बिलों के संबंध में जीएसटी विभाग को भी अवगत कराया जा चुका है। आरोप है कि विपक्षी फर्म व उसके प्रोपराइटर ने जानबूझकर जीएसटी विभाग और पीडित को नुकसान पहुंचाने तथा स्वयं को अवैध लाभ दिलाने की नीयत से यह कृत्य किया। बताया कि मामले को लेकर 24 नवंबर 2025 को अधिवक्ता के माध्यम से विधिक नोटिस भी भिजवाया गया था, लेकिन नोटिस मिलने के बाद उसके द्वारा उन्हें धमकाना शुरू कर दिया गया और जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित व्यापारी ने कोतवाली प्रभारी से मामले में रिपोर्ट दर्ज कर उक्त फर्म व उसके प्रोपराइटर के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई करने तथा अपनी जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित कराने की मांग की है।

## मोपेड फिसलने से महिला घायल

**समाज जागरण**

कैराना। मोपेड फिसलने से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां से उसे रेफर कर दिया।

शुक्रवार को गांव पंजीठ निवासी जरीफा अपने पति मुकीम के साथ मोपेड पर पानीपत रोड स्थित हैदरपुर फ्लाईओवर के पास सर्विस रोड से जा रही थी। इसी दौरान मोपेड अचानक फिसल गई, जिससे जरीफा घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला को तत्काल सीएचसी पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## नाली निर्माण कार्य में अनियमितता, ठेकेदार पर अनदेखी का आरोप

**समाज जागरण शामली।(फुरकान जंग)**

नगर पालिका के वार्ड एक स्थित श्रीपाल विहार क्षेत्र में चल रहे नाली निर्माण कार्य को लेकर स्थानीय लोगों ने गंभीर अनियमितताओं के आरोप लगाए हैं। इंद्रपाल से संजय के मकान तक कराए जा रहे नाली निर्माण में ठेकेदार द्वारा मानकों की अनदेखी किए जाने की शिकायत सामने आई है। मोहल्लेवासियों का कहना है कि नाली निर्माण में न तो सरिया लगाया जा रहा है और न ही सीमेंट का मसाला निर्धारित मानकों के अनुसार तैयार किया जा रहा है। आरोप है कि निर्माण कार्य में 10 तसले रोड़ी, 15 तसले डस्ट और मात्र एक कट्टा सीमेंट मिलाकर नाली बनाई जा रही है, जिससे निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। मोहल्ले के लोगों ने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को शिकायती पत्र देकर मांग की है कि नाली निर्माण के साथ-साथ सड़क का भी निर्माण कराया जाए तथा क्षेत्र में गैस पाइपलाइन डलवाने की व्यवस्था की जाए। इस अवसर पर संदीप वर्मा, पियूष सिंघल, प्रवीन बेदी, संजय कुमार, मोहित, विकास, ईशिका, कन्हैया, निशांत, विकास कुमार आदि मौजूद रहे।

## चकबंदी विभाग के उपसंचालक पर आदेश पलटने का आरोप, महिला ने किया आत्मदाह का प्रयास

**समाज जागरण**



शामली(फुरकान जंग)। कांधला क्षेत्र के गांव सुन्ना निवासी एक महिला ने उपसंचालक चकबंदी में दो बार पक्ष में फैसला सुनाये जाने के बाद भी आदेशों को पलटने का आरोप लगाते हुए मिटटी तेल छिडककर आत्मदाह करने का प्रयास किया। जिसके बाद कार्यालय में हडकंप मच गया। आसपास मौजूद वकीलों ने महिला के हाथ से तेल से भरी बोलत को छीना। वही थाना आदर्शमंडी पुलिस ने महिला को समझा बुझाकर शांत किया और न्याय का भरोसा दिलाया। कांधला क्षेत्र के गांव सुन्ना निवासी संगीता देवी ने उपसंचालक चकबंदी शामली पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि गांव में जून 2022 में नए चकों पर किसानों को कब्जा दिलाया गया था। उनके पति धर्मेन्द्र, जो मंदबुद्धि हैं, से संबंधित चकों को लेकर लंबे समय से विवाद चला आ रहा है। मामले में पहले उच्च न्यायालय इलाहाबाद के निदेर्शों के क्रम में डीडीसी शामली द्वारा 22 जून 2023 को निर्णय पारित किया गया था, जिसमें विपक्षियों की निगरानी खारिज कर दी गई थी। इसके बाद विपक्षी पक्षकारों द्वारा पुनः निगरानी दायर की गई, जिसे 26 जून 2025 को उपसंचालक चकबंदी शामली द्वारा पूर्व में निर्णय हो जाने के कारण पोषणीय न मानते हुए खारिज कर दिया गया। आरोप है कि बाद में पुनर्स्थापना प्रार्थना पत्र स्वीकार कर 2 जून 2025 का आदेश 15 दिसंबर 2025 को निरस्त कर दिया गया। पीड़िता का आरोप है कि आदेश निरस्त होने के बाद दबंगों द्वारा उनके चक पर कब्जा करने और बोई गई फसल को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। इसकी शिकायत उपसंचालक चकबंदी से की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। पीड़िता का कहना है कि वह एक असहाय महिला है और सुविधा शुल्क न दे पाने के कारण उसके साथ अन्याय किया गया। पीड़िता ने बताया कि मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर महिला ने शुक्रवार दोपहर करीब डेढ बजे उपसंचालक चकबंदी कार्यालय में पहुंचकर मिटटी तेल छिडककर आत्महत्या का प्रयास किया। जिससे कार्यालय में हडकंप मच गया। सूचना पर थाना आदर्शमंडी पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और महिला को समझा बुझाकर शांत किया और अपने साथ ले गई। महिला ने ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की।

# बीएलओ की सूचियों से 18 प्रतिशत मतदाता कम होना चिंताजनक, सुधीर पंवार

**समाज जागरण**



शामली। थानाभवन विधानसभा क्षेत्र में बीएलओ द्वारा तैयार की गई एएमडी लिस्ट के सत्यापन को लेकर समाजवादी पार्टी द्वारा नियुक्त बीएलए की बैठक जिला कैंप कार्यालय भैंसवाल में आयोजित हुई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रो. सुधीर पंवार ने बीएलए से अपने-अपने बूथ की मतदाता सूची का गंभीरता से परीक्षण करने को कहा। उन्होंने बताया कि कई बूथों पर स्थानांतरित व अनुपस्थित दर्शाए गए मतदाताओं की संख्या असामान्य है और बीएलओ पर समयबद्ध कार्य के दबाव के चलते गड़बड़ियां सामने आई हैं। प्रो. पंवार ने कहा कि बीएलओ की सूचियों में लगभग 18 प्रतिशत मतदाता कम होना चिंता जनक है। बूथ संख्या 225 का उदाहरण देते हुए बताया कि यहां 379 मतदाता हटाए गए हैं, जबकि उनमें से कई गांव में मौजूद हैं। मांगेराम प्रधान सिलावर ने कहा कि शिफ्टेड वोटरों में मुस्लिम व अनुसूचित वर्ग के नाम अधिक हैं, जिन पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। बैठक में महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष अर्चना चौधरी सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ज़िला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनभद्र ने छात्र-छात्राओं को विधिक सेवाएं की दी जानकारी

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**

सोनभद्र। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनभद्र के निर्देशन में शुक्रवार को जय प्रकाश असिस्टेन्ट एल.ए.डी.सी. मध्यस्थ अधिवक्ता, रामचन्द्र सिंह, द्वारा ग्लेनहिल स्कूल छपका, राबर्ट्सगंज सोनभद्र में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु 'मिशन शक्ति विशेष अभियान एवं ढडरल POSH Act 2013 on topic Sexual Harassment of Women on workplace विषय पर विधिक जागरूकता कार्यकम एवं का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान 60 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। महिला स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं को भारतीय दण्ड संहिता की धारा 354 के तहत ईव-टीजिंग (लडकी को छेडना) तथा कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम निषेध वा निवारण) अधिनियम 2013, सैनेटरी नैपकीन योजना, दहेज प्रतिषेध कानून, घरेलू हिंसा अधिनियम 2005, लैंगिक अपराधों से संरक्षण, कार्यस्थल पर यौन शोषण संबंधी अधिनियम, गर्भ का चिकित्सीय समापन अधिनियम 1971, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, गिरफ्तारी से पूर्व गिरफ्तारी के समय एवं उसके बाद महिलाओं के अधिकार संबंधी प्रावधान व कानून पूर्व गभार्धान व प्रसवपूर्व निदान तकनीक अधिनियम 1994 तथा विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987, अधिनियम की धारा 12 के अंतर्गत महिलाओं को निःशुल्क विधिक सेवा प्राप्त करने के अधिकार के बारे में उन्हें जागरूक किया गया तथा महिला हेल्पलाइन नं० 1090 एवं Sex Selection decline in sex ratio under PCPNDC Act, LG BTQIA, एवं विभिन्न साइबर काइम, साइबर हेल्पलाइन नं० 1930, यौपन उत्पीड़न, नागरिकों के मौलिक अधिकार व नालसा के टोल फ्री नं0 15100 और सालसा का हेल्पलाइन नं० 15100, नशीली दवाइयों के दुष्परिणाम, साइबर अपराध के बारे में जानकारी दी गयी एवं सालसा द्वारा निर्देशित सुरक्षित दवा, सुरक्षित जीवन अभियान जेनेटिक दवादयों की जानकारी दी गयी, मानसिक बीमारी वाले व क्तियों और बौद्धिक विकलांक व्यक्तियों के लिये कानूनी सेवा योजना 2024 साइबर काइम साइबर हेल्पलाइन नं० 1930, यौन उत्पीड़न, नागरिकों के मौलिक अधिकार, कर्तव्य व नालसा का टोल फ्री नं0 15100 एवं नालसा द्वारा चलायी जा रही सभी स्कीमों यथा DWAN Unit, ASHA Unit, SAMVAD Unit and JAGRITI Unit तथा नशीली दवाइयों के दुष्परिणाम, साइबर अपराध आदि के बारे में जानकारी दी गयी। यह जानकारी शैलेन्द्र यादव अपर जनपद न्यायाधीश / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनभद्र ने दी है।

# सोनभद्र मे कोहरे सहित आसमान में छाए रहे बादल, दिन भर सूरज ने की पहरेदारी

इस सीजन का सबसे ठंडा दिन रहा शुक्रवार, दिन भर ठीठूरे लोग.

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/समाज जागरण**



सोनभद्र। जनपद सहित आसपास के इलाकों में ज्यादातर हिस्सा ठंड व बादल के साथ कोहरे के साए में लिपटा हुआ देखने को मिला. मौसम विभाग का कहना है कि सोनभद्र सहित अन्य क्षेत्रों में एक बार फिर हवा का रुख बदलने की संभावना है. सोमवार से पछुआ हवाएं चलेंगी. इसके असर से जिले भर में दिन व रात के तापमान में क्रमशः गिरावट के साथ-साथ ज्यादा ठंड भी बढ़ सकती है और साथ ही कोहरे का असर देखने को मिलेगी. शुक्रवार को दिनभर कोहरा सहित बादल छाए रहने की वजह से धूप नहीं निकली. पूरे दिन जनपद सहित कई इलाकों में कोहरे व आसमान में छाए बादल ने सूर्य द्वारा पहरेदारी की गई. इससे जन जीवन पर खासा असर पड़ा है. गलन और सर्द हवाओं के कारण लोग घरों में दुबके रहे. बच्चों को कड़कड़ाती ठंड में स्कूल जाना पड़ा. धुन्ध के कारण दृश्यता कम रही. ऐसे में वाहनों की रफ्तार धीमी रही और उन्हें लाइट जला कर चलना पड़ा. ठंड से बचने के लिए लोग जगह-जगह अलाव जलाते दिखे. हालांकि शाम होते होते धुन्ध और बढ़ गई. इस सीजन में पहली बार तापमान सबसे कम रिकॉर्ड की गई. ज्यादा ठंड को देखते हुए जिलाधिकारी सोनभद्र डॉ. बद्रीनाथ सिंह ने जनपद वासियों से अपील की है कि ठंड के मौसम में यदि कोई भी गरीब अथवा असहाय व्यक्ति खुले में सोता हुआ दिखाई दे, तो उसकी सूचना तत्काल नजदीकी रेन बसेरा अथवा प्रशासन को दें. उन्होंने सभी उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया है कि वह रात्रि कालीन भ्रमण कर अपने-अपने क्षेत्रों में अलाव एवं रैन बसेरों की व्यवस्था का नियमित निरीक्षण करें. उन्होंने कहा कि रेलवे स्टेशन, प्रमुख चट्टी चौराहों, वह भीड़भाड़ वाले स्थानों के पास रेन बसेरा की जानकारी देते हुए होर्डिंग सहित प्रचार- प्रसार की व्यवस्था की जाए. इसके अलावा उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि अत्यधिक ठंड को देखते हुए चिन्हित स्थलों पर अलाव निरंतर जलते रहे तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी गरीब अथवा असहाय व्यक्ति सड़क के किनारे न सोने पाए. उन्होंने जनपद में ठंड से बचाव हेतु सैकड़ों अलाव स्थल चिन्हित किए गए हैं तथा दर्जनों रैन बसेरे स्थापित किए गए हैं. साथ सभी ही उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया गया है कि रात्रि कालीन भ्रमण के दौरान जरूरतमंद गरीब व असहाय व्यक्तियों को कंबल का वितरण सुनिश्चित करें।

# पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के नेतृत्व में पुलिस लाइन चुर्क में मासिक अपराध गोष्ठी सम्पन्न

अपराध नियंत्रण व लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण पर सख्त निर्देश

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**

सोनभद्र। जनपद सोनभद्र में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने, अपराधों की प्रभावी रोकथाम तथा विवेचनाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, श्री अभिषेक वर्मा के नेतृत्व में पुलिस लाइन चुर्क स्थित सभागार में सैनिक सम्मेलन व मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक ( मुख्यालय/ ऑपरेशन), समस्त क्षेत्राधिकारीगण एवं जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष उपस्थित रहे। मासिक अपराध गोष्ठी से पूर्व सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद के विभिन्न थानों एवं शाखाओं से उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना गया। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा पुलिसकर्मियों की समस्याओं के यथाशीघ्र एवं समयबद्ध समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए, जिससे पुलिस बल का मनोबल बढ़े एवं वे पूर्ण निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकें। मासिक अपराध गोष्ठी के दौरान जनपद में घटित अपराधों की माहवार समीक्षा की गई। विशेष रूप से 03 वर्ष से अधिक समय से लंबित/ वांछित अभियुक्तों, 03 माह से अधिक लंबित विवेचनाओं, गंभीर एवं संगठित अपराधों, एनडीपीएस एक्ट, महिला अपराधों, गिरफ्तारी की प्रगति, जमानत पर छूटे अभियुक्तों की निगरानी, मालखाना प्रबंधन, जब्त वाहनों के विधिक निस्तारण, उएक्रफपोर्टल के माध्यम से मोबाइल रिकवरी, रक्ळ पोर्टल से लिंक विवेचनाओं तथा सड़क किनारे खड़े भारी वाहनों के विरुद्ध की गई कार्रवाई सहित कुल 16 महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गहन समीक्षा की गई। गोष्ठी के दौरान पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि सभी लंबित विवेचनाओं का समयबद्ध, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी, निरोधात्मक कार्रवाई में तेजी, एनडीपीएस एवं महिला अपराधों के मामलों में शून्य सहनशीलता नीति अपनाने तथा मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 की प्रगति की भी विस्तृत समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि महिला अपराधों से संबंधित प्रकरणों में संवेदनशीलता, त्वरित कार्रवाई एवं पीड़िता-केंद्रित पुलिसिंग सुनिश्चित की जाए। मिशन शक्ति केंद्रों के सुचारु संचालन, महिला हेल्प डेस्क की सक्रियता, प्राप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण तथा शासन द्वारा निर्गत मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) का शत-प्रतिशत अनुपालन करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि मिशन शक्ति के अंतर्गत आयोजित होने वाले जागरूकता कार्यक्रमों की नियमित समीक्षा करते हुए उनकी प्रभाव शीलता को और अधिक सुदृढ़ किया जाए। इसके अतिरिक्त, थानों में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों को फील्ड स्तर पर सक्रिय रहते हुए अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने, जनता के साथ संवाद को मजबूत करने तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु सतर्क एवं उत्तरदायी पुलिसिंग सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया कि निर्धारित लक्ष्यों के अनुपालन में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा समीक्षा में अपेक्षित प्रगति न पाए जाने की स्थिति में संबंधित अधिकारियों की व्यक्तिगत जिम्मेदारी निर्धारित करते हुए आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। जनपद सोनभद्र पुलिस अपराध नियंत्रण, जनसुरक्षा एवं पारदर्शी पुलिसिंग के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है तथा इस दिशा में निरंतर प्रभावी प्रयास जारी रहेंगे।




# इंस्टाग्राम फ्रेंडशिप के नाम पर एआई-जनित फोटो से ब्लैकमेलिंग व जेवर ठगी करने वाला साइबर अपराधी राजस्थान से गिरफ्तार

**ब्यूरो समाज जागरण**

सोनभद्र। एक लड़की से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम के माध्यम से मित्रता स्थापित कर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (अक) तकनीक का प्रयोग करते हुए फर्जी/आपत्तिजनक फोटो तैयार कर ब्लैकमेल करने, शादी के लिए रखे गए समस्त जेवरात हड़पने तथा लगातार धमकी देकर और अधिक जेवर व धनराशि की मांग करने के संबंध में प्राप्त शिकायत पर पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देश पर त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही की गई। उक्त प्रकरण में साइबर क्राइम पुलिस थाना जनपद सोनभद्र पर मु0अ0सं0-13/2025 धारा 318(4), 308(2) बीएनएस व 66 D आईटी एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु साइबर क्राइम थाना सोनभद्र के निरीक्षक श्री डी.के. चौधरी के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर कार्यवाही करते हुए राजस्थान जाकर धोखाधड़ी व उत्पीड़न करने वाले अभियुक्त वाशिम खान पुत्र नबाब खान, निवासी सांगानेर, राजस्थान को करीमनगर, जयपुर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से उत्पीड़न में प्रयुक्त एप्पल मोबाइल फोन सहित अन्य मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। जांच में यह तथ्य प्रकाश में आया है कि अभियुक्त पीड़िता की शादी हो जाने के बावजूद भी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से तैयार किए गए फर्जी फोटो के आधार पर लगातार मानसिक उत्पीड़न एवं ब्लैकमेलिंग कर रहा था। प्रकरण में अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।




# लोक सभा चुनाव में प्रयुक्त वाहनों का अब तक भुगतान नही

सी एम आन लाइन में वर्षों से शिकायत दर्ज

**समाज जागरण**

शहडोल --- संसदीय चुनाव संपन्न हुये भले दो वर्ष की अवधि पूरी होने को है, लेकिन इस चुनाव में प्रयुक्त वाहनों का भुगतान आज तक नहीं किया जा सका। वाहनों के भुगतान न होने के कारण निर्वाचन शाखा और उसके अधिकारियों की साख पर बट्टा लगता दिखाई दे रहा है। बताया जाता है कि लोकसभा चुनाव शहडोल संसदीय क्षेत्र में शहडोल निर्वाचन कार्यालय व्दारा वाहनों को किराये पर लगाया गया था, लेकिन किराये के इन वाहनों का भुगतान आज तक नहीं किया गया है जिससे वाहन मालिकों में खासा आक्रोश व्याप्त है। वाहनों के मालिकों के व्दारा किराये के लिए निर्वाचन कार्यालय का चक्कर लगाते लगाते थक हार कर सी एम हेल्पलाइन का सहारा ले रखा है, उसमें भी उनके भुगतान के प्रति प्रशासनिक अधिकारियों का रवैया ठीक नजर नहीं आ रहा है। लोकसभा चुनाव में अपनी गाड़ी लगाने वाले रमेश त्रिपाठी ने बताया कि शहडोल निर्वाचन कार्यालय कलेक्टर शहडोल के व्दारा उनका वाहन किराये पर लगाया गया था जिसके किराया राशि 36000.00 का भुगतान आज तक नहीं होने के कारण सी एम हेल्पलाइन का सहारा लेना पडा है। रमेश त्रिपाठी ने बताया की मेरे व्दारा सी एम हेल्पलाइन नंबर 310 20223 पर 08 अप्रैल 2025 से लंबित है, जिसे लगातार प्रशासन फोर्स क्लोज कराने में जुटा हुआ है, जबकि मामले का निराकरण नहीं किया जा रहा है। मामले में बजट अप्राप्त होने का जिक्रे किया जा रहा है, जबकि निर्वाचन जैसे गंभीर कार्यों के लिए पहले से राशि की व्यवस्था होनी चाहिए। रमेश त्रिपाठी ने बतलाया की हमारे जैसे अन्य वाहन मालिक भी भुगतान के लिए निर्वाचन कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं। वाहनों के किराये का लंबी अवधि के बाद भुगतान न हो पाना जिला अधिकारियों की कार्यशैली की कलई खोलकर रख दी है। अपेक्षा है जिला प्रशासन निर्वाचन जैसे संवेदनशील कार्यों की साख बचाने के लिए अविलंब भुगतान कराने की पहल करेंगे।




# कन्नौजः पंचायत निर्वाचक नावावली का ड्राफ्ट पब्लिकेशन 23 को होगा, 32186 मतदाता बढ़े

**समाज जागरण बृजेश चतुवेर्दी**

कन्नौज। अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) / निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (पं०) देवेन्द्र सिंह ने अवगत कराया है कि पंचायत निर्वाचक नामावलियों के वृहद पुनरीक्षण-2025 के अंतर्गत अनन्तिम मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन दिनांक 23 दिसम्बर को किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जनपद में कुल 499 ग्राम पंचायतें हैं। वर्ष 2021 के अनुसार जनपद स्तर पर कुल मतदाता 11,24,763 थे। वृहद पुनरीक्षण के दौरान 1,63,850 मतदाताओं का परिवर्धन, 27,343 प्रविष्टियों का संशोधन तथा 1,31,664 मतदाताओं का विलोपन किया गया है। इस प्रकार 32,186 की शुद्ध वृद्धि के साथ आलेख्य प्रकाशन-2025 में जनपद के कुल मतदाताओं की संख्या 11,56,949 हो गई है। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि दिनांक 24 दिसम्बर से 30 दिसम्बर तक पंचायत मतदाता सूची जनसामान्य के निरीक्षण हेतु बी०एल०ओ०, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/उप जिलाधिकारी कार्यालय, खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय तथा जिला निर्वाचन कार्यालय (पंचायत एवं नगरीय निकाय), कक्ष संख्या-48, कलेक्ट्रेट, कन्नौज में उपलब्ध रहेगी। उन्होंने जनसामान्य से अपील की है कि कोई भी पात्र व्यक्ति जो 01 जनवरी, 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहा हो अथवा जो मतदाता सूची में शामिल होने से छूट गया हो, वह दिनांक 30 दिसम्बर तक प्रपत्रझ2 भरकर अपने संबंधित बी०एल०ओ० को उपलब्ध करा दें। मतदाता सूची में दर्ज विवरणों में संशोधन हेतु प्रपत्र-3 तथा किसी प्रविष्टि पर आपत्ति/विलोपन के लिए प्रपत्र-4 पर आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने सभी पात्र नागरिकों से आग्रह किया है कि वे निर्धारित अवधि में मतदाता सूची का अवलोकन कर आवश्यक सुधार कराएं, जिससे पंचायत निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनाया जा सके।

# बहुआर मे ग्राम पंचायत स्तरीय किसान पाठशाला संपन्न

"नैनों उर्वरक है किसानों का भविष्य"

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**

सोनभद्र। आज जनपद सोनभद्र के ब्लॉक राबर्टसगंज के ग्राम बहुआर में नैनो उर्वरक आधारित ग्राम पंचायत स्तरीय किसान पाठशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कृषि विभाग से प्राविधिक सहायक श्रीमती सुनीता पाल, इफको से एसएफए अवनीश कुमार पांडेय, ग्राम प्रधान श्रीमती शकुंतला देवी उपस्थित रहे। प्राविधिक सहायक सुनीता पाल द्वारा रबी फसलों में उत्पादन वृद्धि, पीएम किसान निधि योजना एवं कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई ।उन्होने ग्रामीणो की कृषि संबंधी जिज्ञासाओं का भी समाधान किया। इफको से अवनीश पांडे ने किसानों को नैनो यूरिया प्लस एवं नैनो डीएपी के लाभ एवं प्रयोग विधि के बारे में बताया। अवनीश पांडेय ने बताया कि नैनो यूरिया प्लस में 20% नाइट्रोजन उपलब्ध है तथा गेहूं में पहली खुराक दानेदार यूरिया और दूसरी खुराक के रूप में नैनो यूरिया प्लस 5 मि.ली./लीटर पानी से 25-30 दिन के अंतराल पर दो छिड़काव करने चाहिए। साथ ही गेहूं में नैनो डीएपी का प्रयोग 5 मि.ली./किग्रा बीज से बीज शोधन एवं 5 मि.ली./लीटर पानी से 1-2 छिड़काव करने की सलाह दी गई। इसके अतिरिक्त जैव उर्वरक, सागरिका, नेचुरल पोटाश, जल-विलेय उर्वरक के संबंध मे भी विस्तृत जानकारी दी गई। किसान पाठशाला मे बीपैक्स सचिव विन्ध्याचल राम, प्राविधिक सहायक सुनीता पाल, एसएफए अवनीश पांडेय समेत बड़ी संख्या मे क्षेत्रीय किसान उपस्थित रहे।



# आवारा पशु के आ जाने से अनियंत्रित हुई स्कूटी इंदिरा नहर में जा समाई

**समाज जागरण संवाददाता निगोहां**

लखनऊ नगराम इंदिरा नहर पटरी होकर बाराबंकी जा रही एक स्कूटी सवार महिला की स्कूटी उस समय नहर में जा घुसी जब स्कूटी के सामने अचानक आवारा पशु आ गया और अनियंत्रित हुई स्कूटी नहर में चली गई जबकि महिला डिवाइडर पर ही गिर गई। अनहोनी घटना होने से टल गई डायल 112 की सूचना पर पहुंची नगराम पुलिस द्वारा स्थानीय गोताखोरों की मदद से स्कूटी की तलाश कराई गई नहर में गहरा पानी व तेज बहाव के चलते पता नहीं चल सका । गोसाईंगंज के रायपुर सदरा गांव निवासी अजीत की पत्नी किरन स्कूटी से इंदिरा नहर पटरी होते हुए बाराबंकी के लोनी कटरा थाना क्षेत्र के रामपुर परीवां गांव अपने मायके जा रही थी दोपहर करीब तीन बजे हैदरगढ़ शाखा के हरदोइया रेगुलेटर से करीब पांच सौ मीटर आगे पहुंचते ही अचानक सामने आ गए आवारा पशु को बचाने के चक्कर में संतुलन बिगड़ने से स्कूटी सीधा नहर में जा गिरी जबकि डिवाइडर से टकराकर महिला नहर पटरी पटरी पर ही गिर कर चोटिल हो गई । डायल 112 की सूचना पर मौके पर पहुंची नगराम पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से नहर के पानी में स्कूटी तलाश कराई गई । नहर में गहरा पानी व तेज बहाव के कारण स्कूटी का पता नहीं चल सका। थानाध्यक्ष नगराम विवेक चौधरी ने बताया कि स्कूटी तलाशने के लिए शारदा सहायक खंड 28 के अधिशाषी अभियंता से नहर का पानी कम करने के लिए कहा गया है ।



# राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरई में शिक्षक-अभिभावक बैठक आयोजित

बच्चों के समग्र विकास पर दिया गया जोर, नियमित उपस्थिति वाले छात्र हुए सम्मानित

**भुनेश्वर कुमार महातो , संवाददाता - समाज जागरण**

बेरमो / ऊपरघाट : बेरमो अनुमण्डल क्षेत्र नावाडीह प्रखंड के ऊपरघाट अंतर्गत बरई पंचायत स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरई के प्रांगण में शुक्रवार को शिक्षकझअभिभावक बैठक (पीटीएम) का सफल आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष श्रीमती सुनैना देवी ने की , जबकि संचालन विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक शिव कुमार गोस्वामी द्वारा किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य बच्चों के समग्र विकास को लेकर माता-पिता/अभिभावकों एवं शिक्षकों के बीच समन्वय को और अधिक मजबूत करना था। वक्ताओं ने कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास तभी संभव है, जब विद्यालय और अभिभावक मिलकर निरंतर प्रयास करें। समग्र शिक्षा अभियान एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति भी इस तथ्य पर बल देती है कि बच्चों की सीखने की क्षमता के विकास में अभिभावकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। बैठक में उपस्थित सांसद प्रतिनिधि दिप्पू अग्रवाल ने कहा कि अभिभावकों को समय-समय पर विद्यालय आकर शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी लेनी चाहिए तथा शिक्षकों से संवाद कर बच्चों की प्रगति पर चर्चा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि छात्रों का नियमित नामांकन, शत-प्रतिशत उपस्थिति एवं लर्निंग गैप को कम करने में अभिभावकों की सकारात्मक पहल बेहद आवश्यक है। इसके लिए नियमित रूप से शिक्षकझअभिभावक बैठक का आयोजन किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि विद्यालय प्रांगण में सांसद मद से फेवर ब्लॉक बिछाने का कार्य किया जा रहा है, जिससे विद्यालय की सुंदरता में वृद्धि होगी। बैठक में विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य, विद्यालय में कार्यरत शिक्षकगण तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं के माता-पिता एवं अभिभावक उपस्थित रहे। बैठक के दौरान बेहतर रिजल्ट, मासिक परीक्षा एवं प्रयास कार्यक्रम के तहत शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज करने वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय प्रधानाध्यापक द्वारा कलम एवं कॉपी देकर सम्मानित किया गया। बैठक में उपस्थित प्रमुख अभिभावकों में नकुल प्रसाद अग्रवाल, जयलाल महतो, सुनीता देवी, संतोष कुमार, विजय महतो, प्रेम शंकर, मालती देवी, देवंती देवी, शकुंतला देवी, घनश्याम पांडे, अमित महतो, कुशल महतो सहित अन्य अभिभावक एवं माता-पिता शामिल थे। बैठक को सफल बनाने में सभी के सहयोग की सराहना की गई।



# ऊपरघाट के दर्जनों युवा झारखण्ड - हरियाणा मैच का रोमांच देखने पहुंचे, क्रिकेट के जुनून ने खींचा स्टेडियम

**भुनेश्वर कुमार महातो , संवाददाता - समाज जागरण**

बेरमो / ऊपरघाट : बोकारो जिले के बेरमो अनुमण्डल क्षेत्र ऊपरघाट के दर्जनों युवाओ ने झारखण्ड हरियाणा के बीच खेले जा रहे रोमांचक मुकाबले का लाइव आनंद लेने के लिए स्टेडियम पहुंचे। युवाओ के चेहरे पर उत्साह, जोश और उमंग देखने लायक थी। वे युवा सभी बचपन से ही क्रिकेट के बड़े प्रशंसक रहे हैं और टीम झारखंड के खिलाड़ियों– इशन किशन, कुशग्रा को अपने सामने खेलते देखने का सपना पूरा होने पर बेहद उत्साहित नजर आए। मैच शुरू होने से पहले ही युवाओ ने जोहार झारखंड के पोस्टर लेकर टीम झारखंड को सपोर्ट किया। दर्शक दीर्घा में बैठकर वे लगातार टीम के लिए चीयर करते रहे और हर चौके-छक्के पर झूमकर खुशी मनाते दिखे। उत्साह के मुताबिक क्षेत्र से बाहर निकलकर स्टेट स्तर का मैच देखने का अनुभव युवाओ के लिए बेहद खास रहा। उन्होंने बताया कि इस तरह का माहौल टीवी पर देखने से बिल्कुल अलग होता है स्टेडियम की आवाज, माहौल का जोश और खिलाड़ियों की मैदान पर उपस्थिति हर पल को यादगार बना देती है।



# नावाडीह मे बोकारो एसपी हरविंदर सिंह ने किया प्रेस कॉन्फ्रेंस, चपरी मे चोरी हुई ट्रांसफार्मर के क्वाइल का किया खुलासा।

**भुनेश्वर कुमार महातो, संवाददाता - समाज जागरण**

बेरमो/ डुमरी : बोकारो एसपी हरविंदर सिंह बेरमो अणुमन क्षेत्र के नावाडीह थाने पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दिया कि चपरी संयुक्त ग्रामीण जलापूर्ति परियोजना के कार्य के दौरान ट्रांसफार्मर का क्वाइल चोरी किया गया। कहा कि बेरमो डीएसपी बीएन.सिंह, डीएसपी नवल किशोर सिंह के नेतृत्व मे टीम गठित कर छापेमारी किया गया। छापेमारी के दौरान पेंक नारायणपुर थाना क्षेत्र के अरलबेड़ा के रहने वाले सुंदरलाल मरांडी,जितेंद्र मुर्मू , फूलचंद हाँसदा , पेंक नारायणपुर थाना के छोटकीकुड़ी से गिरफ्तार किया गया। उनके पास से एक मोबाइल एक बाइक और 50 किलो क्वाइल बंडल तार बरामद किया गया। कहा कि उन लोगों के पास एक मोटा रस्सी होता था जिसके द्वारा वह 11000 वोल्ट तार पर फेंक कर दोनों को खींचकर सटाने का काम करते थे जिससे की तार उड़ जाता था और उन दोनों को काटकर मोटी रकम में बेचने का काम करते थे। उहोंने ने बताया कि इस कांड के मास्टर की गिरफ्तारी होना अभी बाकी है उसे भी बहुत जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जायेगा। छापेमारी दल में पेंक नारायणपुर थाना प्रभारी नीतीश कुमार , बोकारो थर्मल थाना प्रभारी पिंकू कुमार यादव , दुग्धा थाना प्रभारी मनीष कुमार , बोकारो झरिया थाना प्रभारी श्री निवास सिंह , गांधीनगर थाना प्रभारी धनंजय कुमार सिंह , कथारा ओपी प्रभारी राजेश प्रजापति , पुअनि राजीव रंजन , बंधन भगत आदि मौजूद थे। बता दें कि पिछले 21 नवंबर रात नावाडीह थाना क्षेत्र के डूमरी नावाडीह मुख्य पथ के चपरी पंचायत अन्तर्गत न्यू अमलो मे पेयजल एवं स्वाच्छता विभाग द्वारा 52 लाख की राशि से चपरी मे पेयजल आपुर्ति हेतू नव निर्मात वाटर प्लांट में शुक्रवार की देर रात करीब 11 बजे 10-12 अज्ञात नकाबपोश अपराधियों ने हथियार की नोक पर इंचार्य ओमप्रकाश सिंह ,कंपनी के जेई मनी भुषण प्रसाद एवं गार्ड किसुन महतो को बंधक बनाकर प्लांट परिसर मे रखी न्यू 500 केवी के बिधुत ट्रांसफार्मर से लगभग 5 लाख की बिधुत क्वाईल लूट ली। इस दौरान अपराधियों का विरोध किए जाने पर अपराधियों ने लोहे के रड से इंचार्य ओमप्रकाश सिंह के सिर पर वार कर माथा फोड दिया जिससे वे लहुलूहन हो गये। वही जेई मनीभुषण प्रसाद का हाथ तोड दिया जबकि गार्ड किसुन महतो को डंडा से मार कर शांत कर एक कमरे मे बंद कर दिया। सुचना मिलते ही रात को नावाडीह थाना के एसआई राजीव रंजन ,बंधन भगत एवं विक्रेश सिंह दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचकर तीनो घायल को नावाडीह सीएचसी पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर देखकर इंचार्य व जेई को रांची रेफर कर दिया गया। वही शनिवार को जिले के एसपी हरविरेन्द्र सिंह ,बेरमो डीएसपी वशिष्ट नारायण सिंह ,नावाडीह थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी ,विधुत विभाग के कनीय अभियंता कुनूराम टुडू ,दैनिक कर्मी नरेश रविदास पहुंचकर मामले की पडताल की वही डांग स्कार्ड व फिगर फोरेस्कि टीम पहुंचकर मामले की जांच की। एसपी श्री सिंह ने प्रभारी को शीघ्र ही आपराधियों की पहचान कर गिरफ्तार करने का निर्देश दिया। कनीय अभियंता कुन्नू राम टुडू ने बताया कि रविवार की रात लगभग 11 बजे अज्ञात चार पांच नकाबपोश अपराधी चारदिवारी फांदकर प्लांट मे प्रवेश कर हथियार का भय दिखाकर गार्ड से मुख्य गेट की चाभी छीन ली फिर गेट खोलकर अन्य आठ दस अपराधियों का प्रवेश करवा कर इंचार्य ओम प्रकाश सिंह व कंपनी के जेई मनीभुषण को अपने कब्जे मे ले लिया। इस दोरान अपराधियो ने कर्मी के साथ मारपीट कर एक कमरे मे बंद कर दिया। ओर परिसर मे रखी पांच सौ केवी के ट्रासफार्मर को क्षतिग्रास्त कर लगभग पांच लाख का बिधुत क्वाइल लूटकर फरार हो गये। वही गार्ड किसुन महतो ने बताया कि सभी अपराधी अपने चेहरा गमछा बांधकर छुपा ली थी आपराधी हमलोगो से हिन्दी भाषा व आपस मे आदिवासी भाषा मे बात-चीत कर रहे थे ,सभी के उम्र 25 से 35 के करीब लग रहा था। निरीक्षण के दौरान वाटर प्लांट परिसर मे लाखो रूपया के पाईप ,ट्रासफार्मर व समान रहने के वावजूद सुरक्षा हेतू सीसीटीवी कैमरा नही लगाने व ट्रांसफार्मर मे बिधुत कनेक्शन नही दिए जाने पर संवेदक को फटकार भी लगाई थी ।



# बहल थाने में दर्ज पोक्सो व एससी-एसटी एक्ट की धाराओं में तीन युवकों को किया गिरफ्तार

**आरोपितों को शुक्रवार को न्यायालय में पेश किया गया जहां उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत भेज दिया गया**

**समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**




बहल, 19 दिसंबर। बहुत चर्चित बहल थाने में दर्ज पोक्सो व एससी-एसटी एक्ट की धाराओं में तीन युवकों की गिरफ्तारी की गई है और इन तीनों को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया जहां उन्हें न्यायिक हिरासत भेज दिया गया है और मामले की गहनता से जांच जारी रखी जा रही है। इस मामले में आरोपित मोहित व नमित वासी सिधनवा तथा विकास वासी गोकलपुरा को पुलिस ने वीरवार देर रात गिरफ्तार किया था। आरोपितों को शुक्रवार को न्यायालय में पेश किया गया जहां उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत भेज दिया गया है।

थाना क्षेत्र के गांव में एक नाबालिक लड़की के अपहरण सहित विभिन्न संगीन धाराओं में किसान नेता रवि आजाद सहित तीन 3 अन्य पर मामला पीड़िता के पिता ने दर्ज करवाया था। इस मामले को लेकर विभिन्न किसान संगठन खाप पंचायत ने एक महापंचायत कर किसान नेता रवि आजाद का पक्ष रखते हुए रवि को इस मामले से परे बताया और किसी भी सरकारी जांच एजेंसियों से मामले की जांच करने और नार्को टेस्ट करने की भी मांग की गई थी। मामले की जांच को लेकर सीएटी का गठन भी किया गया था। बाद इसके 18 दिसंबर की रात को इस मामले में आरोपित संलिप्त तीन युगों को गिरफ्तार करने में एसआईटी को कामयाबी हाथ लगी थी। जिन्हें शुक्रवार को लोहारू न्यायालय पेश किया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी इंस्पेक्टर संजय कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि इस मामले में घंटा से जांच पड़ताल चल रही है और अभी तक गिरफ्त में आए तीनों आरोपितों मोहित, नमित व विकास को संबंधित अभियोग में गिरफ्तार किया गया है और मामले की जांच प्रभावी ढंग से जारी है।

# श्रीराम ने विपरीत परिस्थितियों में भी कभी मयार्दा का त्याग नहीं किया : शास्त्री

**समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**



भिवानी। सिंघानिया सदन धर्मशाला में आनंद ब्रादर्श सेवा समिति की ओर से आयोजित सप्तदिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन भगवान श्रीराम की मयार्दाओं, आदर्शों और उनके प्रेरणादायी जीवन पर विशेष प्रकाश डाला गया। कथा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, जिन्होंने भावविभोर होकर कथा का श्रवण किया और जय श्रीराम के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया।

छठे दिन की कथा में वृंदावन से पधारे प्रसिद्ध कथावाचक राधेश्याम शास्त्री ने भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़े अनेक प्रसंगों का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। उन्होंने कहा कि श्रीराम केवल एक राजा या योद्धा नहीं, बल्कि मयार्दा पुरुषोत्तम के रूप में संपूर्ण मानवता के लिए आदर्श हैं। उनका जीवन सत्य, धर्म, करुणा, त्याग और कर्तव्यबोध का सर्वोत्तम उदाहरण है। माता-पिता की आज्ञा का पालन, भ्रातृ प्रेम, पत्नी के प्रति समर्पण और प्रजा के हित को सर्वोपरि रखना–ये सभी गुण आज के समाज के लिए भी उतने ही प्रासंगिक हैं।

कथावाचक ने वनवास, केवट प्रसंग, भरत मिलाप और राजधर्म से जुड़े प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि श्रीराम ने विपरीत परिस्थितियों में भी कभी मयार्दा का त्याग नहीं किया। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीराम का जीवन हमें सिखाता है कि कठिन से कठिन समय में भी धैर्य, संयम और धर्म के मार्ग पर चलना ही सच्ची विजय है। कथा के दौरान भजनों और संकीर्तन से श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा संयोजक वेदप्रकाश व समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि सप्तदिवसीय कथा का उद्देश्य समाज में धार्मिक चेतना जागृत करना और लोगों को सदमार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम के समापन पर आरती की गई और प्रसाद वितरित किया गया। आयोजन में शहर के अनेक गणमान्य व्यक्ति, महिलाएं, पुरुष एवं युवा श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# बहल में सब्जी मंडी की एक नंबर दुकान की बोली लगी 81 लाख 85000 रुपए

## बहल सब्जी मंडी की कुल 38 में से केवल 13 दुकानों के नीलामी कराई गई दुकानों की नीलामी से मार्केटिंग बोर्ड को 7 करोड़ 78 लाख रुपए की मिली आमदनी

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता।( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 19 दिसंबर। हरियाणा मार्केटिंग बोर्ड द्वारा स्थापित व विकसित कस्बे की सब्जी मंडी की दुकानों की आनलाइन बोली शुक्रवार को की गई। सब्जी मंडी की कुल 38 में से केवल 13 दुकानों के नीलामी कराई गई। दुकानों की नीलामी से मार्केटिंग बोर्ड को 7 करोड़ 78 लाख रुपए की आमदनी मिली है। सब्जी मंडी की एक नंबर दुकान 81 लाख 85000 में सुमन देवी के नाम नीलामी छुटी है। सब्जी मंडी के लिए नीलामी दुकान 20 गुणा 50 फीट की 7 तथा 15 गुणा 37.6 फीट की 7 की बोली शुक्रवार कराई गई है। मंडी की दुकान नं 3 की हरिकिशन 66,62000 रूपए, दुकान नं 4 नरेन्द्र कुमार 67,32000 रूपए, दुकान नं 5 सुन्दर देवी 71,12000 रूपए, दुकान नं 9 प्रीतम कुमारी 64,22000 रूपए, दुकान नंबर 10 राहुल 70,52000 रूपए, दुकान नंबर 11 सुभाष चंदर 71,02,000 रूपए दुकान नंबर 21 (सी) नीतू 44,46000 रूपए- दुकान नंबर 23 बोली रद्द कर दी गई । दुकान नं 24 आशीष ने 48,36000 रूपए- दुकान नंबर 25 हरिकिशन 48,46000 रूपए, दुकान नंबर 27 राजपाल सिंह ने 50,26000 रूपए- दुकान नंबर 28 चंद्रकला 50,06000 रूपए- दुकान नंबर 29 सुंदर देवी 44,06000 की बोली लगाकर नीलमी करवाई। यह जानकारी देते कमेटी के सचिव सुनील हुड्डा ने बताया कि एक दुकानों की नीलामी से मार्केटिंग बोर्ड को करीब 8 करोड रुपए की नीलामी राशि प्राप्त होगी। उन्होंने नीलामी के सफल और प्रतिभागियों को शुभकामनाएं भी दी।

# झज्जर में चार लेन सड़क परियोजना को मंजूरी

## झज्जर में चार लेन सड़क परियोजना को 2,583.55 लाख की प्रशासनिक स्वीकृति

**चंडीगढ़ शीतकालीन सत्र, हरियाणा विधानसभा**

हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान राज्य सरकार ने झज्जर जिले में सड़क अवसंरचना को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। चुचकवास बाईपास एवं चुचकवासझमातनहेलझबहूझकरोली मार्ग के चार लेन निर्माण के लिए 2,583.55 लाख की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है।

यह जानकारी हरियाणा के लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) मंत्री श्री रणबीर गंगवा ने विधानसभा में दी। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित परियोजना के अंतर्गत 78 प्रतिशत भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है, जबकि शेष भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही प्रगति पर है।

मंत्री ने बताया कि इस परियोजना के तहत चुचकवास बाईपास को झज्जरझचरखी दादरी ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे से जोड़ा जाएगा, जिससे क्षेत्रीय संपर्क बेहतर होगा और यातायात व्यवस्था को नई गति मिलेगी। इसके साथ ही स्थानीय लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और क्षेत्र के आर्थिक विकास को भी बल मिलेगा।

सरकार का मानना है कि चार लेन सड़क के निर्माण से झज्जर जिले की सड़क अवसंरचना मजबूत होगी, यात्रा समय कम होगा और औद्योगिक व व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

# हरियाणा में Mbbs सीटों में बड़ी बढ़ोतरी

**हरियाणा में डॉक्टर-आबादी अनुपात सुधारने की दिशा में बड़ा कदम, MBBS सीटें 700 से बढ़कर 2710**

**चंडीगढ़ शीतकालीन सत्र, हरियाणा विधानसभा**

हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान स्वास्थ्य मंत्री श्रीमती आरती सिंह राव ने राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार डॉक्टर और आबादी के अनुपात को बेहतर बनाने के उद्देश्य से पब्लिक और प्राइवेट दोनों क्षेत्रों में नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना कर MBBS सीटें बढ़ाने पर निरंतर कार्य कर रही है।

स्वास्थ्य मंत्री ने सदन को अवगत कराया कि वर्ष 2014 में हरियाणा में MBBS की कुल 700 सीटें उपलब्ध थीं, जबकि वर्तमान में यह संख्या बढ़कर 2710 सीटों तक पहुंच चुकी है। यह वृद्धि राज्य सरकार की स्वास्थ्य क्षेत्र में दूरदर्शी नीति और निवेश का परिणाम है।

उन्होंने कहा कि मेडिकल शिक्षा के विस्तार से न केवल प्रदेश में योग्य डॉक्टरों की संख्या बढ़ेगी, बल्कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता भी सुदृढ़ होगी। सरकार का लक्ष्य है कि आने वाले वर्षों में हरियाणा को स्वास्थ्य सुविधाओं के मामले में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल किया जाए।

स्वास्थ्य मंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना से युवाओं को चिकित्सा शिक्षा के अधिक अवसर मिलेंगे और राज्य के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी।

# दिल्ली लालकिला विस्फोट में नौवां आरोपी गिरफतार

**समाज जागरण बादल हुसैन**

नई दिल्ली, दिल्ली 19 दिसंबर, दिल्ली की एक अदालत ने लालकिला विस्फोट मामले में नौवें लोग यासिर अहमद डार को 26 दिसंबर तक राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण एन आईए की हिरासत में भेज दिया। विषेश न्यायाधीश



प्रशांत शर्मा ने एन आईए की वह याचिका स्वीकार कर ली जिसमें आरोपी से हिरासत में पूछताछ का अनुरोध किया गया था। इससे पहले दिन में एन आईए ने डार को गिरफ्तार किया, जो जम्मू कश्मीर का निवासी है और आत्मघाती हमलावर उमर उन नबी का कथित रूप से करीबी सहयोगी है।एन आईए के अनुसार डार ने 10 नवंबर को हुए विस्फोट की साज़िश में साक्रिय भूमिका निभाई थी।15 लोग मारे गए थे और कई अन्य घायल हुए थे।

# पानीपत इलेक्ट्रिक बस डिपो और सड़क परियोजनाएं

**पानीपत इलेक्ट्रिक बस डिपो पूरी क्षमता के साथ तैयार, 50 इलेक्ट्रिक बसों में से 15 प्राप्त**

**पानीपत शीतकालीन सत्र, हरियाणा विधानसभा**

हरियाणा सरकार ने पानीपत स्थित इलेक्ट्रिक बस डिपो को बसों के संचालन हेतु पूरी क्षमता के साथ तैयार कर लिया है। ऊर्जा मंत्री श्री अनिल विज ने शीतकालीन सत्र के दौरान जानकारी देते हुए बताया कि आगामी तीन महीनों के भीतर डिपो को पूर्ण रूप से चालू कर दिया जाएगा।

पानीपत के लिए स्वीकृत 50 इलेक्ट्रिक बसों में से अब तक 15 बसें डिपो को प्राप्त हो चुकी हैं, जबकि शेष बसें भी अगले तीन महीनों के भीतर उपलब्ध कराई जाएंगी। यह परियोजना सार्वजनिक परिवहन को स्वच्छ, टिकाऊ और आधुनिक बनाने की दिशा में राज्य सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

**पेहोवा क्षेत्र में सड़क और अंडरपास परियोजना**

हरियाणा सरकार जनहित से जुड़े बुनियादी ढांचे के विकास के लिए भी प्रतिबद्ध है। लोक निर्माण मंत्री श्री रणबीर गंगवा ने बताया कि पेहोवा विधानसभा क्षेत्र के गांव उरानाई और राष्ट्रीय राजमार्ग-152 को जोड़ने वाली सड़क के जंक्शन पर अंडरपास बनाने का प्रस्ताव ठलअक के पास विचाराधीन है।

मंत्री ने कहा कि पिछले 11 सालों में राज्य की सड़क नेटवर्क मजबूत हुई है और इससे नागरिकों को बेहतर परिवहन सुविधाएं मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार काम करने वाली सरकार है और जनता का भरोसा लगातार इस पर बना हुआ है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने भी कहा



कि पहले की सरकारों ने सड़कों के सुदृढ़ीकरण के बारे में पर्याप्त ध्यान नहीं दिया, जबकि वर्तमान सरकार ने पिछले वर्षों में सड़क और परिवहन परियोजनाओं में उल्लेखनीय विकास किया है।

# दिल्ली पुलिस ने चोरी मोबाइल बरामद कर लौटाए

**CEIR पोर्टल की मदद से चोरी/गुम हुए 29 मोबाइल बरामद, दिल्ली पुलिस ने लौटाए उनके मालिकों को**

**समाज जागरण दिल्ली 19 दिसंबर 2025**

दिल्ली पुलिस की दक्षिणी रेंज ने CEIR पोर्टल की सहायता से कुल 29 चोरी/गुम हुए मोबाइल बरामद किए हैं।

बरामद मोबाइल फोन PTS, मालवीय नगर में आयोजित विशेष कार्यक्रम के माध्यम से उनके वास्तविक मालिकों को सौंपे गए। प्राप्तकताओं ने मोबाइल वापस पाने के बाद #DilKiPolice का धन्यवाद और आभार व्यक्त किया।



पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने मोबाइल को सुरक्षित रखने के लिए उएक्क्रपोर्टल पर तुरंत रजिस्ट्रेशन कराएँ और चोरी या गुम होने की स्थिति में त्वरित रिपोर्ट दर्ज कराएँ।

इस पहल के तहत पुलिस ने यह संदेश दिया है कि डिजिटल तकनीक और सक्रिय पुलिसिंग से चोरी हुई संपत्ति सुरक्षित रूप से उसके मालिक तक लौटाई जा सकती है।

# भारत के युवा पैराअथलीट्स ने Asian Youth Para Games 2025 में मचाई धूम

**समाज जागरण दिल्ली 19 दिसंबर 2025**

भारत के युवा पैराअथलीट्स ने #AsianYouthParaGames 2025 में अद्भुत प्रदर्शन किया है। भारत ने कुल 102 पदक अपने नाम किए, जिसमें 36 गोल्ड, 28 सिल्वर और 38 ब्रॉन्ज शामिल हैं। यह उपलब्धि उनके अनुशासन, साहस और अथक प्रयासों का प्रतीक है। प्रत्येक पदक के पीछे दृढ़ संकल्प और विश्वास की प्रेरक कहानी है।




प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में भारत का खेल पारिस्थितिकी तंत्र लगातार विकसित हो रहा है, जिससे उभरते हुए खेल प्रतिभाओं के लिए बेहतर अवसर और मजबूत समर्थन उपलब्ध हो रहा है।

युवा चैम्पियनों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ। भारत गर्वित है और आपकी यह यात्रा अभी शुरू हुई है।

# आयुष्मान भारत योजना दिल्ली में भरोसे का सहारा

## आयुष्मान भारत योजनाः दिल्ली के 6.5 लाख परिवारों के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा कवच

**समाज जागरण दिल्ली 19 दिसंबर 2025**

आयुष्मान भारत योजना आज दिल्ली के 6.5 लाख से अधिक परिवारों के लिए बीमारी के समय भरोसे का सहारा बन चुकी है। इस योजना के तहत अचानक इलाज की जरूरत पड़ने पर ड्ट10 लाख तक का स्वास्थ्य सुरक्षा कवच परिवार को यह विश्वास देता है कि पैसों की वजह से इलाज नहीं रुकेगा।

दिल्ली के मेहनतकश परिवार, बुजुर्ग और बच्चे सभी को आयुष्मान भारत योजना से यह सुनिश्चित भरोसा मिलता है कि मुश्किल वक्त में सरकार उनके साथ खड़ी है।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शी सोच से शुरू हुई यह योजना दिल्ली में जरूरतमंदों तक राहत, सम्मान और स्वास्थ्य सुरक्षा पहुंचा रही है।

आयुष्मान भारत के माध्यम से स्वास्थ्य सेवा तक सहज पहुंच और आर्थिक सुरक्षा की यह पहल शहर के नागरिकों के लिए महत्वपूर्ण सहयोग साबित हो रही है।

# दिल्ली में गांवों का आबादी और भूमि सर्वे

## दिल्ली सरकार ने गांवों में आबादी और भूमि सर्वे शुरू किया

**समाज जागरण दिल्ली 19 दिसंबर 2025**

दिल्ली सरकार ने गांवों में आबादी और भूमि का सर्वे शुरू करने की योजना बनाई है। इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि गांवों में घर, गलियां और इलाके सही तरीके से चिन्हित हों और उनका पूरा रिकॉर्ड ऑनलाइन उपलब्ध हो।

इस सर्वे के लिए ड्रोन और एरियल मैपिंग का उपयोग किया जाएगा। इसके बाद अधिकारी मौके पर जाकर जांच करेंगे, ताकि नक्शों में दिखाई गई सीमाएं जमीन की वास्तविक स्थिति से पूरी तरह मेल खाएं।

सर्वे के तहत स्वामित्व योजना के अंतर्गत हर घर या प्लॉट के लिए प्रॉपर्टी कार्ड बनाया जाएगा। यह कार्ड मालिकाना हक का पक्का प्रमाण होगा और वर्षों से चले आ रहे जमीन विवाद को समाप्त करने में मदद करेगा।

प्रॉपर्टी कार्ड मिलने से बैंक से लोन लेना आसान होगा और सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे मिलेगा। इसके साथ ही सरकार गांवों में सड़क, पानी, नाली और बिजली जैसी सुविधाओं की योजना को और बेहतर तरीके से लागू कर पाएगी।

यह पहल ग्रामीणों के जीवन में भरोसा, स्थिरता और विकास लाने की दिशा में एक मजबूत कदम साबित होगी।

# गाजियाबाद में अवैध कारोबार, बिना सत्यापन परवासियों और बांग्लादेशी-रोहिंग्या घुसपैठ के खिलाफ ठोस कार्रवाई की शुरुआत

## अवैध बाजारों में कथित घुसपैठ पर सख्ती, साप्ताहिक बाजारों पर नगर निगम का होगा शिकंजा

**विशेष रिपोर्ट : रविंद्र आर्यगाजियाबाद। आसपास**

गाजियाबाद में वर्षों से चल रहे अवैध साप्ताहिक बाजारों, बिना लाइसेंस कारोबार और बिना पहचान सत्यापन के व्यापार करने वालों पर अब नगर निगम ने सख्त रुख अपनाया है। महापौर सुनीता दयाल के स्पष्ट निर्देश पर नगर निगम द्वारा साप्ताहिक बाजारों में कारोबारियों के सत्यापन, सूचीकरण और दस्तावेजी जांच की प्रक्रिया शुरू की गई है। इसे गाजियाबाद में पहली बार इतनी ठोस और गंभीर कार्रवाई के रूप में देखा जा रहा है।

यह पहल केवल प्रशासनिक कदम नहीं, बल्कि बांग्लादेशी और रोहिंग्या अवैध घुसपैठ, अवैध बाजार-पेठ और बिना सत्यापन परवासियों के खिलाफ चल रही मुहिम का अहम हिस्सा मानी जा रही है। इस अभियान की शुरूआत के लिए स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों और सामाजिक संगठनों ने महापौर सुनीता दयाल का आभार व्यक्त करते हुए इस कदम का स्वागत किया है।

**अचानक नहीं, लंबे जनदबाव का परिणाम**

यह कार्रवाई किसी एक दिन का फैसला नहीं है। इसके पीछे लंबे समय से चल रहा जनदबाव, व्यापारी संगठनों की लगातार मांग और जमीनी स्तर पर उठाए गए गंभीर सवाल हैं। गाजियाबाद के कई इलाकों में साप्ताहिक बाजारों की आड़ में–

* **अवैध कब्जे**
* **बिना लाइसेंस और बिना पहचान के व्यापार**
* **यातायात अराजकता**
* **बांग्लादेशी व रोहिंग्या की कथित अवैध घुसपैठ**
* **सुरक्षा से जुड़े खतरे**

**तेजी से बढ़ते जा रहे थे।**

जनआंदोलन, व्यापारी संगठनों और पत्रकारिता की निरंतर आवाज का असर

गाजियाबाद सिटी व्यापारी नेता एवं उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के महामंत्री राजू छाबड़ा, शालीमार गार्डन क्षेत्र से बीजेपी महामंत्री पप्पू पहलवान, एच.आर.डी. पिंकी भैया और पत्रकार रविंद्र आर्य द्वारा समय-समय पर यह मुद्दा प्रमुखता से उठाया जाता रहा कि–

* **साप्ताहिक बाजारों में आखिर कौन लोग कारोबार कर रहे हैं**

* **उनके पास कोई वैध लाइसेंस या पहचान है या नहीं**

* **नगर निगम और पुलिस द्वारा नियमित सत्यापन क्यों नहीं किया जा रहा**




इन्हीं सवालों और दबाव के बीच अब नगर निगम ने पहली बार स्पष्ट किया है कि खोमचे, रेहड़ी-पटरी और साप्ताहिक बाजारों के सभी संचालकों की सूची तैयार की जाएगी, और उनके दस्तावेजों की जांच होगी।

बांग्लादेशी-रोहिंग्या अवैध घुसपैठ के आरोपों पर सत्यापन की मुहिम

स्थानीय स्तर पर यह मांग भी लगातार उठती रही है कि कुछ साप्ताहिक बाजारों में कथित रूप से अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी और रोहिंग्या परवासियों की मौजूदगी की निष्पक्ष जांच हो। नागरिकों और व्यापारियों का कहना है कि कार्रवाई किसी समुदाय के खिलाफ नहीं, बल्कि अवैध गतिविधियों और बिना वैध कागजात के कारोबार के खिलाफ होनी चाहिए।

नगर निगम ने साफ किया है कि जिनके पास वैध दस्तावेज नहीं होंगे, चाहे वे किसी भी क्षेत्र या पृष्ठभूमि से हों, उनके खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

कानून, व्यवस्था और सुरक्षा से जुड़ा गंभीर विषय

यह मामला केवल व्यापार या रोजगार का नहीं, बल्कि शहर की कानून-व्यवस्था, प्रशासनिक नियंत्रण और नागरिक सुरक्षा से सीधे जुड़ा हुआ है। अनियंत्रित और बिना सत्यापन के चल रहे बाजारों के कारण–

* **यातायात व्यवस्था बाधित होती है**

* **स्थानीय स्थायी दुकानदारों को आर्थिक नुकसान होता है**

* **पुलिस और प्रशासन की प्रभावशीलता पर सवाल खड़े होते हैं**

महापौर के निर्देश के बाद नगर निगम अधिकारियों का सक्रिय होना यह संकेत देता है कि अब इस समस्या को हल्के में नहीं लिया जाएगा।

पहली बार दिखी ठोस प्रशासनिक इच्छाशक्ति, लगातार उठते रहे सवाल, अब मिला जवाब

गाजियाबाद में यह पहली बार है जब नगर निगम ने साप्ताहिक बाजारों पर समग्र रूप से सत्यापन, सूचीकरण और पहचान की प्रक्रिया शुरू की है। यही कारण है कि इस कदम को स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों और सामाजिक कार्यकताओं ने ऐतिहासिक और स्वागत योग्य पहल बताया है।

व्यापारी संगठनों का कहना है कि यदि यह प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी और नियमित रूप से लागू होती है, तो–

* **अवैध कब्जों पर प्रभावी रोक लगेगी**

* **वैध कारोबारियों को संरक्षण मिलेगा**

* **गाजियाबाद की छवि एक व्यवस्थित व सुरक्षित शहर के रूप में मजबूत होगी**

जनआवाज और पत्रकारिता की भूमिका

यह पूरा घटनाक्रम इस बात का उदाहरण है कि जब स्थानीय मुद्दों को लगातार, तथ्यात्मक और जिम्मेदारी से उठाया जाता है, जब व्यापारी संगठन, सामाजिक कार्यकर्ता और पत्रकारिता एक साथ खड़े होते हैं, तो प्रशासन को भी कदम उठाने पड़ते हैं।

आज नगर निगम द्वारा की जा रही यह कार्रवाई उसी निरंतर जनआवाज, बांग्लादेशी-रोहिंग्या अवैध घुसपैठ के खिलाफ मुहिम और सामाजिक दबाव का प्रत्यक्ष परिणाम मानी जा रही है।

साप्ताहिक बाजारों में सत्यापन की यह शुरूआत केवल एक प्रशासनिक औपचारिकता नहीं, बल्कि गाजियाबाद को अव्यवस्था, अवैध कब्जों और बिना नियंत्रण गतिविधियों से मुक्त करने की दिशा में पहला ठोस कदम है।

अब निगाहें इस पर टिकी हैं कि यह अभियान जमीन पर कानून के अनुसार, निष्पक्षता और निरंतरता के साथ कैसे लागू होता है।

फिलहाल इतना तय है–
गाजियाबाद में व्यवस्था, जवाबदेही और सुरक्षा की ओर बढ़ने की शुरूआत हो चुकी है।

(भारतीय संस्कृति, धर्म और वैश्विक प्रतीकों पर शोध आधारित)

# शहडोल में 'लेडी डॉन' का कहर! पड़ोसन को घर बुलाकर हाथ-पैर बांधे, फिर बच्चों के साथ मिलकर बेरहमी से पीटा

**समाज जागरण**

शहडोल। जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र अंतर्गत बराछ गांव में सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां एक महिला ने अपनी पड़ोसन को बहाने से घर के अंदर बुलाकर बंधक बना लिया और हाथ-पैर बांधकर उसकी बेरहमी से पिटाई की। मारपीट करने वाली महिला को इलाके में लोग 'लेडी डॉन' के नाम से जानते हैं। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**बहाने से बुलाया और बना लिया बंधक-:**

पुलिस के अनुसार, 28 वर्षीय किरण तिवारी (पति देवेंद्र तिवारी) अपने घर के बाहर टहल रही थी। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाली ललिता कहार ने उसे किसी काम के बहाने अपने घर बुलाया। जैसे ही किरण घर के अंदर दाखिल हुई, ललिता ने मुख्य दरवाजा बंद कर दिया। आरोप है कि ललिता ने किरण के हाथ-पैर बांध दिए और अपने पुत्र व पुत्री के साथ मिलकर उसकी बेरहमी से पिटाई शुरू कर दी।



**पुरानी रंजिश और परिजनों से अभद्रता-:**

पीड़िता किरण तिवारी ने बताया कि उसका ललिता से कोई प्रत्यक्ष विवाद नहीं था, लेकिन पुराने पारिवारिक मतभेदों को लेकर आरोपी महिला रंजिश रखती थी। पिटाई के दौरान किरण की चीख-पुकार सुनकर जब उसके परिजन बचाने पहुंचे, तो आरोपियों ने उनके साथ भी अभद्रता की और जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया।

**पुलिस ने हाथ-पैर बंधे हुए पाया-:**

परिजनों की सूचना पर जब पुलिस मौके पर पहुंची, तो किरण तिवारी कमरे के भीतर हाथ-पैर बंधी हुई हालत में मिली। वह मदद के लिए गुहार लगा रही थी। पीड़ित ने बताया कि ललिता कहार का गांव में काफी खौफ है और उसके खिलाफ पहले भी मारपीट के कई मामले दर्ज हैं।

**मोबाइल और सोने के जेवर लूटे-:**

मारपीट के अलावा पीड़िता ने आरोप लगाया कि ललिता ने उसका मोबाइल फोन और सोने के कान के झुमके भी छीन लिए हैं। घटना से जुड़ा एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें आरोपी महिला सामान वापस करने की बात स्वीकार कर रही है, लेकिन अब तक उसने मोबाइल और जेवर नहीं लौटाए हैं।

**पुलिस की कार्रवाई-:**

उपनिरीक्षक मोहन पड़वार ने बताया कि किरण तिवारी की शिकायत पर ललिता कहार और अन्य के खिलाफ बंधक बनाकर मारपीट करने का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने पूरे प्रकरण की जांच शुरू कर दी है और आश्वासन दिया है कि आरोपी महिला के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# अध्यक्ष सहबीन पनिका के नेतृत्व मे वार्डों में चल रहे कार्यों की गुणवत्ता परखी

## उपाध्यक्ष, सीएमओ, इंजीनियर व पार्षद रहे मौजूद, समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निर्माण के दिए निर्देश

इंट्रो- जिले के अंतिम छोर में बसे नगर पालिका बिजुरी में करोड़ों रुपये से हो रहे विकास कार्यों की हकीकत परखने पूरा पालिका अमला सड़कों पर उतरा। अध्यक्ष सहबीन पनिका के नेतृत्व में उपाध्यक्ष, सीएमओ, इंजीनियर और पार्षदों ने विभिन्न वार्डों का निरीक्षण कर निर्माण गुणवत्ता और समय-सीमा को लेकर सख्त निर्देश दिए!



**समाज जागरण**

अनूपपुर /बिजुरी-नगर पालिका परिषद बिजुरी क्षेत्र में चल रहे करोड़ों रुपये के विकास कार्यों का नगर पालिका अध्यक्ष सहबीन पनिका के नेतृत्व में स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान उपाध्यक्ष प्रीती शर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी पवन साहू, इंजीनियर देवल सिंह सहित पार्षद कलावती सिंह एवं लक्ष्मी शुक्ला, गुंजन साहू उपस्थित रहीं। टीम ने नगर के विभिन्न वार्डों में निमार्णाधीन सड़कों, नालियों, मुक्तिधाम, सीसी रोड, पेयजल एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लिया।

**निरीक्षण में अध्यक्ष ने दिया निर्देश**

निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष सहबीन पनिका ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी विकास कार्य तय समय-सीमा में पूरे हो और गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए। उन्होंने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में समान रूप से विकास पहुंचाना नगर पालिका की प्राथमिकता है और जनता को योजनाओं का सीधा लाभ मिलना चाहिए।

**गुणवत्ता पर विशेष जोर**

निरीक्षण के दौरान तकनीकी अमले को निर्माण सामग्री की गुणवत्ता सुनिश्चित करने मानकों के अनुरूप कार्य कराने और किसी भी प्रकार की लापरवाही पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। उपाध्यक्ष प्रीती शर्मा ने कहा कि विकास कार्यों में पारदर्शिता और जनहित सर्वोपरि है।

**इंटेक वेल और पाइपलाइन बिछाने के काम को परखा**

नगर में चल रहे विकास कार्यों के निरीक्षण के दौरान नगर पालिका की टीम केवई नदी पर निमार्णाधीन महत्वाकांक्षी पेयजल परियोजना के स्थल पर भी पहुँची। नगर पालिका अध्यक्ष सहबीन पनिका, उपाध्यक्ष प्रीती शर्मा और सीएमओ पवन साहू ने इंटेक वेल (In-take Well)) और वहां से नगर तक बिछाई जा रही मुख्य राइजिंग मेन लाइन की प्रगति का जायजा लिया।केवई नदी प्रोजेक्ट बिजुरी के भविष्य के लिए सबसे महत्वपूर्ण योजना है। हम सुनिश्चित कर रहे हैं कि आगामी समय में नगरवासियों को जल संकट का सामना न करना पड़े।

**नगर विकास को मिलेगी गति**

नगर पालिका अधिकारियों के अनुसार इन विकास कार्यों के पूर्ण होने से नगरवासियों को बेहतर सड़क, जल निकासी और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध होंगी जिससे शहर की तस्वीर बदलेगी।

**यह रहे उपस्थित**

इस महत्वपूर्ण निरीक्षण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष सहबीन पनिका, उपाध्यक्ष प्रीती सतीश शर्मा,पार्षद कलावती सिंह, लक्ष्मी शुक्ला,गुंजन साहू, नमिता कोल, प्रकाश महरा, सीएमओ पवन साहू, इंजीनियर देवल सिंह, राजस्व निरीक्षक लखन पनिका सहित नगर पालिका का राजस्व और निर्माण विभाग सहित जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



**इनका कहना है**

हमारा लक्ष्य बिजुरी को एक आदर्श नगर बनाना है। वर्तमान में नगर के विभिन्न वार्डों में करोड़ों रुपये की लागत से जो विकास कार्य हो रहे हैं, वे जनता की बुनियादी सुविधाओं से जुड़े हैं। मेरा स्पष्ट निर्देश है कि काम की क्वालिटी (गुणवत्ता) में कोई कमी नहीं आनी चाहिए। जनता के टैक्स के एक-एक पैसे का सदुपयोग होना चाहिए। अगर किसी भी निर्माण कार्य में लापरवाही मिली, तो संबंधित पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**सहबीन पनिका अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद**

विकास कार्यों का निरीक्षण करने का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कार्य योजना के अनुरूप हो रहे हैं या नहीं। हमने मौके पर जाकर पार्षदों और स्थानीय नागरिकों से भी चर्चा की है। हम चाहते हैं कि निर्माण कार्य केवल कागजों पर न दिखे, बल्कि जमीन पर उसकी मजबूती नजर आए। वार्डों का सौंदर्यीकरण और सड़कों का जाल बिछाना हमारी प्राथमिकता है और हम इसे समय सीमा में पूरा कराएंगे।





**प्रीती शर्मा उपाध्यक्ष, नगर पालिका परिषद**

प्रशासनिक और तकनीकी दृष्टिकोण से सभी निमार्णाधीन कार्यों की मॉनिटरिंग की जा रही है। इंजीनियरों को निर्देश दिए गए हैं कि वे प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट तैयार करें। ठेकेदारों को सख्त हिदायत दी गई है कि गुणवत्ता मानकों का पालन करें और कार्य क्षेत्र में सुरक्षा के इंतजाम रखें। जो भी कार्य अधूरे हैं उन्हें युद्ध स्तर पर पूर्ण कराया जाएगा ताकि आम जनता को आवागमन और अन्य सुविधाओं में जल्द राहत मिल सके।

# साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के द्वारा रेस्क्यू टीम को किया गया सम्मानित।

## प्रियंका मिश्रा तीसरी बार रेस्क्यू कैप्टन अवार्ड से सम्मानित

**समाज जागरण**

धनपुरी। संपूर्ण एस ई सी एल सोहागपुर क्षेत्र अंतर्गत सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए संपूर्ण भूमिगत खदान एवं ओपन कास्ट में कार्य कर रहे श्रमिकों की सुरक्षा को लेकर रेस्क्यू टीम द्वारा आपातकालीन एवं विषम परिस्थितियों में सजगता के साथ अपने कार्य को करते हुए सेफ्टी के तौर पर प्राथमिक उपचार करते हुए लाभ पहुंचाने और अपने कार्य के प्रति प्रतिबद्ध होने को लेकर सोहागपुर क्षेत्र के मुख्य महाप्रबंधक के द्वारा रेस्क्यू टीम को प्रमाण पत्र एवं प्रशस्ति पत्र एवं अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया रेस्क्यू टीम में कैप्टन प्रियंका मिश्रा जो की नगर परिषद बरगवा की रहने वाली है और विगत तीन वर्षों से सोहागपुर क्षेत्र




अंतर्गत अपनी कार्य सेवा दे रही है और निरंतर रेस्क्यू टीम कार्यक्षेत्र में निरंतर 3 वर्षों से रेस्क्यू कैप्टन के नाम पर अवार्ड और प्रशस्ति पत्र पर अपना कब्जा जमाई हुई है। कर्मचारी श्रमिकों की सेवा में निरंतर तत्परता के साथ अपने कार्य क्षेत्र में सजग रहने के कारण इस इस प्रकार पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र उनकी प्रथम उपलब्धि है इस पर उनके पिता सेवानिवृत्ति एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र श्री राम दयाल उरमालिया बड़े भाई प्रभाकर उर्मलिया, पूर्व एस ई सी एल सोहागपुर क्षेत्र के टेक्निकल इंस्पेक्टर रामनरायण उरमालिया, नगर परिषद बरगवां के एवं समाजसेवी पवन कुमार चीनी पार्षद, संजय मौर्य, जीवन यादव, विजय तिवारी, बृजेंद्र कुमार मिश्रा दादा अखंड प्रताप सिंह डॉ राज पांडे सुभाष मिश्रा एस ई सी एल के अधिकारी कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि स्थानीय जनों ने बधाई दी।

# अंकित बने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष

**समाज जागरण**

अमलाई ।प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश भर में ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्तियाँ साथ ही साथ शहडोल जिले की बहुचर्चित ब्लॉक बुढ़ार में अंकित सिंह को ब्लॉक कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया है ।इस खबर के आते ही पूरे कांग्रेस पार्टी एवं युवाओं में खुशी की लहर दौड़ गई है ।उल्लेखनीय है अंकित सिंह विगत १९ सालों से लगातार कांग्रेस की नीति और विचार धारा का अनुसरण कर पार्टी को मजबूत करने में लगे हैं २००६ से लगातार एनएसयूआई में जिला उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस के जिला महासचिव युवा कांग्रेस के



प्रदेश सचिव, जिला कांग्रेस कमेटी शहडोल के सचिव पद में रहते हुए भाजपा के घोटालों और भ्रष्टाचार खिलाफ हमेशा मुखर रहे हैं और कई आंदोलन भी कर चुके हैं युवाओं के साथ साथ ब्लॉक कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने भी अंकित सिंह के अध्यक्ष नियुक्त होने पर शुभकामनाएं एवं खुशी व्यक्त की है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय अवस्थी पूर्व ब्लाक अध्यक्ष सुजीत सिंह चंदेल ,बलमीत सिंह खनूजा,प्रदीप सिंह,कमलेश शर्मा,हनुमान खंडे लवाल,शोभा राम पटेल भानु दीक्षित नौशेरमा खान, शेखर चौधरी ,संतोष सिंह सेंगर मोहम्मद आजाद ,एसपी सिंह, बृजेश शुक्ला ,अनुज सिंह बघेल ,अनिल त्रिपाठी ,अनिल जायसवाल नईम खान ,इब्रार खान, रामेश्वर गौतम ,नीलम सिंह एवं सैकड़ो युवाओ ने खुशी व्यक्त की है।

# पूजनीय माताजी की स्मृति में मरवाही को मिली 247 निःशुल्क आपातकालीन वाहन सेवा

**समाज जागरण**

मरवाही। मरवाही क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल सामने आई है। क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता अनीश मसीह ने अपने पिता राकेश मसीह के जन्मदिन के अवसर पर तथा कुछ दिनों पूर्व हुई पूजनीय माताजी के असामयिक लोकगमन के पश्चात उनकी पुण्य स्मृति में 247 निःशुल्क आपातकालीन वाहन सेवा की शुरूआत की है ।इस सेवा का उद्देश्य क्षेत्र में स्वास्थ्य आपात स्थितियों के दौरान आम नागरिकों को त्वरित सहायता प्रदान करना है। विशेष रूप से उन परिस्थितियों में जब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जिला अस्पताल तक एंबुलेंस या अन्य वाहन उपलब्ध नहीं हो पाते, तब यह सेवा मरीजों के लिए जीवनरक्षक सिद्ध होगी। सड़क दुर्घटना, अचानक गंभीर बीमारी, प्रसव संबंधी आपात स्थिति या अन्य आकस्मिक घटनाओं में यह वाहन सेवा निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी।अनीश मसीह ने बताया कि मरवाही जैसे आदिवासी एवं ग्रामीण क्षेत्र में समय पर वाहन न मिलने के कारण कई बार मरीजों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसी पीड़ा को समझते हुए उन्होंने इस सेवा की शुरूआत का निर्णय लिया, ताकि किसी भी जरूरतमंद को केवल संसाधनों के अभाव में उपचार से वंचित न रहना पड़े।यह सेवा मरवाही ब्लॉक क्षेत्र में 24 घंटे, सप्ताह के सातों दिन संचालित की जाएगी और पूरी तरह निःशुल्क रहेगी। किसी भी प्रकार की दुर्घटना या आपात स्थिति में नागरिक सीधे दिए गए संपर्क नंबरों पर कॉल कर सेवा का लाभ ले सकते हैं। क्षेत्रवासियों एवं सामाजिक संगठनों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे मानवता, संवेदना और सामाजिक उत्तरदायित्व की सशक्त मिसाल बताया है।

# माफिया का साझेदार बना विभाग नदी से पोकलेन के बाद अब पनडुब्बी से हो रहा उत्खनन

**समाज जागरण विजय तिवारी**

रायपुर। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर क्षेत्र से लगे नदियों में खनन माफिया मनमाने तरीके से रेत का उत्खनन कर रहा है। रेत निकालने के लिए चैन माउंटेन पॉकलेन मशीनों के अलावा पनडुब्बी (लिफ्टर) का उपयोग भी किया जा रहा है। पनडुब्बी में लगे पाइप के माध्यम से महानदी के अंदर काफी गहराई से भी रेत निकाला जा रहा है। इससे नदी को भी नुकसान पहुंच रहा है। साथ ही नदी में रहने वाले जलीय जीवों को इससे सबसे ज्यादा नुकसान है। सूत्र बताते हैं कि समुदा नगर पंचायत के पास महानदी में जल भराव वाले स्थान पर खनन माफिया द्वारा पनडुब्बी लगाकर रेत निकाली जा रही है ।दूर-दूर तक नदी के किनारे अनाधिकृत तौर पर वाहनों के लिए सडक बनाई गई है, स्पष्ट नजर आती है। बीते महीनों से पनडुब्बी लगाकर रेत निकाली जा रही है, खनन माफिया विनोद एवं नाजिम के कारिंदे इस क्षेत्र में महानदी के लिए नासूर बन चुके है, 4 से 500 मीटर दूर पनडुब्बी लगाकर जहां रेत निकवहां तक ठेकेदार ने सडक भी बनाई है, लेकिन आंखो में पट्टी बांधकर धृतराष्ट्र बने खनिज अमले के जिम्मेदारों को कुछ दिखाई नहीं देता है हालांकि कभी खनिज विभाग के अधिकारी अपने कर्मचारियों के माध्यम से छुटपुट कार्यवाही करते हैं

**20 मीटर गहराई से खींच रहे रेत**

नियम के विपरीत नदी से ही रेत निकाला जा रहा है। ऐसे में पॉकलेन मशीन की मदद से पहले रेत को किनारे पर इका किया जाता है फिर ट्रक और डंपरों में भरकर बाहर भेजा जाता है। इनमें कई जगह नदी से पॉकलेन मशीन भी रेत नहीं निकाल पाती है तो ठेकेदार बनाम माफिया नदी की गहराई से रेत निकालने के लिए पनडुब्बी का इस्तेमाल कर रहे हैं। पनडुब्बी के माध्यम से पाइपों से नदी के अंदर करीब 20 मीटर गहराई तक से रेत निकाला जाता है। इस रेत को भी नदी किनारे इकट्ठा किया जाता है और फिर इन्हें पॉकलेन और जेसीबी की मदद से ट्रक और हाईवा में भरा जाता है। रायपुर क्षेत्र समुदा के अलावा गुदगुदा एवं कुरूद में भी रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा है। विभाग- खनिज माफिया का गठजोड़ सूत्र बताते हैं कि पोकलेन के इस पूरे खेल में खनिज अधिकारी ने खनन माफिया को खुली छूट दे रखी है। सूत्र बताते हैं कि खनन माफिया द्वारा नाव में मोटर लगाकर नदी के अंदर प्रवेश कराया जाता है और खनिज विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सूचना आने पर न्नाव को बाहर निकाल दिया जाता है।

**स्टॉप डैम का गेट भी खुलवा देते हैं खनन माफिया**

बताया जाता है कि कृषकों की हो रही पानी की समस्या को ध्यान में रखते हुए महानदी में स्टाप डैम का निर्माण कराया गया है लेकिन देखा जा रहा है कि खनन माफिया द्वारा स्टाप डैम का गेट भी खुलवा दिया गया है जिससे पानी संग्रहित नहीं हो पा रहा है और बहता जा रहा है

और इसका पूरा फायदा खनन माफिया रेत का अवैध खनन करने के लिए उठा रहे हैं। महानदी में बनाए गए स्टाफ डैम का गेट भी खनन माफिया द्वारा खोल दिया गया है। विडंबना यह है कि राजधानी से लगे हुए इन क्षेत्रों में जिस प्रकार से खनन माफिया एवं खनिज विभाग के अधिकारियों की मिली भगत से एनजीटी के नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है और संबंधित अधिकारी आंख मूंदे हुए हैं।

# भाजपा की कटनी जिला कार्यकारिणी में असंतुलन, अंदरखाने बढ़ती जा रही नाराजगी

**समाज जागरण**

कटनी जिले में भारतीय जनता पार्टी की नवगठित जिला कार्यकारिणी इन दिनों संगठनात्मक मजबूती से ज्यादा अंदरूनी असंतोष को लेकर चर्चा में है। कार्यकारिणी गठन में पूर्व मंत्री के करीबी माने जाने वाले नेताओं और कार्यकताओं को प्रमुख पदों और जिम्मेदारियों में तरजीह दिए जाने की चचाएं आम हैं, जबकि जिले के मौजूदा विधायकों से जुड़े कई सक्रिय और पुराने कार्यकताओं को स्थान नहीं मिल पाया। इस स्थिति ने संगठन के भीतर गहरी नाराजगी को जन्म दिया है। बताया जा रहा है कि कई मंडल, बूथ और मोर्चा स्तर के कार्यकर्ता स्वयं को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। वर्षों से पार्टी के लिए जमीन पर काम करने वाले लोगों को दरकिनार किए जाने से कार्यकताओं के मनोबल पर असर पड़ा है। अंदरखाने यह सवाल उठने लगे हैं कि क्या जिला कार्यकारिणी का गठन किसी एक गुट या प्रभावशाली चेहरे के इर्द-गिर्द ही सिमट कर रह गया है। पार्टी से जुड़े जानकारों की मानें तो असंतोष केवल पद न मिलने तक सीमित नहीं है, बल्कि निर्णय प्रक्रिया की पारदर्शिता और संतुलन को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। कई कार्यकताओं का कहना है कि संगठन में समन्वय और सामूहिक नेतृत्व की भावना कमजोर होती दिख रही है। सार्वजनिक मंच पर भले ही कोई खुलकर विरोध नहीं कर रहा, लेकिन बैठकों और आपसी चचाओं में नाराजगी साफ महसूस की जा सकती है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यदि समय रहते इस असंतोष को दूर नहीं किया गया तो इसका असर संगठनात्मक गतिविधियों और आने वाले चुनावी अभियानों पर पड़ सकता है।

पार्टी के भीतर गुटबाजी की यह स्थिति जमीनी स्तर पर कार्यकताओं की सक्रियता को प्रभावित कर सकती है। अब सबकी निगाहें भाजपा के प्रदेश और शीर्ष नेतृत्व पर टिकी हैं कि वह इस बढ़ती नाराजगी को कैसे संभालता है और संगठन में संतुलन व एकजुटता बहाल करने के लिए क्या कदम उठाता है।

# प्रदेश में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम युवाओं को बना रहा है आत्मनिर्भर

**समाज जागरण**
**दैनिक विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। देश के मा० प्रधानमंत्री जी ने युवाओं को स्वावलम्बी बनाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम आरम्भ किया है। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना केंद्र सरकार द्वारा देश के बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए शुरू की गयी है। इस योजना के अंतर्गत देश के बेरोजगार युवाओं को अपना खुद का उद्योग प्रारम्भ करने के लिए निर्माण क्षेत्र में अधिकतम 50 लाख रुपए तक ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के उद्यमियों को तथा सेवा क्षेत्र/व्यापार के चिन्हित तथा चयनित क्षेत्र के लिए अधिकतम रू0 20 लाख तक की लागत की परियोजनाओं की स्थापना हेतु ऋण उपलब्ध कराते हुए युवाओं को रोजगार से जोड़ा जा रहा है। इस योजना का लाभप्रदेश के ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के युवा उठा सकते हैं। परियोजना लागत के आधार पर ग्रामीण क्षेत्र के सामान्य पुरूष को 25 प्रतिशत व महिला एवं आरक्षित वर्ग के लाभार्थियों को 35 प्रतिशत एवं शहरी क्षेत्र के उद्यमियों को क्रमशः 15 व 25 प्रतिशत का मार्जिनमनी अनुदान दिया जाता है, जो इकाई के सफलतापूर्वक 03 वर्ष तक संचालित रहने पर छूट में परिवर्तित हो जाती है। पीएमईजीपी योजना के तहत अधिक से अधिक लोगों को लोन देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने हेतु सरकार विशेष बल दे रही है। इस योजना के तहत प्रदेश के जो इच्छुक लाभार्थी अपना स्वयं का रोजगार आरम्भ करने के लिए लोन प्राप्त करना चाहते है तो उन्हें पी०एम०ई०जी०पी० ऋण स्कीम के तहत आवेदन करना होगा, तभी वह इस योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इस योजना के तहत आवेदन करने की आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। वह अपना खुद का रोजगार शुरू कर सकते है। सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के तहत पंजीकृत किसी भी संस्थान को पीएमईजीपी के तहत सहायता के लिए पात्र माना जा सकता है। अगर कोई व्यक्ति पी०एम०ई०जी०पी० योजना के तहत लोन लेते है तो उसे उसी वर्ग के अनुसार लोन की राशि पर सब्सिडी भी दी जाती है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के युवाओं को गैर कृषि क्षेत्र में सूक्ष्म उपक्रमों की स्थापना के जरिए रोजगार के अवसर प्रदान कराना है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का उद्देश्य है कि प्रदेश के युवा नौकरी करने वाले नहीं, बल्कि नौकरी देने वाले बने। इस योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्र के बेरोजगार नागरिकों को रोजगार के अवसर प्रदान करना है। इस योजना के अंतर्गत उन सभी बेरोजगार नागरिकों को ऋण प्रदान किया जाएगा जो अपना रोजगार स्थापित करना चाहते हैं। इससे बेरोजगारी दर में गिरावट आएगी तथा प्रदेश के युवा आत्मनिर्भर बनेंगे। इस योजना के तहत युवाओं को उनके वर्ग और इलाकों के अनुसार सब्सिडी भी प्रदान की जाती है। पी०एम ०ई०जी०पी० से लाभान्वित होने के लिए नोडल एजेंसी जिला उद्योग केंद्र (डीआईसी), खादी ग्रामोद्योग बोर्ड (केवीआईसी) एवं खादी और ग्रामोद्योग आयोग विभाग से संपर्क किया जा सकता है। इस योजना का लाभ लेने के लिए आर्नलाइन आवेदन करना पड़ता है। आवेदन के समय आवेदक का आधार कार्ड, पैन कार्ड, जाति व निवास प्रमाण पत्र, शैक्षिक योग्यता, मोबाइल नं०, पासपोर्ट साइज का फोटो आदि आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना होता है। पी०एम ०ई०जी०पी० स्कीम के अन्तर्गत-वन आधरित उद्योग, खनिज आधारित उद्योग, खाद्य उद्योग, कृषि आधारित इंजीनियरिंग, रसायन आधारित उद्योग, वस्त्रोद्योग (खादी को छोड़कर), सेवा उद्योग एवं गैर परम्परागत ऊर्जा आदि उद्योगों की स्थापना किया जा सकता है। इस योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 3382 लाभार्थियों / इकाईयों को 90.06 करोड़ मार्जिन मनी वितरित की गई। इसके माध्यम से 27060 व्यक्तियों को रोजगार उपलब्ध कराया गया। वित्तीय वर्ष 2025-26 में इस योजनान्तर्गत 2482 लक्ष्य के सापेक्ष 2383 इकाईयों की स्थापना कराकर 26213 लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। प्रदेश में इस योजनान्तर्गत उ0प्र0 खादी ग्रामोद्योग एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा अब तक उ0प्र0 में 30560 से अधिक इकाईयों की स्थापना कराकर 3,06,848 व्यक्तियों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है।

इस योजनान्तर्गत प्रदेश सरकार द्वारा रू0 944.18 करोड़ से अधिक मार्जिन मनी के रूप में लाभार्थियों को दिया गया है।

# आज होगा सुजीत पाण्डेय की पुण्यतिथि पर भव्य श्रद्धांजलि समारोह,........

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

मोहनलालगंज ।लखनऊ,समाजसेवा और मानवता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले वरिष्ठ समाजसेवी स्वर्गीय सुजीत कुमार पाण्डेय की पंचम पुण्यतिथि के अवसर पर आज शनिवार को एक भव्य एवं भावपूर्ण श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम मोहनलालगंज कस्बे के आदर्श शिक्षा निकेतन ग्राउंड में सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा, जिसमें भाजपा के कई दिग्गज नेता, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिक शिरकत करेंगे।आयोजक अजय पांडेय सत्यम के अनुसार श्रद्धांजलि समारोह में लगभग बीस हजार से अधिक लोगों के शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में विशेष उत्साह देखा जा रहा है और आयोजन स्थल पर व्यापक तैयारियां की गई हैं। श्रद्धांजलि सभा की शुरूआत स्वर्गीय सुजीत पाण्डेय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की जाएगी, इसके पश्चात वक्ताओं द्वारा उनके जीवन, समाजसेवा और मानवतावादी विचारों पर प्रकाश डाला जाएगा ।कार्यक्रम में स्वर्गीय पाण्डेय के सेवा कार्यों की स्मृति में दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों को सहायक उपकरण वितरित किए जाएंगे। वहीं ठंड को देखते हुए गरीब एवं असहाय लोगों को कंबल वितरण का भी आयोजन किया गया है, ताकि जरूरतमंदों को राहत मिल सके। आयोजन के माध्यम से समाज के कमजोर वर्गों को सहयोग प्रदान करने का संदेश दिया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजक, व्यापार मंडल अध्यक्ष एवं ट्रस्टी अजय पाण्डेय सत्यम ने बताया कि उनके पिता स्वर्गीय सुजीत पाण्डेय ने अपने पूरे जीवन में समाज के कमजोर, जरूरतमंद और उपेक्षित लोगों की निस्वार्थ सेवा की। उनका मानना था कि सच्ची समाजसेवा वही है, जिससे अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का जीवन बेहतर हो सके। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम केवल श्रद्धांजलि तक सीमित नहीं है, बल्कि सेवा, समानता और मानवता के उनके विचारों को आगे बढ़ाने का एक प्रयास है ।श्रद्धांजलि समारोह में भाजपा के वरिष्ठ नेता, स्थानीय विधायक, जनप्रतिनिधि, व्यापारी संगठन, सामाजिक संस्थाएं और बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहेंगे। आयोजन को लेकर मोहनलालगंज सहित आसपास के क्षेत्रों में व्यापक जनसमर्थन देखने को मिल रहा है। आयोजकों का कहना है कि यह कार्यक्रम स्वर्गीय सुजीत पाण्डेय के विचारों और कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा।

# हेज की अतिरिक्त मांग पर विवाहिता से मारपीट व जान से मारने की धमकी, ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप

**विवेक कुमार**
**समाज जागरण संवाददाता**

मोहनलालगंज, लखनऊ। मोहन लालगंज थाना क्षेत्र में दहेज उत्पीड़न का गंभीर मामला सामने आया है। जैती खेड़ा निवासी वारिस की पुत्री नरगिस ने ससुराल पक्ष पर दहेज की अतिरिक्त मांग को लेकर मारपीट, प्रताड़ना और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने थाना मोहनलालगंज में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है ।पीड़िता के अनुसार उसका निकाह बीते 13 मई 2024 को मुस्लिम रीति-रिवाज के अनुसार आसिफ पुत्र आशिक अली, निवासी जैती खेड़ा, थाना मोहनलालगंज के साथ संपन्न हुआ था। विवाह में पीड़िता के पिता द्वारा लगभग पांच लाख रुपये खर्च कर बर्तन, कपड़े, गाड़ी, खान-पान सहित सान-शौकत के साथ निकाह कराया गया था। इसके बावजूद विवाह के कुछ समय बाद ही ससुराल पक्ष द्वारा दहेज को लेकर प्रताड़ना शुरू कर दी गई।

आरोप है कि पीड़िता के ससुर आशिक अली द्वारा लगातार दो लाख लाने का दबाव बनाया जा रहा था, ताकि वह कारोबार कर सके। मांग पूरी न होने पर पीड़िता को घर में न रखने की धमकी दी जाती थी। पीड़िता का पति आसिफ शराब का आदी बताया गया है, जो किसी प्रकार का काम-धंधा नहीं करता और आए दिन उसके साथ मारपीट करता था। सास रहमतुल, पति आसिफ और ससुर आशिक अली मिलकर कई बार पीड़िता के साथ मारपीट कर उसे घर से भगा चुके हैं ।पीड़िता ने तहरीर में यह भी आरोप लगाया है कि देवर आरिफ उर्फ कुल्लू द्वारा भी उसके साथ गाली-गलौज व मारपीट की गई। ससुराल पक्ष के लोग उस पर दबाव बनाते हुए कहते थे कि अपने पिता से कहो कि लखनऊ स्थित जमीन बेचकर पैसा दें, नहीं तो उसे जला कर मार डालेंगे या जबरन तलाक करा देंगे ।लगातार उत्पीड़न, मारपीट और धमकियों से पीड़िता मानसिक रूप से बेहद परेशान और भयभीत है। उसने पुलिस से आरोपियों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न, मारपीट और जान से मारने की धमकी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्याय दिलाने की गुहार लगाई है ।इस संबंध में मोहनलालगंज पुलिस का कहना है

कि तहरीर प्राप्त हो गई है, मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर दोषियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# अलग-अलग हुए सड़क हादसों में आधा दर्जन लोग घायल

**समाज जागरण**

फतेहपुर। जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रो के अर्न्तगत हुये सड़क हादसों के दौरान लगभग आधा दर्जन लोग घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भती कराया गया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के हसवा कस्बा निवासी इकरार हुसैन का 45 वर्षीय पुत्र हाशिम हुसैन किसी काम से धरियाव कस्बे गया था। वहां से वापस ई-रिक्शा पर सवार होकर लौट रहा था। जब रिक्शा थानां क्षेत्र के नेशनल हाईवे दो लकी ढाबा के समीप पहुंचा। तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन रिक्शे को टक्कर मारते हुए निकल गया। जिससे रिक्शे पर सवार हाशिम हुसैन गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की जानकारी स्थानीय पुलिस को हुई तो तुरंत मौके पर पहुंचकर सरकारी 102 एंबुलेंस के ईएमटी सचिन व पायलट रूपेंद्र कुमार के साथ उसको जिला अस्पताल भिजवाया। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने घायल की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। इसी प्रकार कोतवाली क्षेत्र के पीरनपुर मोहल्ला निवासी रियाज अहमद का 19 वर्षीय पुत्र शारिम व मोहल्ला निवासी गुलाम मोहम्मद का 20 वर्षीय पुत्र शमीर दोनों एक ही बाइक पर सवार होकर घर से किसी काम के लिए नऊवा बाग जा रहे थे जब उनकी बाइक कोतवाली क्षेत्र के जीटी रोड दिल्ली दरबार होटल के समीप पहुंची तभी तेज रफ़्तार चार पहिया वाहन ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादशे की सूचना परिजनों को हुई तो तुरंत मोहल्ले वासी और परिजन घटना स्थल पर पहुंचे और घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर घायलों का इलाज कर रहे हैं। वहीं घयलो के साथ अस्पताल आए पड़ोसी जीशान अहमद ने घटना की जानकारी दिया। उधर सिठौरा गांव निवासी राम औतार का 46 वर्षीय पुत्र अशोक कुमार बाइक पर सवार होकर घर से किसी काम के लिए निकला था। जब वह गाँव से कुछ दूर आगे बढ़ा तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन उसकी बाइक को टक्कर मारते हुए निकल गया। जिससे अशोक कुमार रोड पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की जानकारी परिजनों को हुई तो तुरंत घटना स्थल पर पहुंचे और घायल अवस्था मे उसको इलाज के लिए हथगांम सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए सरकारी एंबुलेंस से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

वहीं जिला अस्पताल पहुंचते ही ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं। वहीं घायल के साथ अस्पताल पहुंचे उसके भाई संतोष कुमार ने बताया की भाई बाइक पर सवार होकर घर से किसी काम के लिए जा रहे थे तभी अज्ञात चार पहिया वाहन उनके बाइक को टक्कर मारते हुए निकल गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए है। वहीं नया पुरवा गांव निवासी गोपाल का 27 वर्षीय पुत्र विनोद कुमार बाइक पर सवार होकर घर से किसी काम के लिए निकला था। जब वह थानां क्षेत्र के 11 मील रहिमाल बाबा के समीप पहुंचा तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन उसकी बाइक को टक्कर मारते हुए निकल गया। जिससे विनोद कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की जानकारी परिजनों को हुई तो तुरंत घटना स्थल पर पहुंचे और घायल अवस्था मे उसको इलाज के लिए हुसैनगंज सीएचसी पहुंचाया।

जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद सरकारी एंबुलेंस से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं जिला अस्पताल पहुंचते ही ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं। वहीं घायल के साथ अस्पताल पहुंचे उसके चचेरे भाई संतोष कुमार ने बताया की भाई बाइक पर सवार होकर किसी काम जा रहा था। तभी अज्ञात वाहन उसकी बाइक को टक्कर मारते हुए निकल गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया है। इसी क्रम में कोतवाली क्षेत्र के कोरवाँ गांव निवासी स्वर्गीय अलादाद खां का 65 वर्षीय पुत्र शकील अहमद मस्जिद से नमाज पढ़ कर रोड़ के किनारे पैदल चलते हुए घर लौट रहे थे। तभी तेज रफ्तार बाइक सवार जोरदार टक्कर मारते हुए निकल गया। बाइक की टक्कर से बृद्ध शकील अहमद रोड पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की जानकारी परिजनों को हुई तो तुरंत घटना स्थल पर पहुंचे और अपने प्राइवेट वाहन से इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर इलाज कर रहे हैं। वही घायल के साथ अस्पताल पहुंचे बृद्ध के भतीजे अब्दुल हमीद ने बताया चाचा मस्जिद से नमाज पढ़कर घर लौट रहे थे। तभी तेज रफ्तार बाइक सवार इनको टक्कर मारते हुए निकल गया जिससे यह गम्भीर रूप से घायल हो गए है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से वृद्धा की दर्दनाक मौत

**समाज जागरण**

फतेहपुर। थाना क्षेत्र के चिल्ली अस्धना मार्ग में गुरुवार को दोपहर बाद अनियंत्रित अज्ञात चार पहिया वाहन की टक्कर से घर के दरवाजे के पास खड़ी 70 वर्षीय वृद्धा की दर्दनाक मौत हो गयी। मृतका के पुत्र रामकिशोर की सूचना पर पुलिस ने शव का पंचायत नामाभर कर पोस्ट मार्टम हेतु भेजा है। चौडगरा घाटमपुर हाइवे से चिल्ली अस्धना मार्ग मे स्थित घनश्यामपुर गाँव में गुरुवार को दोपहर बाद 70 वर्षीय महिला रामरती पत्नी स्व०सूरजदीन अपने घर के समीप मार्ग के किनारे खड़ी थी कि इसी बीच अज्ञात अनियंत्रित तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने जोरदार टक्कर मार कर चालक भगा कर ले गया। बताया जाता है कि टक्कर इतनी भीषण थी कि रामरती गंभीर रूप से घायल हो गई। जब तक परिवार के लोग इलाज हेतु ले जाने का प्रयास करते कि उसकी घटना स्थल पर मौत हो गयी। मृतका के पुत्र रामकिशोर की सूचना पर पुलिस ने शव का पंचायत नामा भर कर पोस्ट मार्टम हेतु भेजा है। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्रवाई की जायेगी।

## अंतिम संस्कार से लौट रहे अधेड़ संदिग्ध अवस्था में मौत

### मृतक के साले ने अनहोनी घटना होने का शक जाहिर किया

**समाज जागरण**

फतेहपुर। राधानगर थाना क्षेत्र के त्रिलोकीपुर के समीप अंतिम संस्कार से घर वापस लौट रहे 55 वर्षीय अधेड संदिग्ध अवस्था में सड़क किनारे गिरकर अचेत हो गया। जिसे उपचार के लिए सदर अस्पताल ला रहे थे। तभी रास्ते में उसकी मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार बड़नपुर गांव निवासी बदलू रैदास का पुत्र छेददू रैदास डीघ गांव अंतिम संस्कार में गया था। वापस लौटते समय जब वह त्रिलोकीपुर गांव के पास पहुंचा तभी अचानक रोड़ किनारे गिर कर अचेत हो गया। कुछ ही समय में वहां लोगो की भीड़ जमा हो गयी। कुछ लोगो ने छेद्दू को पहचान कर उसके परिजनों को सूचना दे दिया। जिस पर घर वाले से उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ला रहे थे। तभी रास्ते में उसकी मौत हो गयी। सूचना पाकर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन ग्रह भेज दिया। जहां पोस्ट मार्टम हाउस में मृतक का साला व परिजनों ने घटना को अप्रिय घटना होने की आशंका व्यक्त की है। साले ने बताया कि उसके जीजा डीघ गांव से अंतिम संस्कार से घर लौट रहे थे। तभी यह हादसा हुआ जबकि वह पूरी तरह से स्वास्थ थे। वहीं पुलिस का कहना है कि पोस्ट मार्टम के बाद ही मौत का कारण ज्ञात हो सकेगा।

## फांसी लगा युवक ने दी जान

**समाज जागरण**

फतेहपुर। जहानाबाद थाना क्षेत्र के तेजा नगर में शुक्रवार की दोपहर 22 वर्षीय युवक ने घर के अन्दर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जनकारी के अनुसार स्व0 रामसागर का पुत्र सूरज ने शुक्रवार की दोपहर उस वक्त घर के अन्दर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब घर के सभी लोग अपने-अपने काम में लगे थे। जैसे ही घटना की जानकारी लगी तो परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन ग्रह भेज दिया। पोस्ट मार्टम हाउस में मृतक का बड़ा भाई दीपक ने बताया कि उसका भाई बकेवर थाना क्षेत्र के सकूरा गांव में बतासे की दुकान लगाता था। उसके भाई की गोदभाराई हो चुकी थी। जेठ बैसाख के बाद शादी होनी थी।

## मारपीट में घायल वृद्ध की इलाज दौरान मौत

**समाज जागरण**

फतेहपुर। कल्यानुपर थाना क्षेत्र के ग्राम ममरेजपुर में एक सप्ताह पूर्व घायलावस्था में कानपुर में इलाज के दौरान गुरूवार की शाम मौत हो गयी। वहीं मृतक के परिजनों ने गांव के ही दो लोगो पर जमीनी विवाद में मारने पीटने का आरोप लगाया है। बताते चले कि ममरेजपुर गांव निवासी स्व0 बाबू लाल का पुत्र राममनोहर को 13 दिसम्बर को गांव के ही धर्मराज व उसका छोटा भाई शिवपूजन ने जमीनी विवाद को लेकर मारापीटा था। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया था। परिजन उसे उपचार के लिए सदर अस्पताल लाये। जहां से उसे कानपुर ले जाया गया। इलाज के दौरार गुरूवार की शाम वृद्ध दम तोड़ दिया। परिजन शव लेकर गांव चले आये और पुलिस को इसकी जानकारी दे दिया। जिस पर मौके पर पहुंच पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन ग्रह भेज दिया।

## कन्नौजः बाल विवाह मुक्त भारत के लिए छात्राओं को दिलाई शपथ

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन की टीम के द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम का आयोजन अशोक इंटर कॉलेज शिवाजी नगर सराय मीरा किया गया जिसमें जेंडर स्पेशलिस्ट अनुपम के द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत के बारे में जागरूक किया गया। बालिकाओं को बताया गया कि यदि आपके आसपास कोई भी 18 वर्ष से कम आयु की लड़की का विवाह होता है व 21 वर्ष से कम आयु के लड़के का विवाह होता है तो वह बाल विवाह की श्रेणी में आता है यदि ऐसा आपके आसपास हो रहा है तो आप



1098 पर सूचित करें साथ ही बालिकाओं को सरकारी योजनाएं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, महिला हेल्पलाइन नंबर, वन स्टॉप सेंटर आदि के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट मिशन कोऑर्डिनेटर प्रतिमा जेंडर स्पेशलिस्ट अनुपम एवं एमटीएस प्रदीप तथा विद्यालय के समस्त अध्यापक एवं अध्यापिकाएं उपस्थित रहे ' डीएमसी प्रतिमा के द्वारा कार्यक्रम के समापन में बाल विवाह न करने हेतु शपथ दिलाई गई। इसके उपरांत जेपी शिक्षा सदन सरायमीर में भी कार्यक्रम किया गया। समस्त कार्यक्रम में पंपलेट वितरण भी किए गए

## प्रशासन ने गांव में पहुंचकर जाना हाल

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद! जिलाधिकारी रमेश रंजन ने प्रशासन गांव की ओर सूत्र वाक्य पर आज जनपद के कई ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर गांव वासियों से बात की और उनकी समस्याओं को जाना, साथ ही उनके निवारण हेतु अपना संकल्प भी दोहराया, उन्होने कहा कि मेरा यह प्रयास है कि आप सबको छोटी मोटी समस्याओं के लिए बार-बार चक्कर न लगाने न पडे, साथ ही साथ अब हम इस बात का भी प्रयास कर रहे है, कि आप सबको सरकार की योजनाओं और अधिकार के बारे में जागरूक किया जाए जिससे आप सबको सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ मिल सके, जिलाधिकारी ने तहसील फिरोजाबाद की ग्राम पंचायत नैपइ के मजरा कपावली का दौरा किया, जहां पर उन्होने ग्राम प्रधान के साथ-साथ ग्राम वासियों से वार्ता की और यहां पर स्थित सात हैक्टेयर में फैली झील को ईको टूरिज्म के रूप में विकसित करने की बात कहीं, यह गांव 6 लैन से 300 मी0 की दूरी पर स्थित है, इसलिए यहां पर ईको पर्यटन की बेहतर सम्भावनाऐं विकसित की जा सकती है। जिलाधिकारी ने उपस्थित ग्राम वासियों से कहा कि आने वाले समय मे यह क्षेत्र पर्यटन के मानचित्र पर एक अलग पहचान स्थापित करेगा, साथ ही साथ आपके लिए आने वाले समय में एक बेहतर रोजगार की सम्भावनाऐं भी यहां पैदा होंगी। इसके बाद जिलाधिकारी ग्राम पचवान के क्षेत्र हुसैनपुर बैंदी गए जहां पर उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि फैज-1 के अन्तर्गज जो भी जमीन शेष है, उसका अधिग्रहण शीघ्र ही किया जाए, जिससे यहां पर आवासीय कॉलोनी विकसित की जा सके और यहां पर एक मजबूत आधारभूत संरचना विकसित कर गांव वासियों को भी इसका लाभ मिल सकें। इस दौरान गुंजन द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी विशु राजा, नगर मजिस्ट्रेट विनोद कुमार पांडेय एवं तहसीलदार व लेखपाल आदि उपस्थित रहें।

## धर्म केवल कर्मकांड नहीं, जीवन को दिशा देने वाली चेतना है : स्वामी सत्यानंद महाराज

### श्रीमद्भ भागवत कथा में हुआ श्रीराम कथा का वर्णन, वामन अवतार, कान्हा बाल स्वरूप झांकी रहे आकर्षण

**समाज जागरण**



फिरोजाबाद। अखिल भारतीय सोहम महामण्डल शाखा फिरोजाबाद के 46वें भव्य आयोजन के चौथे दिन आयोजित विराट संत सम्मेलन में सोहम पीठाधीश्वर स्वामी सत्यानंद महाराज का धर्म पर दिया गया ओजस्वी, विचारोत्तेजक एवं माग 'दर्शक वक्तव्य श्रद्धालुओं के लिए प्रेरणास्रोत बना। स्वामी सत्यानंद महाराज ने कहा कि धर्म केवल पूजा-पाठ या कर्मकांड तक सीमित नहीं है, बल्कि वह मानव जीवन को सत्य, संयम, करुणा, सेवा और सदाचार के मार्ग पर ले जाने वाली दिव्य चेतना है। उन्होंने बताया कि सच्चा धर्म व्यक्ति को आत्मबोध कराता है और समाज में शांति, सद्भाव व नैतिक मूल्यों की स्थापना करता है। स्वामी जी ने कहा कि वर्तमान भौतिक युग में यदि मानव धर्म के वास्तविक स्वरूप को समझ ले तो जीवन की अनेक समस्याओं का समाधान स्वतः हो सकता है। उन्होंने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि धर्म को केवल सुनने या समझने तक सीमित न रखें, बल्कि उसे अपने आचरण में उतारकर ही जीवन को सार्थक बनाएं। सम्मेलन में म.म. स्वामी शुकदेवानंद महाराज ने धर्म को मानव जीवन की आधारशिला बताते हुए सत्कर्म, सेवा और त्याग पर बल दिया। स्वामी रामशरण दास महाराज ने भक्ति और सेवा को धर्म का मूल स्वरूप बताया, वहीं स्वामी प्रीतमदास महाराज ने सत्य दया, तप और दान को धर्म के चार चरण बताये ' उन्होंने अहिंसा को धर्म की आत्मा कहा। स्वामी निगमानन्द ने कहा कि गीता में हमारे धर्म अर्थात कर्तव्य की ही चर्चा की गयी हैं ' स्वामी नारायणानंद ने मंच संचालन किया ' स्वामी शिवानन्द, स्वामी सच्चिदानन्द, स्वामी सदानन्द एवं स्वामी सुबोध स्वरूप ने भी अपने संक्षिप्त विचारों में धर्म, भक्ति, सदाचार और मानव कल्याण का संदेश दिया। इस दौरान पांडाल श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रहा और वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। इससे पूर्व श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन वृंदावन से पधारे पं. रामगोपाल शास्त्री ने प्रभु श्रीराम की दिव्य लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन किया, जिसमें भगवान परशुराम का धनुष तोड़ना, सीता विवाह सहित प्रसंगों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। वामन अवतार की झांकी एवं कान्हा की बाल झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। मुख्य यजमान संजय पचौरी व श्रीमती रेखा पचौरी, यज्ञपति संजय शर्मा व श्रीमती पूनम शर्मा रहे। कार्यक्रम में चंद्रप्रकाश शर्मा, सतीश चंद्र पचौरी, संजय अग्रवाल डिश, गोपाल बिहारी अग्रवाल, छोटेलाल अग्रवाल, द्विजेंद्र मोहन शर्मा, चौधरी सम्मन सिंह, सुरेश चंद्र गुप्ता, शिवनारायण , चौधरी हरदयाल, अशोक यादव, सर्वेश दीक्षित, प्रवीन अग्रवाल, अनुग्रह गोपाल अग्रवाल, राकेश तिवारी, हरमन शर्मा, मयंक भटनागर, प्रदीप टंडन, अनुपम शर्मा, मनोज शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## कन्नौज : शीत प्रकोप के चलते जिले के प्राथमिक और जूनियर विद्यालय बन्द रहेंगे

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार ने अवगत कराया है कि वर्तमान में अत्यधिक सर्दी एवं घने कोहरे को दृष्टिगत रखते हुए तथा छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के हित में जिलाधिकारी द्वारा दिए गए निदेर्शों के अनुपालन में कल 20 दिसम्बर को जनपद के समस्त बोर्डों के नर्सरी से कक्षा 08 तक संचालित सभी परिषदीय, अशासकीय सहायता प्राप्त, मान्यता प्राप्त एवं माध्यमिक शिक्षा के विद्यालयों में शिक्षण कार्य स्थगित रहेगा। उन्होंने बताया कि उक्त अवधि में सभी शिक्षकगण विद्यालय में उपस्थित रहकर अपार आई0डी0, परीक्षा पे चर्चा पंजीकरण, यू-डायस, एस0आई0आर0 सहित अन्य विभागीय एवं शासकीय कार्यों को नियमानुसार पूर्ण करेंगे।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि दिनांक 22 दिसम्बर से जनपद के समस्त विद्यालय पूर्व की भांति विधिवत रूप से संचालित किए जाएंगे।

## कन्नौजः प्रशासन चला गांव की ओर कार्यक्रम के तहत ग्राम चौपालें आयोजित

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। प्रशासन चला गाँव की ओर अभियान के अंतर्गत सुशासन सप्ताह के अवसर पर आज ग्राम पंचायत शंकरपुर एवं गोरखपुर हरभानपुर में जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों तक शासन की योजनाओं को सीधे पहुँचाना तथा आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना रहा। ग्राम गोरखपुर हरभानपुर में शीतलहर को दृष्टिगत रखते हुए जरूरतमंद ग्रामीणों को कंबल वितरण किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त स्वतः रोजगार राजकुमार लोधी ने उपस्थित ग्रामीणों को सुशासन सप्ताह के अंतर्गत संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँचाना है, ताकि प्रत्येक नागरिक आत्मनिर्भर बन सके और उसका जीवन स्तर बेहतर हो। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों द्वारा ग्रामवासियों की समस्याएँ गंभीरता से सुनी गईं तथा कई प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष समस्याओं के शीघ्र समाधान हेतु संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए। इस अवसर पर ग्राम प्रधान, स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## जीजीआईसी, टूंडला में पंख पोर्टल करियर गाइडेंस मेले का आयोजन

### एसडीएम और डीआईओएस ने किया शुभारंभ, छात्राओं को लक्ष्य और समय प्रबंधन का दिया संदेश

**समाज जागरण**



फिरोजाबाद । राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, टूंडला में शुक्रवार को पंख पोर्टल करियर गाइडेंस मेले का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपजिलाधिकारी टूंडला अंकित वर्मा एवं जिला विद्यालय निरीक्षक, फिरोजाबाद द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम विद्यालय की प्रधानाचार्या मुदिता पांडे के निर्देशन में नोडल अधिकारी कविता गौतम एवं ए.वी.एन. प्रिया शर्मा के संयोजन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरूआत छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना, करियर आधारित नाट्य प्रस्तुति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों से की गई। इस अवसर पर जनपद की नोडल अधिकारी रीना यादव, प्रधानाचार्य अशोक अनुरागी, संजीव यादव, उदयपाल सिंह यादव सहित अनेक विशिष्ट अतिथियों ने बच्चों को संबोधित किया। उपजिलाधिकारी अंकित वर्मा ने छात्राओं को समय प्रबंधन, लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया। जिला विद्यालय निरीक्षक धीरेंद्र कुमार ने विद्यालय की प्रधानाचार्या मुदिता शर्मा को धन्यवाद देते हुए कहा कि जीजीआईसी टूंडला आज निजी अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों को टक्कर दे रहा है। स्किल डेवलपमेंट के साथ खेलकूद में भी छात्राएं जिला मंडल और नेशनल को छू रही है विद्यालय में प्रयोगशालाओं सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं, अब छात्राओं को सही करियर का चयन कर विद्यालय और परिवार का नाम रोशन करना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिकाएं अर्चना मौर्य, उपासना, आरती,संगीता,माधुरी, स्वाती,अनामिका,प्रिया शर्मा,अनीता सिंह, प्रगति, प्रियंका उपाध्याय ,शालिनी, अर्चना गौतम,अर्चना यादव, शिवांगी राधा एवं सोनू चौधरी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। अंत में विद्यालय परिवार द्वारा सभी अतिथियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

## नन्हे मुन्हें बच्चों व बंदियों को वितरित की गई सर्दी से बचाव हेतु सामग्री।

**समाज जागरण**



फिरोजाबाद। कोमल फाउंडेशन के तत्वावधान में जिला कारागार फिरोजाबाद में निरुद्ध महिला बंदियों के साथ रह रहे नन्हे-मुन्हें बच्चों को सर्दी से बचाव हेतु गरम सूट, ऊनी कैप, जूते, मौजें एवं खिलौनों का वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जिला कारागार में निरुद्ध महिला बंदियों के साथ रह रहे बच्चों एवं महिला एवं पुरुष बंदियों को ठंड के मौसम में आवश्यक सहायता उपलब्ध कराना रहा। इस अवसर पर महिला एवं पुरुष बंदियों को भी मौजें एवं स्लीपरों का वितरण किया गया। सामग्री का वितरण जिला कारागार फिरोजाबाद के जेल अधीक्षक अमित चौधरी, कोमल फाउंडेशन के अध्यक्ष अश्वनी कुमार राजौरिया, जेलर विकास कटिहार तथा मां कामाख्या देवी खाटू श्याम चैरिटेबल ट्रस्ट के सचिव रंजीत सिंह बघेल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने कहा कि समाज के वंचित वर्गों, विशेषकर बच्चों के लिए इस प्रकार के सेवा कार्य अत्यंत सराहनीय हैं। कोमल फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे सामाजिक प्रयासों की सभी ने प्रशंसा की और आगे भी ऐसे कार्य निरंतर जारी रखने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान कोमल फाउंडेशन के लाखन सिंह, इंडियन गांधी, अभिषेक पुजारी, सौरव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## काशी में राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में जनपद की प्रतिभाएं हुईं सम्मानित

**समाज जागरण**



फिरोजाबादः- राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश सरकार की सहायता से शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित 53 वीं राज्य स्तरीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी के चार दिवसीय कार्यक्रम का समापन पी एम श्री राजकीय क्वीनस इंटर कॉलेज, वाराणसी में हुआ। जिसमें श्री एम. डी. जैन इंटर कॉलेज, सिरसागंज के प्रवक्ता अश्वनी कुमार जैन, जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान की प्रशिक्षु यामिनी, कृषक इंटर कॉलेज, पचोखरा के छात्र राजीव कुमार, तिलक विद्यालय इंटर कॉलेज, फिरोजाबाद के आयुष शर्मा, श्री एम डी जैन इंटर कॉलेज, सिरसागंज के छात्र कृष्णा, आर आर एम इंटर कॉलेज, बछगॉव के छात्र मोहम्मद कैश, राष्ट्रीय श्रमिक इंटर कॉलेज, करबला फिरोजाबाद की छात्रा कु अनन्या एवं आर के इंटर कॉलेज, कोटला की छात्रा कु रागिनी को राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद एवं राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान के पदाधिकारियों, जिला विद्यालय निरीक्षक वाराणसी आदि के द्वारा मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र प्रदान करके सम्मानित किया गया। इन सभी प्रतिभागियों ने जनपद एवं मण्डल स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया था। अश्वनी कुमार जैन ने समस्त अतिथियों, समस्त जनप्रतिनिधियों, जिलाधिकारी फिरोजाबाद रमेश रंजन, मुख्य विकास अधिकारी फिरोजाबाद शत्रोहन वैश्य, आगरा मण्डल के संयुक्त शिक्षा निदेशक डॉ मुकेश चन्द्र अग्रवाल, जिला विद्यालय निरीक्षक फिरोजाबाद धीरेन्द्र कुमार, समस्त प्रशासनिक अधिकारियों, मीडिया बंधुओं, सुनील कुमार जैन, राजकुमार, गौरव बघेल, अजीत कुमार, प्रियंका एवं समस्त साथियों का आभार व्यक्त किया।

## कन्नौजः अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर हुआ सर्वधर्म धर्मगुरुओ का समागम

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**



कन्नौज। विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी जनपद की समस्त अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थाओं में अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा विविध सांस्कृतिक एवं शैक्षिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुशायरा, कवि-सम्मेलन, क्राफ्ट मेला, सेमिनार, विज्ञान प्रदर्शनी, लोकगीत, नाटक, नज्म पाठ तथा वाद-विवाद प्रतियो गिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसी क्रम में जनपद के गुरसहायगंज स्थित डॉ. जाकिर हुसैन इण्टर कॉलेज में अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के तत्वाधान में एक विचार-गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में विभिन्न अल्पसंख्यक समुदायों के सम्भ्रान्त व्यक्तियों एवं धर्मगुरुओं ने सहभागिता करते हुए अपने विचार व्यक्त किए तथा अल्पसंख्यक समुदाय के हित में महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में बौद्ध धर्म से पूज्य भंते कमल बोधि, बौद्ध आचार्य फतेह चन्द्र शाक्य, तीर्थराज बौद्ध; ईसाई धर्म से संजय जॉनी पौल एवं निमिषा पौल; सिख धर्म से सूर्य प्रताप सिंह; जैन धर्म से विनय जैन तथा मुस्लिम धर्म से आए विभिन्न धर्मगुरुओं द्वारा सामाजिक सौहार्द, समानता एवं अल्पसंख्यक अधिकारों पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी जितेन्द्र कुमार द्वारा अल्पसंख्यक समुदाय के विभिन्न वर्गों से आए सम्भ्रान्त व्यक्तियों की समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरता से सुना गया तथा उनके निराकरण हेतु यथासंभव कार्यवाही का आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम में श्री फैजुल हसन (कनिष्ठ सहायक), कार्यालय-अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, कन्नौज भी उपस्थित रहे।

## कन्नौजः सीडीओ ने कारागार परिसर में किया आंगनवाड़ी केंद्र का लोकार्पण

### सुरक्षित बचपन निगरानी समिति की बैठक में भी किया प्रतिभाग

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**



कन्नौज। जिलाधिकारी के निदेर्शा नुसार जिला कारागार परिसर में सुरक्षित बचपन निगरानी समितिह्व की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी द्वारा की गई ।कार्यक्रम के अंतर्गत कारागार में निरुद्ध महिला बंदियों के साथ रह रहे तीन बच्चों को बाल पुष्टाहार का वितरण किया गया। साथ ही एक गर्भवती महिला बंदी को जननी सुरक्षा किट प्रदान की गई। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बच्चों को उपहार स्वरूप गर्म कपड़े, दूध की बोतल एवं चॉकलेट भी प्रदान की गईं।

जेल परिसर में संचालित आंगनवाड़ी केंद्र को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बच्चों के लिए खेलकूद सामग्री, वजन तौलने की मशीन, मेजरमेंट स्केल, सुरक्षित खेलने हेतु फोम की चटाई, शिक्षा से संबंधित बोर्ड, कैलेंडर, कुर्सी आदि आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर तीनों बच्चों को पोलियो ड्रॉप्स भी पिलाई गईं।जेल अधीक्षक भीमसेन मुकुंद ने बताया कि यह कार्यक्रम ह्लसुरक्षित बचपन निगरानी समिति के तत्वाधान में आयोजित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य कारागार में रह रहे बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण एवं संरक्षण को सुनिश्चित करना है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में अनिता सक्सेना (अध्यक्ष, बाल कल्याण समिति), महेंद्र प्रताप सिंह (जिला प्रोबेशन अधिकारी), डॉ. मोहम्मद इरशाद (उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी), डॉ. ऋचा सिंह चौधरी (वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ), विजय राठौड़ (बाल संरक्षण अधिकारी), राजेश वर्मा (जिला कार्यक्रम अधिकारी), शेषमणि यादव (बाल विकास परियोजना अधिकारी) सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# चाइनीज मांझे से डोर कम गर्दन कट रहे ज्यादा

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी।।। आगामी मकर संक्रांति का पर्व जैसे जैसे नजदीक आ रहा है वैसे वैसे लोगो को चाइनीज मांझे से घायल होने की खबर आने लगते हैं,आप सड़क पर चलने वाले बाइक सवार हों या फिर पैदल। सबकी जान चायनीज मांझे से खतरे में रहती है। कहां और कब पतंग की यह डोर किसके लिए खतरा बन जाए, पता नहीं रहता। यह खतरा दबे पांव आता है और लोगों को समझने का मौका भी नहीं देता। कई लोग चायनीज माझा के शिकार होकर अस्पताल तक पहुंच रहे हैं। इसके बावजूद पुलिस व प्रशासन प्रतिबंधित मांझे की बिक्री पर रोक लगाने में नाकाम साबित हो रहा है।देशी के मुकाबले सस्ता है।

**दुकानदारों के मुताबिक**

चाइनीज मांझा देसी के मुकाबले काफी सस्ता है। देसी पांच सौ रुपये प्रति लटाई है तो चाइनीज की कीमत दो सौ से तीन सौ रुपये है। इस मांझे से दूसरे पतंग की डोर भी जल्द कटती है। इसी कारण पतंगबाजी करने वाले पसंद करते हैं। शीशा, प्लास्टिक और लोहे के बुरादे से मिलाकर बनने वाला यह मांझा काफी खतरनाक होता है। बिजली के तार में पडड़े पर इसमें करंट भी उतर सकता है।

**पक्षियों के लिए भी खतरनाक**

चाइनीज मांझा इंसान ही नहीं पक्षियों के लिए भी काफी खतरनाक है। इसकी चपेट में आने से कई पक्षियों की मौत हो चुकी है। कुछ साल पहले एक महिला कर्मचारी की भी मौत हो चुकी है। हादसे का शिकार हो चुके राजेश कुमार का तो यह भी कहना है कि अब वह सड़क पर निकलने से पहले चाइनीज मांझे के बारे में सोचकर डर जाते हैं।

**चाइनीज मांझे पर क्या बोले समाजसेवी**

चाइनीज मांझे आए दिन लोग घायल हो रहे है जिससे खुशी के पर्व पर कुछ लोगों के घर मातम में बदल रहे है इस लिए चाइनीज मांझे को पूर्ण रूप से बंद करना चाहिए।



**(मनीष कुमार पाण्डेय 'अधिवक्ता' वाराणसी )**

खुशी और हर्ष के मानने वाले पर्व को हम सबको खुशी मिले इसका ध्यान रखना चाहिए,यह पतंजबाजी पर पर्व लेकिन साधरण धागे से भी किया जा सकता हैं,हम सभी को अपने बच्चों को चाइनीज मांझे का प्रयोग नहीं करे इसका ध्यान देने की जरूरत है।



**(श्रवण कुमार मिश्र मिंटू समाजसेवी वाराणसी)**

प्रशाशन की लापरवाही को कारण लोग चाइनीज मांझे का शिकार होते है,लगातार अभियान चला कर चाइनीज मांझे को नष्ट और जप्त करने की कार्यवाही करनी चाहिए जिससे लोगो का पर्व खुशी से मना सके।हम सभी को इस अपने लापरवाही पर ध्यान देना चाहिए जिससे राहगीर अपने यात्रा सुगमता पूर्वक कर सके।



**(सुमित सराफा समाजसेवी वाराणसी)**

स्कूल और कालेज में अभियान चला कर बच्चो को जागरूक करने से भी यात्र मौत की सामग्री को समाप्त किया जा सकता है,साथ ही अभिवावक को भी पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है।



**(राजेश कुमार मिश्र निदेशक अमरावती इंस्टीट्यूट ऑफ इंस्टीट्यूशंस वाराणसी)**

यह धागा अदृश्य की तरह आ कर मानव के साथ साथ पंछियों की जान ले रहा हैं हम सभी इसका पूरी तरह से बहिष्कार करने की जरूरत है जिससे सभी अपना पर्व खुशी से मना सके।



**(शशि कांत सिंह चेयरमैन संजय मेमोरियल वूमेंस कॉलेज वाराणसी)**

पतंग उड़ाने की शुरूआत भगवान राम ने शुरू की थी। उन्होंने मकर संक्रांति के दिन पतंग उड़ाया था और यह पतंग उड़ते-उड़ते इंद्रलोक चली गई थी। भगवान राम द्वारा शुरू की गई इस परंपरा को लोग निभाते आए हैं।लेकिन चाइनीज मांझे से पतंग बाजी गलत है।



**(डॉ.शीतला प्रसाद त्रिपाठी ज्योतिषाचार्य वाराणसी)**

यह चाइनीज मांझे पूरे भारत में पूर्ण रूप से प्रतिबंधित हैं।प्रशाशन को जांच कर विक्रय करने वालों पर कठोर कार्यवाही करनी चाहिए, इससे मानवीय दुर्घटनाओं के साथ साथ आर्थिक नुकसान भी हो रहा हैं।



**(संदीप त्रिपाठी अधिवक्ता वाराणसी)**

चाइनीज मांझे का प्रयोग शहर में ज्यादा होता हैं, जिससे दुर्घटना होती हैं,शहर के लोगों को जागरूक करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाना आवश्यक है।हमे अपने व्यापार के साथ साथ लोगो की जान की भी चिंता करनी चाहिए।



**(अखिलेश कुमार मिश्र प्रदेश महामंत्री कैट )**

गांवों में भी चाइनीज मांझे के प्रति जागरूकता बहुत जरूरी हैं जिससे लोगो की जान बच सके सरकार को इसे रोकने के लिए ठोस कदम उठनी चाहिए।जन प्रतिनिधि होने के नाते क्षेत्र के बच्चो को हम जागरूक भी करते रहते है।



**(घनश्याम सिंह यादव ग्राम प्रधान जग्गपट्टी वाराणसी)**

# राष्ट्रीय अविष्कार क्विज प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई अपनी कौशल प्रतिभा

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को निखारने के लिए उनके अनुरूप माहौल की जरूरत होती है। उनकी कौशल प्रतिभा तब किसी का मोहताज नहीं होती।

आज शुक्रवार को राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता ब्लाक संसाधन केन्द्र हरहुआ(बेलवरिया)पर आयोजित किया गया। जिसमें बच्चों ने खुलकर भागीदारी की।

इस प्रतियोगिता में विकास क्षेत्र के समस्त 20 पूर्व माध्यमिक व 20 कम्पोजिट विद्यालय से कक्षा 6, 7 व 8 के कुल 120 बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का आयोजन दो चरणों क्विज व विज्ञान मॉडल के आधार पर किया गया।

क्विज प्रतियोगिता में लिखित व मौखिक साक्षात्कार के आधार पर सर्वोच्च अंक प्राप्त विभिन्न विद्यालयों के कुल 5 छात्रों का चयन किया गया।

दूसरे चरण में बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडलों के आधार पर कुल 5 छात्रों का चयन किया गया, जिसमें



प्रिया सिंह कक्षा 8 पूर्व माध्यमिक विद्यालय मढ़वा, नैंसी वर्मा कक्षा 8 कंपोजिट विद्यालय गहुरा, प्रशांत कुमार सेठ कक्षा 7 पूर्व माध्यमिक विद्यालय उदयपुर, खुशी पटेल कक्षा 8 कंपोजिट विद्यालय गहुरा, राधिका कक्षा 8 पूर्व माध्यमिक विद्यालय होलापुर का चयन जनपद स्तरीय क्विज प्रतियोगिता के लिए एवं अनुज पटेल कक्षा 7 कंपोजिट विद्यालय चमाव,साक्षी कक्षा 7 कन्या माध्यमिक विद्यालय मढ़वा, काजल कक्षा 6 कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय मढ़वा, सुहानी कक्षा 6 कंपोजिट विद्यालय चंदापुर व पवन प्रजापति कक्षा 7 कम्पोजिट गोसाईपुर का जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता हेतु किया गया ।

प्रतियोगिता का सफल आयोजन रणधीर सिंह (एआरपी विज्ञान) के नेतृत्व में कराया गया। विवेक चित्रांशी , एआरपी गणित व अनिल सिंह एआरपी सामाजिक विज्ञान द्वारा किया गया।

विजेता बच्चों को पुरस्कार व प्रणाम पत्र का वितरण पंकज कुमार खंड शिक्षा अधिकारी हरहुआ द्वारा किया गया तथा उनके द्वारा विजेता बच्चों को जिले स्तर की प्रतियोगिता में सफलता हेतु शुभकामनाएं दी गई।

इस मौके पर विकासखंड के सभी पूर्व माध्यमिक विद्यालय के विज्ञान अध्यापक सहित प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे।

# ससमय खरपतवार प्रबंधन, फसल की उत्पादकता में वृद्धि का प्रमुख घटक

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। ग्राम पंचायत स्तरीय गोष्ठी/किसान पाठशाला ग्राम पंचायत आयर विकास खंड हरहुआ में आयोजन किया गया ।

उप कृषि निदेशक अमित जायसवाल के निर्देशन में मुख्य अतिथि सुभाष जैसल विशिष्ट अतिथि सूर्य प्रकाश मौर्य उर्फ 'भीम' ने शुभारम्भ किया।

सहायक विकास अधिकारी कृषि रक्षा कुंदन सिंह ने समय से खरपतवार प्रबंधन न करने से 25 से 25 प्रतिशत फसल हानि पर किसान किसानों से समय खरपतवार प्रबंधन करने व बीमारी व कीटो की समस्या से निदान की जानकारी सहित लागत कम और उत्पादन अधिक की जानकारी दी।





प्राविधिक सहायक कृषि कृष्ण कुमार मौर्य ने किसानों को रवि में चन्ना ,मटर, मसूर की खेती व सरसों की खेती की तैयारी, बीज की दर और खाद की संतुलित मात्रा का उपयोग कर अधिक उत्पादन व प्राकृतिक खेती,ड्रोन के उपयोग ,फॉर्मर रजिस्ट्री के बारे में जानकारी दी।

ताकि किसानों को पीएम किसान की धनराशि योजनों का लाभ लेने में कोई भी समस्या न हो।

किसान पाठशाला में जितेंद्र पाण्डेय, अजित कुमार ,दुर्गा प्रसाद ,सुभाष चंद वर्मा, बालचरन ,हीरालाल, सुनीता सहित कई किसान शामिल रहे।

# लापता सब्जी विक्रेता को पुलिस ने किया सकुशल बरामद

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। जंसा थाना क्षेत्र से रहस्यमय ढंग से गायब हुए सब्जी विक्रेता राज सिंह पाल को पुलिस ने उज्जैन (मध्य प्रदेश) से सकुशल बरामद कर लिया है। वह ऑनलाइन निवेश में लाखों रुपये गंवाने के बाद मानसिक दबाव में था और कर्जदारों से बचने के लिए घर छोड़कर चला गया थासिहोरवा निवासी राज सिंह पाल कुरौना बाजार में सब्जी की दुकान चलाता है। वह अचानक गायब हो गया था। परिजनों की काफी तलाश के बावजूद उसका कोई पता नहीं चला। उसकी टीवीएस मोपेड बाइक सरौनी अंडरपास, सजोई के पास से बरामद हुई थी।राज सिंह पाल के भाई बबलू पाल की तहरीर पर जंसा पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की थी। पुलिस की जांच-पड़ताल में सामने आया कि राज सिंह पाल ने पूर्व में कई व्यक्तियों से आर्थिक लेन-देन के तहत धनराशि ली थी।पुलिस टीम आर्थिक और व्यक्तिगत कारणों के दृष्टिकोण से मामले की जांच कर रही थी। शुक्रवार को सर्विलांस के माध्यम से गुमशुदा राज सिंह पाल की लोकेशन उज्जैन (मध्य प्रदेश) में मिली। उज्जैन पुलिस के सहयोग से उसे सकुशल बरामद कर लिया गया।पूछताछ के दौरान राज सिंह पाल ने बताया कि उसने लगभग दो वर्षों से ऑनलाइन एप्लीकेशन में धनराशि निवेश की थी, जिसमें उसे लगभग 8 से 9 लाख रुपये का नुकसान हो गया था। इस कारण उसने कई लोगों से उधार ले रखा था।उसके भाई और कर्ज देने वाले लोग उससे धनराशि की मांग करने लगे, जिससे वह अत्यधिक मानसिक दबाव में रहने लगा। इसी भय के कारण राज सिंह पाल ने एक योजना बनाई। उसने कर्जदारों से बचने के उद्देश्य से अपने घर पर किसी को बिना बताए दुकान से लौटते समय अपनी मोटरसाइकिल रास्ते में फेंक दी और उज्जैन चला गया।



उसने यह भी बताया कि संपर्क से बचने के लिए उसने अपने मोबाइल फोन से सिम कार्ड निकालकर फेंक दिया ताकि कोई उससे संपर्क न कर सके। इसके पश्चात उसने चौखंडी से ट्रेन पकड़कर मडुवाडीह गया जहाँ से लखनऊ चला गया। वहाँ से नया सिम कार्ड खरीदकर अपने मोबाइल में लगाया तत्पश्चात वहाँ से उज्जैन चला गया जहाँ से उसे पुलिस द्वारा बरामद कर लिया गया।

# नैनो उर्वरक है कृषि जगत मे क्रांतिः अवनीश पांडेय

## बहुआर मे ग्राम पंचायत स्तरीय किसान पाठशाला संपन्न।

वाराणसी। जनपद सोनभद्र के ब्लॉक राबर्टसगंज के ग्राम बहुआर में नैनो उर्वरक आधारित ग्राम पंचायत स्तरीय किसान पाठशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में कृषि विभाग से प्राविधिक सहायक श्रीमती सुनीता पाल, इफको से एसएफए अवनीश कुमार पांडेय , ग्राम प्रधान श्रीमती शकुंतला देवी उपस्थित रहीं ।

प्राविधिक सहायक सुनीता पाल द्वारा रबी फसलों में उत्पादन वृद्धि, पीएम किसान निधि योजना एवं कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।उन्होने ग्रामीणो की कृषि संबंधी जिज्ञासाओं का समाधान किया।

इफको से अवनीश पांडेय ने किसानों को नैनो यूरिया प्लस एवं नैनो डीएपी के लाभ एवं प्रयोग विधि के बारे में बताया।





अवनीश पांडेय ने बताया कि नैनो यूरिया प्लस में 20% नाइट्रोजन उपलब्ध है तथा गेहूं में पहली खुराक दानेदार यूरिया और दूसरी खुराक के रूप में नैनो यूरिया प्लस 5 मि.ली./लीटर पानी से 25झ30 दिन के अंतराल पर दो छिड़काव करने चाहिए।

साथ ही गेहूं में नैनो डीएपी का प्रयोग 5 मि.ली./किग्रा बीज से बीज शोधन एवं 5 मि.ली./लीटर पानी से 1झ2 छिड़काव करने की सलाह दी गई।

इसके अतिरिक्त जैव उर्वरक, सागरिका, नेचुरल पोटाश, जल-विलेय उर्वरक के संबंध मे भी विस्तृत जानकारी दी गई।

किसान पाठशाला मे बीपैक्स सचिव विन्ध्याचल राम, प्राविधिक सहायक सुनीता पाल , एसएफए अवनीश पांडेय समेत बड़ी संख्या मे क्षेत्रीय किसान उपस्थित रहे।

# केंद्र ने तमिलनाडु में ग्रामीण स्थानीय निकायों को मजबूत करने के लिए पंद्रहवें वित्त आयोग अनुदान के तहत 127 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी की

केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान तमिलनाडु के ग्रामीण स्थानीय निकायों और पंचायती राज संस्थाओं को 127.586 करोड़ रु की राशि जारी की है। यह राशि 15वें वित्त आयोग के तहत वर्ष 2025-26 के लिए अप्रतिबंधित अनुदान की दूसरी किस्त है। यह अनुदान विधिवत निर्वाचित और निर्धारित पात्रता शर्तों को पूरा करने वाले 9 जिला पंचायतों, 74 ब्लॉक पंचायतों और 2,901 ग्राम पंचायतों के लिए जारी किया गया हैं।

भारत सरकार पंचायती राज मंत्रालय और जल शक्ति मंत्रालय (पेयजल एवं स्वच्छता विभाग) के द्वारा ग्रामीण स्थानीय निकायों/पंचायती राज संस्थानों के लिए राज्यों को पंद्रहवें वित्त वर्ष के अनुदान जारी करने की अनुशंसा करती है, जिसे वित्त मंत्रालय द्वारा जारी किया जाता है। आवंटित अनुदान एक वित्तीय वर्ष में दो किस्तों में अनुशंसित और जारी किए जाते हैं।

# चोरी के सामान के साथ एक गिरफ्तार

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। जंसा पुलिस ने चोरी के एक मामले में वांछित अभियुक्त सदानन्द गुप्ता को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे हरदासपुर अंडरपास के पास से पकड़ा और उसके कब्जे से चोरी का घरेलू सामान बरामद किया गया।अभियुक्त की पहचान सदानन्द गुप्ता पुत्र फूलचन्द गुप्ता, निवासी ग्राम हकीमगंज, थाना जंसा, जनपद वाराणसी के रूप में हुई है, जिसकी उम्र लगभग 30 वर्ष है। उसकी गिरफ्तारी संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर हुई।यह गिरफ्तारी धारा 305(ए), 317(2) बीएनएस से संबंधित है। पुलिस ने अभियुक्त के पास से एक चूल्हा, कुकर, दूध नहर, कढ़ाही और हत्था बरामद किया है।वादी ने जंसा थाने में लिखित सूचना दी थी कि उनका जंसा बाजार स्थित दूसरा मकान पिछले 4-5 दिनों से बंद था। बीते गुरुवार शाम जब वादी घर पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि घर का सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था और कुछ घरेलू सामान, जैसे बर्तन, चूल्हा, कढ़ाही आदि चोरी हो गए थे।वादी की तहरीर के आधार पर थाना जंसा पुलिस ने अभियोग पंजीकृत किया था। सीसीटीवी फुटेज और आसपास के लोगों से पूछताछ के माध्यम से पुलिस ने अभियुक्त की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया और चोरी का माल बरामद किया।

# क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ समापन

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। श्री युगल बिहारी इण्टर कॉलेज रामेश्वर वाराणसी की क्रिकेट टीम ने सेवापुरी चैम्पियन लीग टी 10 सीजन 02 (माध्यमिक विद्यालयीय) कालिका धाम इण्टर कॉलेज को हराकर अपने नाम कर लिया है। इस चैम्पियनशिप में कुल 36 विद्यालयों की टीमों ने प्रतिभाग किया। अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के द्वारा पंकज यादव ने प्लेयर ऑफ द सीरिज का पुरस्कार प्राप्त किया। इस अवसर पर खिलाड़ियों को शुभकामना देते हुए विद्यालय के प्रबन्धक धर्मेन्द्र सिंह 'पप्पू' ने कहा खिलाड़ियों को सदैव खेल को खेल भावना से खेल कर ऊंचाई हासिल करना चाहिए।प्रधानाचार्य नीरज कुमार यादव ने विजेता टीम को पुरस्कार देते हुए कहा हमारे खिलाड़ी और कड़ी मेहनत कर और ऊंचाई पर पहुंच कर खेले यह कमाना है हमारी।



टीम के कोच पप्पू राम पटेल और मैनेजर अंशुमान राय द्वारा कड़ी मेहनत के परिणाम स्वरूप यह विजय हासिल कर सकी। प्रतियोगिता में क्षेत्रीय अभिभावक संग विद्यालय के शिक्षक उपस्थित रहे।

# दरवाजे पर खड़ी स्कॉर्पियो हुई चोरी

**समाज जागरण वाराणसी ओंकार**

दानगंज चोलापुर थाना क्षेत्र के नवापुरा (लखरांव) गांव से घर के बाहर खड़ी स्कॉर्पियो वाहन के चोरी हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नवापुरा (लखरांव) ग्राम निवासी शशिकांत वर्मा पुत्र शोभनाथ वर्मा के अनुसार वह अपने स्कॉर्पियो वाहन को घर के बाहर खड़ी करते हैं। रोज की भाति गुरुवार देर शाम घर के सभी सदस्य भोजन आदि के पश्चात अपने कमरों में सोने चले गए। शुक्रवार प्रातः घर के बाहर आने पर बाहर खड़ी स्कॉर्पियो गाड़ी गायब देख सभी लोग सन्न रह गये। पीड़ित ने चोलापुर थाने में तहरीर देते हुए पुलिस से मदद की गुहार लगाई।

# किसान पाठशाला का हुआ आयोजन

**समाज जागरण शिव तिवारी**

बड़ागांव वाराणसी।। किसान पाठशाला एवं ग्राम पंचायत स्तरीय गोष्ठी के माध्यम से विकासखंड बड़ागांव के ग्राम पंचायत बरजी एवं भगवानपुर में किसान पाठशाला का आयोजन हुआ। जिसमें मास्टर ट्रेनर अभिलाष कुमार तिवारी के द्वारा गुणवत्तापूर्ण बीज, कीट रोग नियंत्रण, कृषि में ड्रोन का प्रयोग आदि के विषय पर विस्तृत जानकारी दी गई। वहीं मास्टर ट्रेनर के रूप में दीप्ति सिंह के द्वारा कृषकों को वैज्ञानिक कृषि पद्धति, नवीन तकनीकी एवं आधुनिक कृषि के साथ-साथ गेहूं, चना, मटर, सरसों आदि की फसलों पर विस्तृत जानकारी दी गई।सहायक विकास अधिकारी (कृषि) डॉ.राजेंद्र कुमार सेठ के द्वारा जैविक खेती, कार्बनिक खेती, एवं प्राकृतिक खेती से भूमि की उर्वरा शक्ति के साथ-साथ जलीय जीव जंतु, मानव एवं पर्यावरण सुरक्षित होगा। हम सबके सामूहिक प्रयास से ही आत्मनिर्भर और समृद्धि ग्रामीण होगा।



# ब्लाक स्तरीय बैंकर्स समिति की हरहुआ ब्लाक सभागार में बैठक हुई सम्पन्न

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। विकासखंड हरहुआ में आज शुक्रवार को बीएलबीसी की बैठक संपन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी बद्री प्रसाद वर्मा ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए खंड विकास अधिकारी श्री वर्मा ने विकास खंड से संचालित योजनाओं के संचालन में बैंकों से पूर्ण सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि एनआरएलएम के तहत समूहों के खाते खोलने, उनके रिवाल्विंग फंड एवं सीसीएल के साथ मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना, डॉ0अंबेडकर विशेष रोजगार योजना ,अटल पेंशन योजना एवं बीमा जैसी योजनाएं बैंक के सहयोग से संचालित होती हैं। ये सभी योजनाएँ ग्रामीण अंचल के उद्यमियों के लिए हैं। ग्रामीण अंचल की महिला एवं पुरुष जानकारी के अभाव में बैंक में हिचकिचाहट एवं डरे सहमे भाव में जाते हैं इसमें बैंकर्स को उनके पूर्ण सहयोग की आवश्यकता रहती है।





बैठक में एलडीएम अविनाश अग्रवाल ने सभी बैंकर्स से विकासखंड से संचालित सभी योजनाओं के प्रगति की समीक्षा करते हुए योजनाओं के क्रियान्वयन में बैंकों के पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

बैठक में यूनियन बैंक ,स्टेट बैंक, यू0पी0बैंक ऑफ बड़ौदा सहित कई बैंकों के शाखा प्रबंधक ,बैंक सखियाँ तथा सहायक विकास अधिकारी आईएसबी रवि प्रकाश सिंह बीएमएम पूजा तिवारी एवं उत्कर्ष राव तथा ज्ञानेन्द्र शुक्ला, रत्नेश कुमार व अन्य शामिल रहे।

# युवा समाजसेवी राजदीप सिंह पटेल ने स्कूली बच्चों में बांटा फल बच्चों के खिले चेहरे

**समाज जागरण**

राजगढ़ मीरजापुर / विकासखंड राजगढ़ क्षेत्र के ग्राम पंचायत धनसीरिया मे छात्र-छात्राओं में बांटे गए फल खिले चेहरे।धनसीरिया गांव के युवा समाजसेवी राजदीप सिंह और उदय पटेल ने प्राथमिक विद्यालय के बच्चों में फल बितरण किया। युवा समाज सेवी राजदीप सिंह उर्फ राजू ने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य संबंधी फल वितरण किया जा रहा है इसके अलावा जल्द ही बच्चों में खेल के सामान भी वितरित किया जाएंगे उन्होंने कहा कि बच्चों से अपनापन लगाओ रहता है। और इसी को देखते हुए युवा समाजसेवी ने पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी फल का वितरण किया।लगभग दो सौ बच्चों को फल और भोजन की व्यवस्था कराई गई है। राजदीप सिंह उर्फ राजू पटेल ने प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को अपने हाथ से भोजन को परोस कर भोजन कराया। युवा समाजसेवी राजू पटेल और उदय पटेल ने अध्यापकों को पेन और कैलेंडर दिया। इसके अलावा उन्होंने कहा कि ठंड को देखते हुए जल्द ही गांव में कंबल वितरण भी किया जाएगा जहां पर वृद्ध असहाय विकलांग गरीबों में कंबल वितरण किया जाएगा। और गांव में सार्वजनिक स्थल पर अलाव की व्यवस्था की जल्द कराई जा रही है। एसआईआर फार्म भरवाने में उनकी भूमिका अच्छी रही है। ग्राम पंचायत में जाकर सभी से अपील कर रहे हैं कि अपना फॉर्म जरूर भरवा लें और अध्यापकों और बीएलओ को भी ज्यादा से ज्यादा फॉर्म भरवाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इस मौके पर प्रगतिशील किसान समाजसेवी देवशरण सिंह, अर्जुन सिंह, रोहित सिंह, बृजेश सिंह विपिन सिंह शिक्षक उपस्थित रहे।



# पिता ने दी थाने में तहरीर, दो युवकों पर लगा युवती को भगाने का आरोप

**समाज जागरण**

मीरजापुर/ हलिया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती के पिता ने शुक्रवार को थाने में तहरीर देकर गांव के दो युवकों को युवती को भगाने का आरोप लगाया है पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है दी गई तहरीर में बताया है की 18 दिसम्बर की दोपहर 2 बजे बेटी घर से मेला के बहाने निकली व फरार हो गई पूरी रात्रि खोजने पर पता नहीं चला तो कार्रवाई के लिए सूचना दिया है बेटी को एक युवक मोबाइल दिया था जिससे युवक द्वारा बात करता था मुझे विश्वास है युवक अपने साथी के साथ मिलकर कही लेकर चले गए पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है

# अनूप सिंह ने महामंत्री पद के लिए नामांकन किया

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी।। कचहरी के दी सेंट्रल बार एसोसिएशन बनारस में आज का दिन काफी गहमा गहमी का माहौल बना रहा थे सेंट्रल बार एसोसिएशन बनारस वाराणसी में महामंत्री पद के प्रबल दावेदार के रूप में एडवोकेट अनूप सिंह ने अपना परचा दाखिल किया इनके साथ काफी वकीलों की भीड़ देखी गई है। जिसमे चंद्रमा सिंह पूर्व अध्यक्ष सेंट्रल बार राघवेंद्र सिंह बबलू वरिष्ठ अधिवक्ता कमल रघुवंशी महेंद्र प्रताप सिंह संजय सिंह जयप्रकाश सिंह देवी उमाशंकर सिंह सुरेश श्रीवास्तव पूर्व अध्यक्ष सतीश चतुर्वेदी रजनीश गुप्ता पूर्व महामंत्री उपस्थित रहे।



# मिशन शक्ति अभियान फेज - 5.0 के तहत पुलिसकर्मियों की लिखित परीक्षा सफलतापूर्वक सम्पन्न

**ब्यूरो समाज जागरण**



सोनभद्र। शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में सम्मिलित मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के प्रभावी एवं गुणात्मक क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जनपद सोनभद्र में पुलिसकर्मियों की एक लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा का उद्देश्य महिला अपराधों की रोकथाम, पीड़िताओं को त्वरित सहायता तथा मिशन शक्ति केंद्रों के सुचारु संचालन हेतु पुलिसकर्मियों की जानकारी, संवेदनशीलता एवं उत्तरदायित्व का आकलन करना था। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निदेर्शानुसार यह परीक्षा पुलिस लाइन चुर्क स्थित परेड ग्राउंड में प्रातः 09:00 बजे से 10:00 बजे तक सकुशल संपन्न कराई गई। परीक्षा में जनपद सोनभद्र के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष, प्रत्येक थाना क्षेत्र में स्थापित मिशन शक्ति केंद्रों पर नियुक्त उप निरीक्षक, आरक्षी एवं महिला आरक्षी द्वारा प्रतिभाग किया गया। परीक्षा प्रश्नपत्र में मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0, महिला अपराधों से संबंधित मानक संचालन प्रक्रिया (SOP), पीड़िता केंद्रित पुलिसिंग, शिकायत प्राप्ति की प्रक्रिया, संवैधानिक एवं विधिक प्रावधानों सहित कुल 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न सम्मिलित किए गए थे। परीक्षा का आयोजन पूर्ण अनुशासन एवं पारदर्शिता के साथ किया गया। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा बताया गया कि इस प्रकार की परीक्षाओं एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों का उद्देश्य पुलिसकर्मियों को महिला अपराधों के प्रति अधिक संवेदनशील, जागरूक एवं उत्तरदायी बनाना है, ताकि मिशन शक्ति अभियान के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान किया जा सके तथा पीड़िताओं को त्वरित एवं प्रभावी सहायता उपलब्ध कराई जा सके। जनपद सोनभद्र पुलिस मिशन शक्ति अभियान को धरातल पर प्रभावी रूप से लागू करने हेतु पूर्णतः प्रतिबद्ध है तथा भविष्य में भी इस प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से पुलिसिंग की गुणवत्ता को निरंतर सुदृढ़ किया जाता रहेगा।

# "बाल विवाह मुक्त भारत अभियान" के तहत जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**




सोनभद्र। जनपद के रॉबर्ट्सगंज नगर में पी.एम. श्री राजकीय कन्या इंटर कालेज में 'बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता रैली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस रैली कार्यक्रम में 350 से अधिक छात्राओं ने भाग लिया। यह कार्यक्रम जिलाधिकारी बद्रीनाथ सिंह के निर्देशन और जिला प्रोबेशन अधिकारी पुनीत टंडन के आदेश पर महिला कल्याण विभाग सोनभद्र द्वारा आयोजित किया गया था। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को बाल विवाह, बाल संरक्षण, बाल श्रम और बाल तस्करी जैसे गंभीर मुद्दों के प्रति जागरूक करना था। विशेषज्ञों ने बाल विवाह के दुष्परिणामों पर प्रकाश डाला और बताया कि बच्चे 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन के माध्यम से ऐसी घटनाओं की सूचना कैसे दे सकते हैं। चाइल्ड हेल्पलाइन और बाल विवाह के कार्यक्रम के नोडल अधिकारी मुकेश कुमार सिंह परियोजना समन्वयक, जिला बाल संरक्षण इकाई से संरक्षण अधिकारी रोमी पाठक, वन स्टॉप सेंटर कि केंद्र प्रशासक दिपिका सिंह, जेंडर विशेषज्ञ साधना मिश्रा, चाइल्ड हेल्पलाइन की केस वर्कर सीमा शर्मा, काउंसलर अमन कुमार सोनकर और जिला समन्वयक स्निग्धा आहूजा ने बच्चों को मार्गदर्शन दिया वह नारे भी लगवाए गए। उन्होंने बच्चों के अधिकारों और उनकी सुरक्षा के महत्व पर जोर दिया। विद्यालय कि प्रधानाचार्या रंजना शुक्ला ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और बच्चों को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर स्कूल के अध्यापक व अध्यापिका सहित अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम बच्चों में जागरूकता बढ़ाने और उन्हें एक सुरक्षित समाज के निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित करने में सफल रहा।

# प्राथमिक विद्यालय में सुशासन सप्ताह का शुभारंभ, अटल बिहारी वाजपेयी को दी गई श्रद्धांजलि

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**

सोनभद्र। जनपद के घोरावल क्षेत्र स्थित प्राथमिक विद्यालय हिरनखुरी में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर भारत सरकार द्वारा आयोजित सुशासन सप्ताह - प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम की साप्ताहिक




श्रृंखला का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष सुनील कुमार, ग्राम प्रधान सियाराम यादव एवं विद्यालय प्रभारी सुनील कुमार मौर्य ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के छायाचित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके पश्चात सुशासन सप्ताह के तहत आयोजित गतिविधियों की विधिवत शुरूआत की गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों को अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन, उनके विचारों, राष्ट्र निर्माण में योगदान और सुशासन की अवधारणा के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई, जिससे बच्चों में देशभक्ति और नैतिक मूल्यों का विकास हो सके।कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे और बच्चों को प्रेरणादायी संदेश देते हुए सुशासन के महत्व को सरल शब्दों में समझाया।

# सेवा समर्पण संस्थान का कल्याण आश्रम परिचय वर्ग सम्पन्न

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**



डाला/ सोनभद्र। अखिल भारतीय वनवासी करण आश्रम से संबंध सेवा समर्पण संस्थान पूर्वी उत्तर प्रदेश प्रांत का कल्याण आश्रम परिचय वर्ग 15 दिसंबर से 19 दिसंबर तक भाऊराव बनवासी सेवा केंद्र डाला में चल रहा था, जिसका शुक्रवार को सम्पन्न हुआ। बता दें कि सेवा समर्पण संस्थान जनजाति समाज के धर्म और संस्कृति परंपरा को देखते हुए उनके सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करता है तथा जनजाति समाज के रीति रिवाज के अनुसार सर्वांगीण विकास का कार्य कर रहा है। इस दौरान अखिल भारतीय सह युवा प्रमुख व सह क्षेत्र संगठन मंत्री आनंद, अखिल भारतीय सह खेल कूद प्रमुख व प्रांत संगठन मंत्री पंकज, क्षेत्र खेलकूद प्रमुख जितेंद्र, प्रांत नगरी कार्य प्रमुख धीरेंद्र पाठक, प्रांत श्रद्धा जागरण प्रमुख शिवप्रसाद, जिला संगठन मंत्री रविंद्र कुमार, डॉ लाल जी सुमन, नवीन, सुरेंद्र बरनवाल, विभाग संगठन मंत्री मदन मौजूद रहे।

# ग्रामीणों ने किया दोषी सफाईकर्मी को निलम्बित करने की मांग, एडीओ पंचायत के खिलाफ लगे मुदार्बाद के नारे

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**



कोन/ सोनभद्र। नव सृजित विकास खण्ड कोन के ग्राम पंचायत कुड़वा में अनियमितताओं के साथ लगा गंदगी का अंबार जो थमने का नाम नहीं ले रहा है। गौरतलब है कि माह अक्टूबर से ग्रामीण सफाई कराने व संबंधित के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग कर रहे हैं किन्तु संबंधित विभाग की कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति किया जा रहा है। बतातें चलें कि पूर्व में नाबालिक बच्चों के परिजनों ने उप श्रमायुक्त पिपरी, जिलाधिकारी सहित सूबे के मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की मांग किया था किन्तु मामला सरकारी फाईलों में दबकर रह गया। जिसके क्रम में गुरुवार को पांडुचट्टान में सफाई व नाबालिक बच्चों से कार्य कराने वाले दोषी सफाईकर्मी के खिलाफ कार्रवाई को लेकर ग्रामीणों ने एडीओ पंचायत कोन सुनील पाल के खिलाफ जोरदार नारेबाजी किया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि एडीओ पंचायत द्वारा दोषी सफाईकर्मी का बचाव कर रहे हैं और उनके संरक्षण में संबंधित पंचायतों में भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है। जिसके क्रम में नाबालिक बच्चों के परिजनों ने पुनः मुख्यमंत्री, श्रमायुक्त श्रम निदेशालय, राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग नई दिल्ली को शिकायती पत्र भेजकर संबंधित अधिकारी व दोषी सफाई कर्मी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की मांग किया है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि कार्रवाई नहीं होने की दशा में जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन व आमरण अनशन करने को मजबूर होंगे, अन्यथा की स्थिति में कोर्ट की शरण लेने को विवश होंगे, जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रसाशन की होगी। प्रदर्शन में मुख्य रूप से समाजसेवी गंगा प्रसाद, अरुण, मदन, महेंद्र, महिपत आदि लोग शामिल रहे। इस बावत एडीपीआरओ राजेश सिंह ने कहा कि उक्त प्रकरण को देखवाता हूँ।

# बस पर लगे झंडे को लेकर भड़के लोग, पाकिस्तानी झंडा लगाने का आरोप

## झारखंड से अजमेर जा रही थी बस, मामला बढ़ता देख चालक ने दोनों बसों से उतारा झंडा

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**





डाला/ सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र के जवारीडांड में बीती रात स्थानीय लोगों ने दो प्राइवेट बसों को रोक दिया। स्थानीय लोगों का आरोप था कि बसों पर पाकिस्तान का झंडा लगा है। लोगों ने पहले यात्रियों से झंडे के विषय में पूछा तो किसी ने कोई जबाब नहीं दिया। बाद में लोगों ने बस चालक से पूछा कि बसों के ऊपर पाकिस्तान का झंडा क्यों लगा है। लोगों की दलील थी कि भारत में रहकर पाकिस्तान का झंडा क्यों लगाया जा रहा है, यह कत्तई बर्दाश नहीं किया जायेगा। पूछे जाने पर बस चालक ने बताया कि बस छत्तीसगढ़ राज्य से पंजीकृत है और वह झारखंड से रिजर्व बुकिंग लेकर अजमेर में आयोजित 814वें उर्स मुबारक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे है । झंडे को लेकर मामला बढ़ता देख चालक ने दोनों बसों पर लगे झंडे को बस से उतरवा दिया। तब कहीं जाकर मामला शांत हुआ और दोनों बस वहां से रवाना हुए। झंडे को लेकर शुक्रवार को दिनभर चर्चा होती रही हालांकि कुछ लोगों का मानना है कि यह इस्लामी झंडा है।

# कड़ाके की ठंड में क्षेत्रों में नहीं जल रहे अलाव, प्रशासनिक व्यवस्था का इंतजार

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**

बीजपुर/ सोनभद्र। कड़ाके की ठंड के बावजूद तहसील प्रशासन की तरफ से क्षेत्र के प्रमुख स्थानों पर भी अभी तक अलाव नहीं जलाए गए हैं चौराहे पर बुजुर्ग युवा महिलाएं ठिठुरते से नजर आ रहे हैं जरूरी रोजमर्रा के काम से



बाजार और चौराहे पर आने वाले ग्रामीणों को ठंड से बचने के लिए खुद ही अलाव की व्यवस्था करना पड़ रहा है हालांकि इंतजाम नाकामी साबित हो रहे हैं। क्षेत्र के बीजपुर बस स्टैंड, बाजार के श्री राम चौक, मोटर गैरेज, डोड़हर मोड, राय कॉलोनी मोड सहित अन्य प्रमुख चौराहों पर अभी तक तहसील प्रशासन द्वारा अभी तक अलाव नहीं जलवाए गए जिससे चौराहे पर बुजुर्ग युवा और महिलाएं ठिठुरते नजर आ रहे हैं। वहीं नहीं लोग रद्दी कागज, कार्टून प्लास्टिक जैसे पदार्थों को जलाने को मजबूर है। इस संबंध में लेखपाल अनिल कुमार गुप्ता से बात किया गया तो उन्होंने कहा कि जल्द अलाव कि व्यवस्था किया जाएगा। ग्राम प्रधान से बात हुई है। जिससे जल्द ही अलाव जलाए जाएंगे।

# खाक कर दूंगी कांटों की हस्ती को मैं, जान मेरी फिदा है वतन के लिए: कौशल्या कुमारी चौहान

## सोनभद्र बार एसोसिएशन सभागार में काव्य संध्या का हुआ आयोजन

**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण**



सोनभद्र। साहित्य दीप संस्थान चुर्क सोनभद्र के युवा कवि दिलीप सिंह दीपक के आयोजन में अमर शहीद पंडित रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां, ठाकुर रौशन सिंह, राजेन्द्र नाथ लाहिड़ी के बलिदान दिवस के अवसर पर सोनभद्र बार एसोसिएशन सभागार कचहरी मे शुक्रवार को काव्य संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ गीतकार ईश्वर विरागी, सोनभद्र बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अरुण कुमार मिश्र, महामंत्री अखिलेश कुमार पांडेय, पूर्व अध्यक्षगण चंद्रप्रकाश दिवेदी, नरेन्द्र कुमार पाठक ने दीप प्रज्वलित कर वीर शहीदों की व वाग्देवी के चित्र पर माल्यार्पण किया। वाणी वंदना सुधाकर पांडेय स्वदेश प्रेम ने किया। कौशल्या कुमारी चौहान कवयित्री ने, वीर रस की रचना, खाक कर दूंगी कांटों की हस्ती को मैं, जान मेरी फिदा है वतन के लिए सुनाकर वातावरण राष्ट्र भक्ति का बनाया। दिलीपसिंह दीपक ने, गीत, गजल मिले लफ्ज मिले पर, न हकीकत मिली और न सपना मिला है सुनाकर वाहवाही लूटी। संयोजक प्रदुम्न कुमार त्रिपाठी शहीद स्थल प्रवंधन ट्रस्ट करारी ने, जिनके बदौलत राष्ट्र सुरक्षित मेरी सीमा, जय हिंद वंदेमातरम जरूरत संदेश की सुनाकर ओज का संचार किये। संचालन कर रहे शायर अशोक तिवारी ने सारे जहाँ का दर्द शामिल है जिगर में तेरे, जैसे लगता है कि मैं बोल रहा हूँ तुझमें सुनाकर करुणा का भाव रोशन किया। धर्मेश चौहान ने, देश के लिए करो देश के लिए मरो, सच्चा देशभक्त ही भगवान है मेरा सुनाकर देश वंदना किये सराहे गये। सुधाकर पांडेय स्वदेश प्रेम ने, तिरंगे में सजे अर्थी बजे धुन राष्ट्र गीतों की, जनाजा जब मेरा निकले वतन के वास्ते निकले सुनाकर गतिज उर्जा दिये। हास्य कवि सुनील चऊचक ने, बासी भात पर बेना मति हौंका तथा जेबा कटि गल थाने में सुनाकर खूब हंसाते रहे। राष्ट्र वाद के सजग प्रहरी प्रभात सिंह चंदेल ने, मेरे मस्तक पर हिंदुस्तान लिख देना सुनाकर भारत भारती को नमन किये करतल ध्वनि से लोगों ने हौसला अफजाई किया। लोकभाषा कवि दयानंद दयालू ने, रोइ रोइ बेटी कहे बाबूजी हमार हो सुनाकर नारी की पीर उकेरा। सोन संगीत फाउंडेशन के सुशील मिश्रा ने सस्वर देवी गीत व देश गीत से लोगों का मन मोह लिए। अध्यक्षता करते हुए गीतकार ईश्वर विरागी ने, खत हवाओं ने लिखे थरथराई पत्तियाँ, लाल है सूरज की आंखें भीगी बिल्ली बस्तियाँ सुनाकर जनमन की पीड़ा रेखांकित किये और आयोजन को शिर्ष पर पहुंचाया। समाजसेवी कमलेश खांबे द्वारा सभी कवियों का सारस्वत अभिनंदन किया गया।

शहीद स्थल करारी की तरफ से अतिथियों का सम्मान किया गया। साहित्य दीप संस्थान प्रमुख दिलीपसिंह दीपक ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जयशंकर त्रिपाठी, आत्म प्रकाश तिवारी, बबलू दीक्षित, जेबी सिंह, हेमनाथ दिवेदी, संदीप कुमार शुक्ला, देवानंद पांडेय, त्रिपुरारी मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# मुख्य विकास अधिकारी ने ग्राम चौपाल में दिए निर्देश, खैरा में आयोजित चौपाल में सुनी गईं ग्रामीणों की समस्याएं

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**




सोनभद्र। मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी ने घोरावल ब्लॉक के खैरा ग्राम पंचायत में आयोजित ग्राम चौपाल में ग्रामीणों की सम स्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभागों को इन समस्याओं पर तत्काल कार्रवाई करने को कहा। कपुरा स्थित कम्पोजिट विद्यालय में आयोजित इस चौपाल में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास, ग्रामीण आजीविका मिशन और जल जीवन मिशन जैसी विभिन्न सरकारी योजना ओं की जानकारी दी गई। इस दौरान ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं भी अधिकारियों के सामने रखीं। चौपाल में घुनिया पत्नी खटकधारी ने वृद्धा पेंशन न मिलने की शिकायत की। सुरसति और संतरा ने आवास योजना का लाभ न मिलने की बात कही। राजकुमार पुत्र तिलक ने बताया कि उन्हें पेंशन मिल रही है, जबकि लालता सिंह ने मनरेगा में काम करने और मजदूरी खाते में मिलने की जानकारी दी। दशमी ने बताया कि उनका आयुष्मान कार्ड नहीं बना है। पूनम पांडेय ने शौचालय और आवास का लाभ न मिलने की शिकायत दर्ज कराई। जल जीवन मिशन के तहत बताया गया कि गांव में पानी की पाइपलाइन और टोटियों का कार्य पूरा हो गया है, लेकिन पानी अनियमित रूप से आता है। आंगनबाड़ी कार्यकताओं ने नवंबर माह में पुष्टाहार वितरण की जानकारी दी, वहीं बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों को निःशुल्क शिक्षा और पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराने की बात कही। मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी ने गांव को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए ग्रामीणों से अपील भी की। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी , उपायुक्त श्रम रोजगार, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, खंड विकास अधिकारी घोरावल, खंड शिक्षा अधिकारी घोरावल और बाल विकास परियोजना अधिकारी घोरावल सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

# डीएवी में वार्षिक खेल उत्सव "स्पर्धा" का हुआ शुभारंभ

**ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**







सोनभद्र। बीजपुर क्षेत्र की सर्वाधिक विश्वसनीय अंग्रेजी माध्यम की शिक्षण संस्था डीएवी पब्लिक स्कूल, एनटीपीसी, रिहंदनगर में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आज दो दिवसीय वार्षिक खेल उत्सव "स्पर्धा" का भव्य तरीके से शुभारंभ किया गया। सैकड़ों विद्यार्थियों, अभिभावकों के करतल ध्वनि के मध्य एनटीपीसी रिंहद के परियोजना प्रमुख अनिल श्रीवास्तव ने खेल ध्वजारोहण के उपरांत मशाल प्रज्वलित कर दौड़ के प्रतिभागी शनि देवल को मशाल सौंप दिया। तत्पश्चात स्पोर्ट्स कैप्टन तनुजा त्रिपाठी ने सभी खिलाड़ियों को खेल शपथ दिलवाई। प्राचार्य राजकुमार के स्वागत संबोधन के बाद छात्राओं ने स्वागत नृत्य, योगा एवं राजस्थानी घूमर के द्वारा अतिथियों एवं अभिभावकों को ताली बजाने पर मजबूर कर दिया। उसके बाद मुख्य अतिथि अनिल श्रीवास्तव ने वार्षिक खेल उत्सव प्रारंभ करने की उद्घोषणा की। इस अवसर पर धन्वंतरि चिकित्सालय की महा प्रबंधक मोनीषा कुलश्रेष्ठ, मानव संसाधन विभाग के प्रमुख अपर महाप्रबंधक राजेश बोई पोई, सीआईएसएफ के एसिस्टेंट कमांडेंट आलोक कुमार चौधरी, केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य लालसा साह, ममता साह एवं संट जोसेफ विद्यालय के प्राचार्य रोनाल्ड नरोरा एवं अभिभावक प्रतिनिधि स्नेहलता पाटिदार तथा विभिन्न अखबारों से संबंधित पत्रकारगण डीएस त्रिपाठी, रामबली मिश्रा, राम जियावान गुप्ता, राम प्रवेश गुप्ता, नीरज गुप्ता, विशाल गुप्ता, प्रवीण कुमार, सिद्धार्थ गुप्ता की उपस्थिति में खेल उत्सव "स्पर्धा" का शुभारंभ हुआ। जलेबी दौड़ के विजयी प्रतिभागियों सईद खान, आयुष, सुजीत एवं स्पून दौड़ के विजयी प्रतिभागी अस्मिका, वंशिका, आराध्या गुप्ता तथा पचास मीटर दौड़ एलकेजी के विजयी प्रतिभागी अद्विका, अर्शिता, ऊर्वी एवं सौ मीटर दौड़ में कक्षा छठी से आठवीं तक के जेम गर्ल्स के विजयी प्रतिभागी रंजू कुमारी, काजल एवं सुमंती को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के द्वारा मेडल एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शनि देवल को लंबी कूद में सर्वश्रेष्ठ एथलीट आफ उत्तर प्रदेश चयनित होने पर परियोजना प्रमुख अनिल श्रीवास्तव ने सम्मानित कर अंतरराष्ट्रीय स्तर का एथलीट बनने का आशीर्वाद दिया। हिंदुस्तान ओलम्पियाड में जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर प्रसिद्ध श्रीवास्तव को भी मेडल एवं सर्टिफिकेट प्रदान कर मुख्य अतिथि ने आशीर्वाद दिया। सौ मीटर रेस, दो सौ मीटर रेस, लंबी कूद, ऊंची कूद, रस्सा कसी आदि के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि खेलकूद बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अति आवश्यक है। इससे शारीरिक विकास के साथ साथ मानसिक विकास भी होता है। प्राचार्य राजकुमार ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि आने वाले समय में एनटीपीसी प्रबंधन के सहयोग से डीएवी रिंहदनगर के छात्र खेल के क्षेत्र में ओलंपिक में पदक लेंगे; ऐसा मेरा प्रयास है। प्राचार्य ने सभी अतिथियों, विशिष्ट अतिथियों के साथ एनटीपीसी प्रबंधन के प्रति आभार प्रकट किया। आज के कार्यक्रम का संचालन शैलजा यादव एवं शिवम दुबे ने किया। खेल शिक्षक मनोज पांडे के साथ पूरा विद्यालय परिवार हर्षोल्लास एवं पूर्ण उत्साह के साथ इस खेल 'स्पर्धा' उत्सव में शामिल रहा।

# जिलाधिकारी ने ठंड से बचाव को दिए निर्देश, रैन बसेरों, अलाव का निरीक्षण करें अधिकारी

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**

सोनभद्र। जिलाधिकारी बी.एन. सिंह ने अधिकारियों को ठंड से बचाव के लिए रैन बसेरों और अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जनपदवासियों से भी अपील की है कि वे किसी भी असहाय व्यक्ति को रैन बसेरे की जानकारी दें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि रेलवे स्टेशनों और प्रमुख चौराहों जैसे भीड़भाड़ वाले स्थानों पर रैन बसेरों की जानकारी देने वाली होर्डिंग लगाई जाएं और उनका प्रचार-प्रसार किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि रैन बसेरों की सूचना गूगल मैप पर भी डाली जाए ताकि जरूरतमंद लोगों को आसानी से आश्रय स्थल मिल सके। इन निर्देशों के क्रम में, संबंधित तहसील के उपजिलाधिकारियों ने पिछली रात आश्रय स्थलों और चौराहों पर अलाव व्यवस्था का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि चिन्हित स्थानों पर अलाव लगातार जलते रहें और कोई भी गरीब या असहाय व्यक्ति ठंड में खुले में न सोए। यदि कोई व्यक्ति खुले में पाया जाता है, तो उसे तत्काल रैन बसेरे में भेजा जाए। जनपद में ठंड से बचाव के लिए 179 अलाव स्थल और 11 रैन बसेरे स्थापित किए गए हैं। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में रात में भ्रमण कर अलाव का निरीक्षण करने और गरीब व असहाय लोगों को कंबल वितरित करने के भी निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की है कि यदि रात में कोई गरीब या असहाय व्यक्ति खुले में दिखे, तो उसे जनपद में स्थापित रैन बसेरों की सूचना अवश्य दें, ताकि वे ठंड से बच सकें।

# न्यायाधीश ने नये भवन में स्थापित वन स्टाप सेंटर का किया निरीक्षण

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**

सोनभद्र। उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनभद्र के आदेशानुसार शुक्रवार 19 दिसम्बर 2025 को अपने नये भवन में स्थापित वन स्टाप सेन्टर का निरीक्षण एवं विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन शैलेन्द्र यादव, अपर जनपद न्यायाधीश / सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनभद्र ने किया। निरीक्षण के दौरान वन स्टाप सेन्टर की केन्द्र प्रबन्धक दीपिका सिंह एवं समस्त स्टाप उपस्थित मिले। निरीक्षण के समय वन स्टाप सेन्टर में एक नवजात शिशु बालक सुर्याश 03 माह 18 दिन एवं बालिका कात्यायनी 02 माह 18 दिन एवं बालिका तन्वी 27 दिन की आवासित पायी गयी। जिसकी देख-रेख एव खान-पान का विशेष ध्यान रखने हेतु निर्देशित किया गया। साफ-सफाई पायी गयी तथा सभी पंजिकाएं अवलोकन हेतु प्रस्तुत की गयी जो अद्यतन स्थिति में पायी गयी।



वन स्टाप सेन्टर में उपस्थित समस्त स्टाफ को नैतिक व्यापार निवारण अधि० 1956, घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधि० 2005, दहेज प्रतिषेध अधि० 1961, गर्भ का चिकित्सीय समापन अधि० 1971, मातृत्व लाभ अधि० 1961-26 सप्ताह तक, कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीडन अधि० 2013, लैगिंक अपाधो से बालको का संरक्षण अधि० 2012, गर्भधारण पूर्ण एवं प्रसव पूर्ण निदान तकनीकी (लिंग चयन प्रतिषेध) अधि० 1994, समान पारिश्रमिक अधि० 1976, महिलाओं का अशिष्ट चित्रण (निषेध) अधि० 1966, हिन्दू उत्राधिकार अधि० 1956 के संबंध में एवं नालसा द्वारा चलायी जा रही सभी स्कीमों यथा DWAN Unit, ASHA Unit, SAMVAD Unit and JAGRITI Unit के बारे भी जानकारी दी गई एवं उन्हे निर्देशित किया गया कि जनपद में विभिन्न स्थानों पर जागरूकता शिविर लगाकर उक्त कानूनों के बारे कृत कार्यवाही कर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनभद्र अवगत करायें। जानकारी अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनभद्र शैलेंद्र यादव ने दी।

# गीता सिखाती है जीने की कला - स्वामी कृष्णानंद झा



**समाज जागरण**

संभल।भारतीय इतिहास संकलन समिति के तत्वावधान में गीता के माध्यम से कल्कि संदेश कार्यक्रम में गीता को जीवन जीने की कला सिखाने वाला ग्रंथ बताया गया।

सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में भारतीय इतिहास संकलन समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता गीता मनीषी स्वामी कृष्णानंद झा ने कहा कि गीता जीवन जीने की कला सिखाती है। ऐसी कोई भी राष्ट्रीय सामाजिक पारिवारिक अथवा व्यक्तिगत समस्या नहीं है जिसका हल गीता में न हो। अर्थात प्रत्येक समस्या, परेशानी, जिज्ञासा,भ्रम, दुख को दूर करने का तरीका भगवान श्री कृष्ण ने गीता ग्रंथ के रूप में अर्जुन के माध्यम से जगत को दिया है। उन्होंने कहा कि गीता पढ़ने सुनने समझने अपने जीवन में उतारने और मनन करने के लिए है।

कार्यक्रम में अनेक श्रोताओं के अनेक समस्याओं का हल पूछने पर स्वामी कृष्णानंद झा ने गीता के श्लोक संख्या बोलकर उसमें निहित श्रोताओं की जिज्ञासा शंका को दूर किया। उन्होंने विद्यालय के अध्यापक अध्यापिकाओ तथा समाज सेवियो को संबोधित करते हुए कहा कि शरीर, इंद्रिय, मन, बुद्धि और आत्मा ये पांच तत्व मिलकर व्यक्तिव का निर्माण करते है। अच्छे और उत्तम व्यक्तित्व की पहचान सदमार्ग पर चलने से ही होती है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने 5 जिज्ञासुओं को श्रीमद्भगवद्गीता की प्रतियां भेंट की। विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष अनंत कुमार अग्रवाल ने बताया कि गीता मनीषी स्वामी कृष्णानंद झा संपूर्ण जनपद संभल में गीता का प्रचार-प्रसार करने, कॉलेज व सामाजिक साहित्यक संस्थाओं के माध्यम से श्रीमद्भगवद्गीता की उपयोगिता बताने के लिए समर्पित हैं। भारतीय इतिहास संकलन समिति के जिलाध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने सफल आयोजन हेतु विद्यालय के प्रधानाचार्य शिव शंकर शर्मा का आभार व्यक्त किया और सभी आगंतुकों को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में राजीव कुमार, विष्णु प्रसाद, गौरव गुप्ता, दीपाली गोयल, विजेंद्र सिंह, निरंकार कुमार, पीयूष, राकेश सिंह, संजीव भटनागर, विमलेश सैनी, आदि ने अपने विचार व्यक्त किए और अपनी समस्याओं का हल जाना। कार्यक्रम से पूर्व सुनीता शर्मा व प्रधानाचार्य शिव शंकर शर्मा ने मुख्य अतिथि स्वामी कृष्णानंद झा को गीता भेंट कर स्वागत सम्मान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य शिव शंकर शर्मा ने की और संचालन सुनीता शर्मा ने किया।

# जनपद के मिलावटखोरों के विरुद्ध की जाएगी धारा 64 के अंतर्गत प्रभावी कार्यवाही

**- अपर जिलाधिकारी (वि/रा) की अध्यक्षता में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की संपन्न हुई जिला स्तरीय समिति की बैठक**

**- खाद्य कारोबार कताओं विशेषकर पनीर के निमार्ताओं व बड़े विक्रताओं की हो नियमित जांच**

**- खाद्य सामग्रियों में मिलावट करने वालो पर की जाए कार्यवाही**



**समाज जागरण**

संभल।भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण, नई दिल्ली की अपेक्षानुसार जनपद स्तर पर गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक आज कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा की अध्यक्षता में की गई जिसमें उन्होंने मिलावटी खाद्यय सामग्री विशेषकर पनीर निर्माण व विक्रय करने वालों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

अपर जिलाधिकारी द्वारा विभागीय कार्यो की समीक्षा की जिसमे विभाग द्वारा प्रस्तुत की गई कार्यवाही को और प्रभावी ढंग से किये जाने के निर्देश दिए गए जिससे आप जनमानस को शुद्ध व गुणवत्तायुक्त खाद्य सामग्री उपलब्ध की जा सके। अपर जिलाधिकारी द्वारा जनपद के बड़े मिलावटखोरों जिनके विरुद्ध पूर्व में दोषसिद्ध व जुमार्ना लगाया जा चुका है के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 64 के अंतर्गत किये जाने के निर्देश दिए गए है जिसमे दोगुना जुमार्ना, लाइसेंस रद्द किए जाना एवं जनपद के प्रमुख चौराहों पर मिलावटखोरों की होर्डिंग/पोस्टर लगाये जाने का प्रावधान है।

इस अवसर पर सहायक आयुक्त खाद्य ग्रेड 2 मानवेन्द्र सिंह ,मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी राहुल सिंह सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# गायत्री ज्ञान मंदिर के ज्ञान यज्ञ अभियान के तहत महापौर पुस्तकालय में 455वां युगऋषि वाङ्मय स्थापित

**समाज जागरण लखनऊ**

गायत्री ज्ञान मंदिर, इंदिरा नगर, लखनऊ के तत्वावधान में चल रहे विचार क्रांति ज्ञान यज्ञ अभियान के अंतर्गत लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल के पुस्तकालय में युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खंडों वाले युगऋषि वाङ्मय की 455वीं स्थापना का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।



इस अवसर पर उषा सिंह ने अपने पूज्य माता-पिता स्व. कलावती देवी एवं स्व. रविन्द्र प्रताप सिंह की स्मृति में महापौर के पुस्तकालय में युगऋषि वाङ्मय साहित्य भेंट किया। साथ ही महापौर कार्यालय के स्टाफ एवं महापौर से मिलने आए आगंतुकों को अखंड ज्योति पत्रिका (हिंदी एवं अंग्रेजी) तथा नववर्ष पंचांग भी वितरित किया गया।

कार्यक्रम में वाङ्मय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि ज्ञानदान पूर्वजों की स्मृति में सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य समाज में सद्भाव, नैतिकता एवं सकारात्मक सोच का विस्तार करना है।

महापौर सुषमा खर्कवाल ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि गायत्री परिवार ज्ञानदान के माध्यम से लोककल्याण का महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है, जिससे समाज को वैचारिक दिशा मिल रही है।

इस अवसर पर गायत्री ज्ञान मंदिर के प्रतिनिधि उमानंद शर्मा, उषा सिंह, वी.के. श्रीवास्तव, देवेंद्र सिंह, सावित्री शर्मा सहित महापौर से मिलने आए अन्य आगंतुक भी उपस्थित रहे।

# संभल सड़क हादसा: कोहरे में तेज रफ्तार कंटेनर से महिला सहित 4 की मौत

## संभल में घने कोहरे के कारण सड़क हादसे में महिला सहित चार की मौत



**समाज जागरण**

संभल 19 दिसंबर 2025: संभल जिले के बहजोई कोतवाली क्षेत्र में घने कोहरे के कारण एक भयंकर सड़क हादसा हुआ। खजरा गांव के निकट मुरादाबाद-आगरा हाईवे पर तेज रफ्तार आयशर कंटेनर गाड़ी ने बाइक सवार चार लोगों को रौंद दिया। सभी मृतक एक ही बाइक पर सवार थे और अपने गांव लौट रहे थे।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। कंटेनर गाड़ी अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकराई। कंटेनर चालक भी गाड़ी में फंसा हुआ पाया गया, जिसे पुलिस ने बाहर निकालने में जुटी।

पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी है और पूरे मामले की जांच में जुट गई है। हादसे के कारणों में तेज रफ्तार और घना कोहरा प्रमुख माना जा रहा है।

# घने कोहरे और तेज रफ्तार का कहर, ट्रक की टक्कर से महिला समेत चार की मौत



**समाज जागरण**

बहजोई (संभल)। घने कोहरे और तेज रफ्तार का कहर शुक्रवार देर रात देखने को मिला, जब मुरादाबाद-आगरा हाईवे पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में महिला समेत चार लोगों की मौत हो गई। हादसा बहजोई कोतवाली क्षेत्र के खजरा गांव के पास हुआ, जहां तेज रफ्तार आयशर कंटेनर ट्रक ने एक ही बाइक पर सवार चार लोगों को रौंद दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी मृतक बहजोई से अपने गांव कमालपुर लौट रहे थे। देर रात हाईवे पर घना कोहरा छाया हुआ था, जिससे दृश्यता बेहद कम थी। इसी दौरान तेज रफ्तार आयशर कंटेनर ट्रक अनियंत्रित होकर बाइक से टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और चारों सवार सड़क पर दूर जा गिरे। हादसे के बाद ट्रक सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकराया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल बहजोई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने सभी को मृत घोषित कर दिया। बहजोई थाना प्रभारी संत कुमार ने बताया कि मृतकों की पहचान सुरेश पुत्र ओम प्रकाश (35), उनकी पत्नी विमलेश (30), पुत्र प्रतीक (15) तथा संजय पुत्र कुंवरपाल (40) के रूप में हुई है। सभी कमालपुर गांव, थाना बहजोई के निवासी बताए जा रहे हैं। हादसे में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत होने से गांव में शोक का माहौल है।

इस दुर्घटना में ट्रक चालक भी घायल हो गया, जो टक्कर के बाद ट्रक में फंस गया था। पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से उसे बाहर निकालकर उपचार के लिए भेजा गया। पुलिस ने चारों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा मामले की जांच की जा रही है।

# क्लस्टर आधारित हथकरघा और हस्तशिल्प विकास

केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री श्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने आज नागालैंड के मुख्यमंत्री श्री नेफियू रियो द्वारा बुलाई गई हथकरघा एवं हस्तशिल्प संबंधी उच्च स्तरीय कार्य बल की बैठक में भाग लिया। बैठक में केंद्रीय पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास राज्य मंत्री डॉ. सुकांत मजूमदार; असम की खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्रीमती नंदिता गालोर्सा; मिजोरम के वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री श्री एफ. रोडिंगलियाना; पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास सचिव और मणिपुर सरकार तथा वस्त्र मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक में हथकरघा और हस्तशिल्प विकास के लिए क्लस्टर-आधारित दृष्टिकोण पर चर्चा हुई। इसका उद्देश्य संपूर्ण मूल्य श्रृंखला सुदृढ़ करना और बुनकरों/शिल्पियों के लिए सतत और लाभकारी आजीविका सुनिश्चित करना है। यह दृष्टिकोण कुशल कारीगरों को प्रशिक्षण द्वारा कौशल उन्नयन, गुणवत्ता परीक्षण और प्रमाणीकरण, दीर्घकाल तक कायम रहने वाले प्राकृतिक रेशों और प्राकृतिक रंगों को बढ़ावा देने तथा घरेलू और निर्यात बाजारों के लिए ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों के साथ उन्हें जोड़ने पर केंद्रित है।

श्री सिंधिया ने इस पर जोर दिया कि वस्त्र मंत्रालय को हथकरघा और हस्तशिल्प के क्षेत्र में पहल करते हुए एक हथकरघा-एक हस्तशिल्प उत्पाद से शुरूआत कर स्पष्ट ढांचा विकसित करना चाहिए और इसे सफलतापूर्वक प्रदर्शित करना चाहिए। केन्द्रित क्षेत्रों की पहचान के बाद हथकरघा या हस्तशिल्प समूहों के भीतर प्रतिभाशाली कारीगरों की पहचान से शुरूआत करने पर चर्चा हुई। बाजार की मांग अनुरूप ही मूल्य श्रृंखला और उत्पादन श्रृंखला स्थापित करने पर बल दिया गया। इस बात की भी चर्चा हुई कि हथकरघा और हस्तशिल्प को बढ़ावा देने की रणनीति में अंतिम उत्पाद स्तर पर उत्पाद विभेदीकरण होना चाहिए, जो तभी संभव है जब बाजार और खरीदार भी मूल्य श्रृंखला में शामिल किए जाएं। मौजूदा स्थिति से आगे बढ़ते हुए लक्षित परिणाम हासिल करने के लिए पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय, वस्त्र मंत्रालय, राज्य सरकारों और निजी पक्षों सहित सभी हितधारकों से जरूरी पहल करने की आवश्यकता पर बल दिया गया।

चर्चा में जमीनी स्तर पर मार्गदर्शन के महत्तव को भी रेखांकित किया गया, जिसमें क्लस्टर स्तर पर एक हथकरघा और हस्तशिल्प विशेषज्ञ तैनात करने और बाजार आवश्यकता अनुरूप के विक्रेता के एक प्रतिनिधि की जमीनी स्तर पर उपस्थिति का प्रस्ताव दिया गया।

# एमआईसीई पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय शहरों में कन्वेंशन प्रमोशन ब्यूरो की स्थापना करेगा



भारत सरकार का केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय, देश के मीटिंग्स, इंसेंटिव, कन्वेंशन और एग्जीबिशन (एमआईसीई) टूरिज्म इकोसिस्टम को बड़े पैमाने पर बढ़ावा देने के लिए, वर्ष 2026 से हितधारकों के साथ साझेदारी में स्वतंत्र निकायों के रूप में शहरों में कन्वेंशन प्रमोशन ब्यूरो स्थापित करने की तैयारी कर रहा है।

यह बात पर्यटन मंत्रालय के अपर सचिव और महानिदेशक श्री सुमन बिल्ला ने आज नई दिल्ली में इंडियन एक्जीबिशन इंडस्ट्री एसोसिएशन (आईईआईए) द्वारा आयोजित आईईआईए इवेंट-टेक और मारटेक समिट 2025 के उद्घाटन के दौरान कही।

सभा को संबोधित करते हुए श्री बिल्ला ने कहा कि भारत के विभिन्न राज्य अपने अनूठे तरीकों से पर्यटन के अवसरों को खोल रहे हैं और अब भारत को वैश्विक एमआईसीई मैप पर प्रमुखता से स्थापित करने का समय आ गया है।

उन्होंने कहा कि भारत मंडपम, यशोभूमि और जियो वर्ल्ड सेंटर जैसे आइकॉनिक वेन्यू उपलब्ध होने और इन्क्रेडिबल इंडिया कैंपेन के तहत एमआईसीई पर्यटन को प्राथमिकता दिए जाने के साथ, हमारा उद्देश्य कई भारतीय शहरों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी एमआईसीई डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करना है।

संस्थानिक सुधारों के महत्व पर जोर देते हुए, श्री बिल्ला ने कहा कि प्रोफेशनल सिटी एमआईसीई ब्यूरो की स्थापना भारत की नेशनल एमआईसीई रणनीति का आधार स्तंभ बनेगी। ये ब्यूरो स्वायत्त संस्थानों के रूप में कार्य करेंगे, जो वैश्विक आयोजनों के लिए आवश्यक समन्वित और विश्व स्तरीय सहायता प्रदान करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि अनुमतियों और स्थानीय भागीदारों के नेटवर्किंग के लिए एक एकल सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य करते हुए, इस ढांचे का लक्ष्य अगले पांच वर्षों के भीतर वैश्विक नेशनल बाजार में भारत की हिस्सेदारी को दोगुना करना है।

प्रौद्योगिकी की भूमिका पर जोर देते हुए, श्री बिल्ला ने कहा कि राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के बड़े आयोजनों की योजना, मैनेजमेंट और डिलीवरी को नए सिरे से परिभाषित करने के लिए एमआईसीई क्षेत्र को उन्नत कंप्यूटिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल परिवर्तन समाधानों को सक्रिय रूप से अपनाना चाहिए।

उन्होंने उल्लेख किया कि अपने प्रमुख आयोजन स्थलों में स्मार्ट तकनीकों को एकीकृत करके, प्रेडिक्टिव इनसाइट्स जेनरेट करके और पूरे इकोसिस्टम में डिजिटल तौर-तरीकों को तेजी से अपनाकर, भारत एक भविष्य के लिए तैयार प्रदर्शनी और इवेंट गंतव्य के रूप में मजबूती से स्थापित होगा।

इस अवसर पर बोलते हुए, इंडियन एक्जीबिशन इंडस्ट्री एसोसिएशन (आईईआईए) के अध्यक्ष, श्री सोराज धवन ने कहा कि आईईआईए भारत को दुनिया के शीर्ष पांच एग्जीबिशन मार्केट में शामिल करने के लिए एक परिवर्तनकारी रोडमैप पर काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 में 49.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य का भारत का एमआईसीई बाजार, 2030 तक बढ़कर 103.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है। उन्होंने आगे कहा कि इस वृद्धि को हासिल करने के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल पर आधारित प्रोफेशनल सिटी एमआईसीई ब्यूरो की स्थापना की राष्ट्रीय रणनीति अत्यंत महत्वपूर्ण है। ये ब्यूरो इवेंट आयोजकों के लिए सिंगल विंडो के रूप में कार्य करेंगे, जिससे व्यवसाय करने में सुगमता में सुधार होगा और इस क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही इकोसिस्टम की समस्या का समाधान होगा।

श्री धवन ने आगे कहा कि सिटी एमआईसीई ब्यूरो स्थानीय भागीदारों और प्रोफेशनल सहायता का एक वेरिफाइड नेटवर्क प्रदान करके अंतरराष्ट्रीय आयोजकों के लिए मार्केट में एंट्री के जोखिम को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि यह प्रोफेशनलिज्म और प्रदर्शनी आयोजन के लिए बीआईएस मानकों को अपनाना, भारत में बड़े अंतरराष्ट्रीय आयोजनों की मेजबानी के लिए निरंतर गुणवत्ता और वैश्विक विश्वसनीयता सुनिश्चित करेगा।

इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण अगले पांच वर्षों के लिए भारतीय एमआईसीई उद्योग का रोडमैप विषय पर आयोजित एक गोलमेज शिखर सम्मेलन था। इसके साथ ही, आईईआईए की रणनीतिक रिपोर्ट "इंडिया एमआईसीई अपॉर्चुनिटीज ओवरव्यू (2025-2030)" का आधिकारिक विमोचन भी किया गया। यह रिपोर्ट वैश्विक एमआईसीई क्षेत्र में भारत के नेतृत्व को मजबूत करने के लिए संस्थानिक सहायता और प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने हेतु एक व्यापक रूपरेखा प्रस्तुत करती है।

इंडियन एक्जीबिशन इंडस्ट्री एसोसिएशन (आईईआईए) एक राष्ट्रीय शीर्ष निकाय है, जो प्रदर्शनी आयोजकों, आयोजन स्थल स्वामियों और सेवा प्रदाताओं का प्रतिनिधित्व करता है। आईईआईए "भारतीय व्यापार मेलों के प्रवेश द्वार" के रूप में कार्य करता है, जो प्रदर्शनी उद्योग को आर्थिक विकास के एक प्रमुख इंजन के रूप में आगे बढ़ा रहा है।

# सुशासन सप्ताह 2025 का शुभारंभ; जमीनी स्तर पर जागरूकता फैलाने के लिए 'प्रशासन गांव की ओर' पहल का आयोजन

प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग (डीएआरपीजी) ने 19 से 25 दिसंबर तक मनाए जाने वाले सुशासन सप्ताह 2025 का शुभारंभ किया। डीएआरपीजी की सचिव रचना शाह ने आज राष्ट्रव्यापी 'प्रशासन गांव की ओर' अभियान के लिए दिशानिर्देश जारी किए। इस शुभारंभ के साथ ही एक सप्ताह तक चलने वाले प्रशासनिक अभियान की शुरूआत हुई है, जिसका उद्देश्य जमीनी स्तर पर सेवाओं के कार्यान्वयन पर विशेष ध्यान देते हुए नागरिक-केंद्रित शासन को मजबूत करना है।

शुभारंभ समारोह को संबोधित करते हुए सचिव रचना शाह ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती (25 दिसंबर) के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष मनाया जाने वाला सुशासन सप्ताह, वर्षों से एक स्मृति उत्सव से विकसित होकर एक केंद्रित और कार्य-उन्मुख शासन पहल बन चुका है। उन्होंने कहा कि सुशासन केवल नीतियों और संस्थागत ढांचों में ही नहीं, बल्कि इस बात में भी परिलक्षित होता है कि सार्वजनिक सेवाएं नागरिकों तक कितनी प्रभावी ढंग से पहुंचती हैं और शिकायतों का कितनी तत्परता से समाधान किया जाता है।

'प्रशासन गांव की ओर' पहल सुशासन सप्ताह अभियान का मुख्य आधार बनी हुई है, यह शिकायत निवारण और जनसेवा वितरण में जिला प्रशासनों की अग्रणी भूमिका को दशार्ती है। दिशा-निदेर्शों के अनुसार, देशभर के जिला कलेक्टर तहसील, ब्लॉक और पंचायत स्तर पर विशेष शिविरों का आयोजन करेंगे, जिससे अधिकारियों और नागरिकों के बीच सीधा संवाद स्थापित हो सकेगा और शिकायतों का मौके पर ही समाधान हो सकेगा, साथ ही जनसेवाओं का बेहतर वितरण सुनिश्चित होगा। यह अभियान दो चरणों में संचालित जा रहा है इनमें पहला चरण 11 से 18 दिसंबर तक तैयारी के लिए और दूसरा चरण 19 से 25 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह के दौरान कार्यान्वयन के लिए है।

कार्यान्वयन चरण के दौरान, जिले विशेष शिविरों, सीपीग्राम और राज्य शिकायत पोर्टलों के माध्यम से हल की गई शिकायतों, सेवा वितरण आवेदनों के निपटान, ऑनलाइन सेवाओं के विस्तार और सुशासन प्रथाओं के दस्तावेजीकरण सहित प्रमुख मापदंडों पर दैनिक प्रगति रिपोर्ट करेंगे। तैयारी चरण के तहत, जिला कलेक्टरों और जिला मजिस्ट्रेटों ने अभियान पोर्टल पर शिकायत निवारण, सेवा वितरण और शासन संबंधी पहलों से संबंधित जिला स्तरीय डेटा अपलोड करना शुरू कर दिया है। अभियान अवधि की शुरूआत तक सीपीग्राम और राज्य शिकायत पोर्टलों के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का सप्ताह के दौरान समयबद्ध समाधान किया जा रहा है।

सुशासन सप्ताह 2025 की तैयारियों के दौरान, राज्यों और जिलों ने उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। 17 दिसंबर, 2025 तक की दैनिक प्रगति रिपोर्ट के अनुसार, राज्य शिकायत पोर्टलों के माध्यम से कुल 2,11,098 शिकायतों का निवारण किया गया है, जबकि सहभागी जिलों में 21,71,179 सेवा वितरण आवेदनों का निपटारा किया गया है। इसके अतिरिक्त, जिला स्तर पर 330 कार्यशालाएं और शिकायत निवारण शिविर आयोजित किए गए हैं। तैयारियों के चरण में 137 सुशासन प्रथाओं और सार्वजनिक शिकायत निवारण से संबंधित 21 दस्तावेजित सफलता की गाथाओं की पहचान भी हुई है, जिन्हें अभियान के दौरान व्यापक रूप से प्रसारित किया जाएगा।

अभियान के अगले चरण के रूप में, 23 दिसंबर, 2025 को सभी जिलों में जिला स्तरीय प्रसार कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यशालाओं में जिला-100 के विषय पर चर्चा, पिछले पांच वर्षों में कार्यान्वित की गई कम से कम तीन सुशासन पहलों की प्रस्तुति और नागरिकों, शिक्षाविदों और जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ संवाद पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। कार्यशालाओं में जिला प्रशासनों द्वारा प्रस्तुतियाँ, स्थानीय नवाचारों पर चर्चा, प्रश्नोत्तर सत्र और अभियान पोर्टल पर साझा करने के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं का दस्तावेजीकरण शामिल होगा।

पूर्व संस्करणों के परिणामों का उल्लेख करते हुए सचिव ने बताया कि सुशासन सप्ताह 2024 के दौरान देशभर में 18 लाख से अधिक जन शिकायतों का निपटारा किया गया और लगभग तीन करोड़ सेवा वितरण आवेदनों पर कार्रवाई की गई। इसके साथ ही एक हजार से अधिक सुशासन प्रथाओं और सैकड़ों नवाचार-आधारित सफलताओं का दस्तावेजीकरण भी किया गया। उन्होंने कहा कि ये परिणाम जमीनी स्तर पर प्रशासनिक जवाबदेही में सुधार को दशार्ते हैं।

सचिव ने जिला प्रशासनों से अभियान को मिशन की तरह चलाने का आग्रह करते हुए स्पष्ट और मापने योग्य परिणामों की मांग की। उन्होंने कहा कि राज्यों और जिलों की निरंतर भागीदारी यह सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण होगी कि अभियान से नागरिकों को ठोस लाभ प्राप्त हों।

शिकायत निवारण, सेवा वितरण और नवाचारों के दस्तावेजीकरण में शुरूआती गति पहले से ही दिखाई दे रही है, अधिकारियों ने कहा कि सुशासन सप्ताह 2025 से विश्वास-आधारित और समावेशी शासन को और मजबूत करने की आशा है, जिससे देश भर में दैनिक प्रशासनिक प्रथाओं में जवाबदेही और उत्तरदायित्व को शामिल करने के प्रयासों को बल मिलेगा।

महाराष्ट्र सरकार के मुख्य सचिव ने संबोधित किया, जबकि बिहार सरकार के मुख्य सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभा को संबोधित किया। देश के विभिन्न हिस्सों के जिला प्रशासनों ने भी वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए इस अभियान में भाग लिया, जो इस अभियान के प्रति राष्ट्रव्यापी भागीदारी को दशार्ता है। अतिरिक्त सचिव पुनीत यादव ने कार्यक्रम का समन्वय और प्रबंधन किया और अपने संबोधन में सभी उपस्थित अधिकारियों से 'प्रशासन गांव की ओर' पहल में सक्रिय रूप से भाग लेने और सुशासन सप्ताह अभियान के सफल कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए सामूहिक रूप से काम करने का आग्रह किया।

# संसद का शीतकालीन सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

संसद का शीतकालीन सत्र, 2025 सोमवार, 1 दिसंबर, 2025 को शुरू हुआ था। यह सत्र शुक्रवार, 19 दिसंबर, 2025 को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया है। सत्र में 19 दिनों के दौरान 15 बैठकें हुईं।

सत्र के दौरान, लोकसभा में 10 विधेयक पेश किए गए और उनमें से 8 विधेयक लोकसभा द्वारा पारित किए गए, साथ ही राज्यसभा द्वारा भी 8 विधेयक पारित किए गए। इस प्रकार संसद के दोनों सदनों द्वारा कुल 8 विधेयक पारित किए गए।

राष्ट्र गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में लोकसभा में 8 दिसंबर और राज्यसभा में 9, 10 और 11 दिसंबर 2025 को विशेष चर्चा आयोजित की गई। लोकसभा में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने इस चर्चा का शुभारंभ किया। इस चर्चा में 65 सदस्यों ने भाग लिया और सदन 11 घंटे 32 मिनट तक चला। राज्यसभा में केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने चर्चा का शुभारंभ किया। 81 सदस्यों ने चर्चा में भाग लिया और सदन के नेता (राज्यसभा) के भाषण के साथ इसका समापन हुआ। इस चर्चा में सदन कुल 12 घंटे 49 मिनट तक चला।

इसके अतिरिक्त, लोकसभा में 9 और 10 दिसंबर तथा राज्यसभा में 11, 15 और 16 दिसंबर 2025 को चुनाव सुधारों पर चर्चा हुई। केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने लोकसभा में चर्चा का समापन किया। चर्चा में 62 सदस्यों ने भाग लिया। इस दौरान सदन 12 घंटे 59 मिनट तक चला। राज्यसभा में सदन के नेता ने चर्चा का समापन किया। चर्चा में 57 सदस्यों ने भाग लिया। सदन में यह चर्चा कुल 10 घंटे 37 मिनट तक चली।

वर्ष 2025-26 के लिए अनुदान की पूरक मांगों के पहले बैच पर पूर्ण रूप से चर्चा और मतदान हुआ तथा संबंधित विनियोग विधेयक को लोकसभा में 15.12.2025 को प्रस्तुत किया गया, विचार किया गया और पारित किया गया तथा राज्यसभा ने इसे 16.12.2025 को पारित कर वापस लोकसभा को भेज दिया।

राष्ट्रपति द्वारा मानसून सत्र 2025 के बाद जारी किए गए अध्यादेश, मणिपुर वस्तु और सेवा कर (द्वितीय संशोधन) अध्यादेश, 2025 (संख्या 2 वर्ष 2025) के स्थान पर एक विधेयक पर संसद के दोनों सदनों में इस सत्र के दौरान विचार किया गया और उसे पारित किया गया।

मणिपुर राज्य में जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) संशोधन अधिनियम 2024 को अपनाने संबंधी वैधानिक प्रस्ताव को राज्यसभा में 3.12.2025 को स्वीकृत किया गया।

विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक, 2025 को लोकसभा में प्रस्तुत किए जाने के बाद संसद के दोनों सदनों की संयुक्त समिति को भेजा गया।

# ऊर्जा स्वतंत्रता, आत्मनिर्भरता और भू-राजनीतिक अनुकूलता के अनुरूप: डॉ. जितेंद्र सिंह

केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी एवं पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि ऊर्जा स्वतंत्रता अब विकल्प का विषय नहीं बल्कि एक आर्थिक, रणनीतिक और भूराजनीतिक आवश्यकता है। उन्होंने आगे कहा कि स्वच्छ और विविध ऊर्जा स्त्रोतों की ओर भारत का संक्रमण आत्मनिर्भरता और भूराजनीतिक अनुकूलता, आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना और भारत की बढ़ती वैश्विक भूमिका के साथ अटूट रूप से जुड़ा हुआ है। दिल्ली में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि हरित और स्वच्छ ऊर्जा को अपनाने पर होने वाली बहसें अब निरर्थक हो गई हैं, क्योंकि आज वैश्विक स्तर पर यह सर्वमान्य है कि सतत विकास, आर्थिक मजबूती और भू-राजनीतिक अनुकूलता के लिए ऊर्जा परिवर्तन आवश्यक है। उन्होंने कहा, "यदि भारत को आगे बढ़ना है, तो इसके अलावा कोई विकल्प नहीं है।" डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि जीवाश्म ईंधन के आयात पर निर्भरता कम करने से न केवल आत्मनिर्भरता मजबूत होती है, बल्कि भारत अपरिहार्य वैश्विक बदलाव के लिए भी तैयार होता है, क्योंकि पारंपरिक ऊर्जा निर्यातक देश स्वयं तेजी से अपने ऊर्जा पोर्टफोलियो में विविधता ला रहे हैं। उन्होंने कहा, पुराने ऊर्जा मॉडलों पर टिके रहना पुरानी तकनीक से भावनात्मक रूप से चिपके रहने जैसा है, कल तो उसके पुर्जे भी नहीं मिलेंगे।

वैश्विक मंच पर भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा पर प्रकाश डालते हुए मंत्री ने कहा कि देश अब निष्क्रिय भागीदार नहीं है, बल्कि जलवायु परिवर्तन, स्वच्छ ऊर्जा और उन्नत प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा, ॒भारत अब वैश्विक रुझानों का अनुसरण नहीं कर रहा है; आज अन्य राष्ट्र मार्गदर्शन के लिए भारत की ओर देख रहे हैं। उन्होंने अंतरिक्ष अन्वेषण और जैव प्रौद्योगिकी के उदाहरण देते हुए बताया कि कैसे भारतीय नवाचार वैश्विक समुदाय को लाभ पहुंचा रहा है।



# नारियल का तेल जुओं को खत्म करने में उपयोगी

**आयुर्वेद के अनुसार नारियल का तेल जुओं को खत्म करने में उपयोगी है। यह तेल न केवल सिर की त्वचा को पोषण देता है, बल्कि बालों को टूटने से भी बचाता है। जब इसमें कपूर मिलाया जाता है, तो यह मिश्रण प्राकृतिक कीटनाशक की तरह काम करता है। कपूर में मौजूद एंटीसेप्टिक और एंटीपैरासिटिक गुण जुओं और उनके अंडों को नष्ट करने में मदद करते हैं।**

इस उपाय के लिए नारियल तेल की एक कटोरी में 2-3 टुकड़े कपूर घोलकर रात को सोने से पहले बालों की जड़ों में लगाना चाहिए। मालिश के बाद सिर को कपड़े से ढककर सोना और सुबह शैम्पू से धोना लाभकारी माना जाता है। कुछ ही दिनों में इसके सकारात्मक परिणाम दिखने लगते हैं। सिरका भी एक कारगर विकल्प है। हल्के गुनगुने पानी में दो चम्मच सफेद सिरका या एप्पल साइडर विनेगर मिलाकर सिर धोने से जुओं और लीखों की पकड़ ढीली पड़ जाती है और वे आसानी से हटने लगती हैं।





यह उपाय खासतौर पर उन लोगों के लिए उपयोगी है जो रसायनों से बचना चाहते हैं। इसी तरह नींबू का रस भी प्राकृतिक उपचार के रूप में काम करता है। इसे नारियल तेल में मिलाकर लगाने से इसका असर और बढ़ जाता है। नींबू में मौजूद साइट्रिक एसिड जुओं की त्वचा को नुकसान पहुंचाकर उन्हें नष्ट करता है। साथ ही यह स्कैल्प की सफाई करता है और डैंड्रफ जैसी समस्याओं से भी राहत देता है। कुछ लोग पेट्रोलियम जेली का भी इस्तेमाल करते हैं। यह जुओं की सांस रोक देती है और उनके जीवन चक्र को खत्म करती है। हालांकि, इसका इस्तेमाल बालों में काफी चिपचिपापन पैदा करता है और धोने में कठिनाई हो सकती है। विशेषज्ञ मानते हैं कि इन प्राकृतिक उपायों को नियमित रूप से अपनाने से जुओं से छुटकारा मिल सकता है और स्कैल्प भी स्वस्थ रहता है।

बता दें कि सिर में अचानक खुजली बढ़ना अक्सर रूसी के साथ-साथ जुओं की मौजूदगी का संकेत भी हो सकता है। यह समस्या न केवल असुविधा और परेशानी पैदा करती है बल्कि कई बार सामाजिक स्थितियों में शर्मिंदगी का कारण भी बन जाती है। जूं बालों में अंडे देती हैं, जिन्हें लीख कहा जाता है। ये लीखें इतनी मजबूती से चिपकी होती हैं कि सामान्य पानी या कंघी से आसानी से नहीं हटतीं। ऐसे में कई लोग रासायनिक उत्पादों का सहारा लेते हैं, लेकिन आयुर्वेद और घरेलू नुस्खे भी इसमें प्रभावी साबित हो सकते हैं।

# मूड पर नकारात्मक असर पड़ता है मौसम में बदलाव का

**सितंबर से दिसंबर के बीच मौसम में बदलाव के साथ पेड़ों से पत्ते झड़ने लगते हैं। मौसम बदलने का असर इंसानी मनोभावों पर भी देखने को मिलता है। शरद ऋतु का आगमन गर्मी से सर्दी की ओर बढ़ने का संकेत देता है। वैज्ञानिक शोध बताते हैं कि इस दौरान कई लोगों के मूड पर नकारात्मक असर पड़ता है।**

दिन छोटे और रातें लंबी होने के साथ ही थकान, नींद की गड़बड़ी और उदासी महसूस होना आम हो जाता है। इस स्थिति को विज्ञान की भाषा में सीजनल अफेक्टिव डिसऑर्डर (एसएडी) कहा जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार, मौसम बदलने पर धूप की कमी से दिमाग में सेरोटोनिन नामक न्यूरोट्रांसमीटर घटने लगता है। यह हार्मोन मूड को नियंत्रित करने में अहम भूमिका निभाता है। वहीं अंधेरा और ठंड बढ़ने पर शरीर में मेलाटोनिन हार्मोन का स्तर बढ़ जाता है, जिससे नींद अधिक आती है और ऊर्जा घट जाती है।





इस बदलाव से शरीर की सर्केडियन रिद्म भी बिगड़ जाती है, जिससे नींद और जागने का प्राकृतिक पैटर्न प्रभावित होता है। अध्ययन बताते हैं कि उत्तरी और पहाड़ी इलाकों में रहने वाले लोगों पर सैड का प्रभाव अधिक होता है क्योंकि वहां धूप का समय सीमित होता है। महिलाओं और 18 से 30 वर्ष के युवाओं में इसके मामले ज्यादा पाए जाते हैं। एक अध्ययन में खुलासा हुआ था कि अर्बन इंडिया में 12 से 15 प्रतिशत लोग हल्के या गंभीर मौसमी डिप्रेशन का सामना करते हैं। इसके लक्षण पहचानना अपेक्षाकृत आसान है।

लगातार थकान रहना, अधिक नींद आना, उदासी और चिड़चिड़ापन, काम में रुचि कम होना, ज्यादा मीठा और कार्बोहाइड्रेट खाने की इच्छा, तथा सामाजिक गतिविधियों से दूरी बनाना सैड के प्रमुख संकेत माने जाते हैं। कई देशों में लाइट थेरेपी का उपयोग किया जाता है, जिसमें विशेष लाइट बॉक्स का इस्तेमाल प्राकृतिक धूप जैसी रोशनी देने के लिए किया जाता है। संतुलित आहार और नियमित व्यायाम भी इस समस्या को कम कर सकते हैं। ताजे फल-सब्जियां और ओमेगा-3 युक्त भोजन मूड को बेहतर बनाने में मददगार हैं। यदि लक्षण लगातार बने रहें तो मनोचिकित्सक से परामर्श लेना आवश्यक है। विशेषज्ञों का कहना है कि इससे बचाव के लिए कुछ साधारण उपाय कारगर साबित हो सकते हैं। रोजाना कम से कम 20 से 30 मिनट धूप में समय बिताना सबसे प्रभावी तरीका है।